VPL

वर्ष 10 अंक 317
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
25 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 विट्ठलभाई पटेल ने भारत को लोकतंत्र की जननी बनाने नींव डाली: रेखा गुप्ता
06 आखरि आती कहाँ से है इतनी हिंसा बच्चों में? - ऋषभदेव शर्मा
11 चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया







"मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है!"



Saurabh Shivhare




SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


# भारत आज दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकालने की स्थिति में है: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ''सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन'' के मंत्र से प्रेरित होकर भारत दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकालने में मदद करने की स्थिति में है।

'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है।



मोदी ने कहा कि सुधार उनकी सरकार के लिए प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का विषय है। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रक्रिया, जो कानून को सरल बनाने का प्रयास करती है, इस दिवाली से पहले पूरी हो जाएगी, जिससे कीमतें कम हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''जो हासिल हो चुका है, उससे संतुष्ट होना मेरे स्वभाव में नहीं है। यही दृष्टिकोण हमारे सुधारों का मार्गदर्शन करता है।'' मोदी ने कहा, ''हमारे लिए सुधार कोई मजबूरी नहीं है बल्कि यह प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का विषय है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार व्यापक नये सुधार लाने जा रही है। उन्होंने कहा, ''अगली पीढ़ी के इन सुधारों से भारत में विनिर्माण बढ़ेगा, बाजार में मांग बढ़ेगी, उद्योग को नयी गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और जीवन सुगमता तथा व्यापार सुगमता दोनों में सुधार होगा।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के व्यवधान के बावजूद संसद के हालिया संपन्न मानसून सत्र के दौरान सुधारों को जारी रखा। उन्होंने कहा, ''रिफॉर्म (सुधार), परफॉर्म (प्रदर्शन), ट्रांसफॉर्म (परिवर्तन) के मंत्र पर चल रहा भारत आज उस स्थिति में है कि वह दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकाल सकता है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की अर्थव्यवस्था की ताकत का एहसास किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया की 'ग्रोथ' में भारत का योगदान बहुत जल्द लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि और लचीलापन पिछले दशक में भारत द्वारा हासिल की गई व्यापक आर्थिक स्थिरता के कारण है। आज, राजकोषीय घाटा घटकर 4.4 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है।

## सरकार का ध्यान रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित करने पर: मोदी

अहमदाबाद, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार का ध्यान युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित करने पर है। मोदी ने अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित करते हुए युवाओं से स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के देश के प्रयासों का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा, "हमने 'स्किल इंडिया मिशन' शुरू किया, जिसके तहत करोड़ों युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में कुशल जनशक्ति के रूप में तैयार किया जा रहा है। आज दुनिया का एक बड़ा हिस्सा उम्र बढ़ने की समस्या में फंसा हुआ है; उन्हें युवाओं की जरूरत है और भारत में दुनिया को युवा देने की क्षमता है।"

# बिहार में 'इंडिया' के घटक दल एकजुट होकर काम कर रहे, सार्थक चुनाव पारिणाम मिलेंगे: राहुल

**अररिया,** (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सभी घटक दल आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं और इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अररिया में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनाव के लिए 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। गांधी ने कहा, '' 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दल वैचारिक और राजनीतिक रूप से एकजुट होकर काम कर रहे हैं और सार्थक परिणाम मिलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं इसे 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच एक अच्छी साझेदारी कहता हूं।''

केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि पूर्वी राज्य बिहार में मतदाता सूची का जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 'भाजपा की मदद के लिए वोट चुराने का निर्वाचन आयोग का एक संस्थागत प्रयास' है।

उन्होंने कहा, ?हम निर्वाचन आयोग को बिहार में वोट नहीं चुराने देंगे। निर्वाचन आयोग भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में वोट चुराकर भाजपा की मदद करने का एक संस्थागत प्रयास है।''

गांधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग भाजपा के लिए काम करते हुए पूरी तरह बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा, ''जब मैंने हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में मतदाता सूची तैयार करने में हुई अनियमितताओं और फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के बारे में निर्वाचन आयोग को बताया, तो निर्वाचन आयोग ने मुझसे इस मुद्दे पर एक हलफनामा मांगा। लेकिन जब सत्तारूढ़ दल के अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में यही बात कही, तो आयोग ने उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा। इससे पता चलता है कि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं है।''

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के पक्षपातपूर्ण व्यवहार को बदलने की जरूरत है।

# राजनीतिक लाभ लेने के लिए सदन में विरोध करना देश हित में ठीक नहीं : अमित शाह

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं है।



शाह ने यह टिप्पणी 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करते हुए की। इससे तीन दिन पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बाद बार-बार व्यवधान और स्थगन के कारण बहुत कम कामकाज हो पाया। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित चर्चा-परिचर्चा होती है, तो राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र में चर्चा-परिचर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सदन को चलने न दिया जाए, यह ठीक नहीं है।"

शाह ने कहा, ''विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। विरोध जताने के नाम पर अगर सदन को दिन-प्रतिदिन या सत्र-दर-सत्र चलने नहीं दिया जाएगा, तो यह ठीक नहीं है। देश को इस पर विचार करना होगा, लोगों को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा।''

शाह ने कहा कि सभी परिचर्चाओं में कुछ न कुछ सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा व सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें जनता के मुद्दों को उठाने को लेकर एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के तर्क निष्पक्ष होने चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन का संचालन संबंधित सदन के नियमों और विनियमों के अनुसार हो।'' हस्तिनापुर में महाभारत की पात्र द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है,

# जम्मू-कश्मीर: पेपर लीक के आरोपों के बाद एसएसबी परीक्षा रद्द की गई

**श्रीनगर,** (भाषा) जम्मू-कश्मीर में रविवार को एक भर्ती परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया। राजनीतिक दलों ने इस घटनाक्रम को लेकर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर युवाओं का ''भविष्य बर्बाद'' करने का आरोप लगाया।

जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) ने लिखित परीक्षा रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह परीक्षा नये सिरे से आयोजित की जाएगी। जेकेएसएसबी ने एक आदेश में कहा, "ओएमआर-आधारित लिखित परीक्षा रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से जम्मू और श्रीनगर के 35 परीक्षा स्थलों पर आयोजित होनी थी। हालांकि, मौसम संबंधी आपात स्थितियों के कारण, समय बदलकर दोपहर 12 बजे कर दिया गया। परीक्षा 34 स्थलों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई, लेकिन एक स्थल पर आयोजित नहीं की जा सकी।"

आदेश में कहा गया है, "इस वजह से, बोर्ड ने 24 अगस्त को बिजली विकास विभाग के जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) पदों के लिए आयोजित ओएमआर-आधारित परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया है। परीक्षा नये सिरे से आयोजित की जाएगी।"

आदेश के मुताबिक, परीक्षा के लिए नयी तारीखों की घोषणा की जाएगी। इससे पहले, सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनमें कथित तौर पर कोठी बाग उच्च माध्यमिक स्कूल के परीक्षा हॉल के बाहर अभ्यर्थी जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) पदों के लिए हो रही परीक्षा के सवालों के जवाब देने की कोशिश करते दिखाई दे रहे थे। कई लोगों ने दावा किया कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर उपलब्ध था।

इसके बाद, सेंटर के बाहर जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गया। राजनीतिक दलों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि पेपर लीक जम्मू-कश्मीर के युवाओं के लिए एक "झटका" है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "किताबों पर प्रतिबंध लगाने और स्कूलों पर ताला लटकाने के बाद, सरकार द्वारा एसएसबी परीक्षा के प्रश्नपत्रों की बिक्री जम्मू-कश्मीर के युवाओं के लिए एक और झटका है। यह उस क्षेत्र के लिए तथाकथित 'युवा पैकेज' है, जहां 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है।"

# राजनाथ सिंह ने जम्मू के अस्पताल में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की

**जम्मू,** (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे कुछ पीड़ितों से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर गांव में हाल में बादल फटने की घटना को लेकर बहुत चिंतित हैं।



सिंह ने घायलों के उपचार पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी योजना बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने की थी लेकिन वह खराब मौसम और मार्ग में ताजा भूस्खलन के कारण उक्त दौरा नहीं कर पाये। रक्षा मंत्री सिंह के साथ केंद्रीय मंत्री एवं उधमपुर के सांसद जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे। दिल्ली से यहां पहुंचने के बाद रक्षा मंत्री सीधे अस्पताल पहुंचे और वहां इलाज करा रहे 16 लोगों से मुलाकात की। चिकित्सकों की एक टीम ने उन्हें मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

चौदह अगस्त को मचैल माता मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले गांव चिसोटी में बादल फटने से 65 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। तब से लापता 32 लोगों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

अस्पताल से राजभवन रवाना होने से पहले पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में सिंह ने कहा, ''प्रधानमंत्री बेहद चिंतित हैं और स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हैदराबाद: पति ने गर्भवती पत्नी की हत्या कर शव के कई टुकड़े कर नदी में फेंके

हैदराबाद, (भाषा) हैदराबाद के मेडिपल्ली इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पांच माह की गर्भवती पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद उसके शव के कई टुकड़े किए और फिर उन्हें मूसी नदी में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है जब पेशे से चालक आरोपी व्यक्ति (27) ने पारिवारिक विवाद के कारण अक्सर होने वाले झगड़े को लेकर अपनी 21 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी एक कैब कंपनी में वाहन चालक के रूप में कार्यरत था। मलकाजगिरि क्षेत्र की उपायुक्त पी. वी. पद्मजा ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए आरोपी ने हेक्सा ब्लेड से शव के टुकड़े कर दिए। उसने सिर, हाथ और पैर के हिस्से को प्रथापसिंगारम के पास मूसी नदी में फेंक दिया, जबकि धड़ को कमरे में ही छिपाकर रखा। डीसीपी ने बताया कि आरोपी ने शरीर के टुकड़ों को अलग-अलग प्लास्टिक की छोटी थैलियों में रखा और टुकड़ों को फेंकने के लिए तीन बार नदी के पास गया।

# निक्की हत्याकांड: हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे पति के पैर में गोली लगी, सास गिरफ्तार

**नोएडा,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए 26 वर्षीय निक्की की कथित तौर पर हत्या को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच पुलिस ने रविवार को उसकी सास को गिरफ्तार कर लिया, जबकि हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे उसके पति को पैर में गोली लग गई।



मृतका निक्की के परिजनों ने दावा किया कि 2016 में उसकी शादी के बाद से ही उसे 36 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था, जबकि उन्होंने निक्की के ससुराल वालों की स्कॉर्पियो वाहन और मोटरसाइकिल की मांग पूरी भी कर दी थी। इस घटना के विचलित करने वाले वीडियो और निक्की के बेटे तथा बहन की गवाही सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे आरोपी पति विपिन भाटी और एक अन्य महिला ने निक्की के साथ मारपीट की और उसके बाल पकड़कर घसीटा।

एक अन्य वीडियो क्लिप में निक्की को आग की लपटों से घिरे हुए और सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, और फिर वह गिर पड़ती है। अस्पताल ले जाते समय बृहस्पतिवार रात को निक्की की मौत हो गई थी।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार किए गए विपिन को पुलिस अपराह्न करीब डेढ़ बजे सबूत बरामद करने के लिए ले जा रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश की।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''विपिन का पीछा किया गया और पैर में गोली लगने के बाद उसे पकड़ लिया गया।''

आरोपी विपिन की मां दया (55) को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।


पीआरओ ने बताया कि दया घटना के बाद से फरार थी और पीड़ित परिवार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उसका नाम भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा के कासना पुलिस थाने में शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) (हत्या), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 61 (2) (आजीवन कारावास या अन्य के साथ दंडनीय अपराध करने का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि मामला 22 अगस्त को दर्ज किया गया।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने कहा, ''विपिन भाटी को ग्रेटर नोएडा में घटनास्थल से इस्तेमाल की गई ज्वलनशील पदार्थ की बोतल बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था, इसी बीच उसने उपनिरीक्षक की बंदूक छीन ली और भागने की कोशिश की। उसने पुलिस की टीम पर भी गोलियां चलाईं और आत्मरक्षा में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।'' पीड़िता के पिता भिखारी सिंह ने बताया कि उसकी दो बेटियों कंचन (29) और निक्की (26) की शादी 2016 में क्रमशः रोहित भाटी और विपिन भाटी से हुई थी।

भिखारी सिंह ने कहा, ''तब से वे दोनों बेटियों को प्रताड़ित कर रहे हैं और दहेज की मांग कर रहे हैं। उन्होंने एक स्कॉर्पियो कार मांगी, जो हमने उन्हें दे दी और फिर एक बुलेट मोटरसाइकिल मांगी, जो हमने उन्हें दे दी। उनकी मांगें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही थीं। और उसके बाद वे हमसे 36 लाख रुपये मांगने लगे।''

सिंह ने दावा किया कि विवाद को सुलझाने के लिए कई बार पंचायत आयोजित की गई, लेकिन सभी प्रयास व्यर्थ गए।

निक्की के पिता ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि परिवार के खिलाफ सख़्त कार्रवाई हो और एनकाउंटर हो। ये बाबा (योगी आदित्यनाथ) की सरकार है, इनके घर पर भी बुलडोजर चलवा देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम भूख हड़ताल पर बैठेंगे।''

# तुषार गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा में लिया भाग

## महागठबंधन नेताओं से की बातचीत, किसानों और कोशी मुद्दे पर चर्चा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कोशी,** बिहार में 'बदलो बिहार, बनाओ नई सरकार' यात्रा के दूसरे चरण के सातवें दिन तुषार गांधी, जो 'हम भारत के लोग' के राष्ट्रीय संयोजक और महात्मा गांधी के प्रपौत्र हैं, पूर्णिया से अररिया तक वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महागठबंधन के नेताओं से करीब दो घंटे बातचीत की और यात्रा के पहले और दूसरे चरण के अनुभव साझा किए।

बातचीत के दौरान तुषार गांधी ने कोशी के मुद्दों और कोशी नवनिर्माण मंच के प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और नेताओं से इसे हल करने की पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं को बिहार के किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने और मंडी व्यवस्था बहाल करने का ठोस आश्वासन देने की सलाह दी। इस पर कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी और मंडी व्यवस्था की बहाली को लेकर पार्टी पहले ही प्रतिबद्ध है।तुषार गांधी ने राजनीतिक दलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए लोकतंत्र और मतदाता पंजीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जहां भी गए, वहाँ 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे गूंजते रहे, और उन्हें महागठबंधन के नेताओं में वोट चोरी रोकने के लिए संकल्पित दृष्टि दिखाई दी। फिलिस्तीन में इजराइल द्वारा किए जा रहे अमरीका समर्थित नरसंहार के मुद्दे पर तुषार गांधी ने नेताओं को और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने और नागरिक समाज की पहल का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने राहुल गांधी से कहा कि पार्टी की ओर से फिलिस्तीनियों का समर्थन करने के लिए विशेष सेल बनाया जाना चाहिए। तुषार गांधी ने महागठबंधन के नेताओं को 29 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच वर्धा से नागपुर तक होने वाली संविधान सत्याग्रह यात्रा के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के लिए तैयार है और वोट चोरी के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा।



### बिहार में बदलाव की लहर, तुषार गांधी का संदेश

तुषार गांधी ने दोनों चरणों में 13 जिलों की यात्राओं के समर्थन को देखते हुए कहा कि बिहार की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और लोकतंत्र के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करेगी। उनकी यह यात्रा बिहार में राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने और वोटर अधिकारों के प्रति लोगों को सचेत करने का महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो रही है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो ने किया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन

## भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों पर चर्चा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

समारोह की थीम थी "आर्यभट्ट से गगनयान तक : प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं की ओर". मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री शंकर कोरंगा एवं विशिष्ट अतिथि मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर 'डब्बू' रहे। इस अवसर पर एरीज नैनीताल के वैज्ञानिक डॉ. मोहित जोशी एवं प्रोफेसर डॉ. नवल लोहनी ने विद्यार्थियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला सूचना अधिकारी श्रीमती प्रियंका जोशी ने कहा कि, ₹इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग तक वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय उपलब्धियों को पहुंचाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण, गायन और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में छाया, अब्दुल अहद, ओवैस, दिव्यांशी और अंकिता विजेता रहे।

एकल गीत प्रतियोगिता में आदित्य, योगिता, वैभव, विधि और कार्तिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

भाषण प्रतियोगिता में साक्षी, रिया, देवेश और योगिता को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि शंकर कोरंगा ने अपने संबोधन में कहा कि ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।₹ उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आनंद बिष्ट ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। संचालन श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने किया। शोभा चारक ने सीबीसी नैनीताल द्वारा बनाये गए स्वागत गीत पर विशेष प्रस्तुति दी। शर्मिष्ठा बिष्ट ने अपने गायन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

कुमाऊं सांस्कृतिक कला उत्थान समिति के कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# अनुज शर्मा जी के जन्मदिवस पर ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर, युवाओं में दिखा उत्साह



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नईदिल्ली,** महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा जी ने बताया कि आज महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट ने महाराजा अग्रसेन द्वार, वेस्ट ज्योति नगर, बाबरपुर, शाहदरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग रहा। इस रक्तदान शिविर में पचास यूनिट खून एकत्रित हुआ।

इस रक्तदान शिविर के बारे मे आगे बढ़ते हुए महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा जी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में हर रक्तदाता को प्रमाणपत्र देकर व साथ ही साथ भारत सरकार की मुहिम हर घर तिरंगा का आगे बढ़ाते हुए इस रक्तदान शिविर में हर रक्तदाता को एक तिरंगा सम्मान के रूप में भेंट करके इस मुहिम को आगे बढ़ाया। महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा जी ने बताया की इस रक्तदान शिविर में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सीए उमेश त्यागी जी व ट्रस्ट के कार्यकारणी सदस्य मदनलाल शर्मा जी और अशोक शर्मा जी उपस्थित रहे व सहयोग कर्ता के रूप में भारत सेवा चेरिटेबल ब्लड सेंटर, RWA वेस्ट ज्योति व नव ज्योति समुदाय सदन समिति का भरपूर सहयोग रहा।

### कम पानी पीने से तनाव संभालने में आ सकती है

**लिवरपूल (ब्रिटेन),** अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह हो सकता है: इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है।

# गुरु ग्रंथ साहिब विश्व बंधुत्व, अखंडता एवं एकता का अनुपम प्रतीक: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी, प्रकाश पर्व कर्तव्य और उत्तरदायित्व की पुकार का महोत्सव

*श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें*

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**ऋषिकेश,** परमार्थ निकेतन से श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व शुभकामनायें देते हुये स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अपने संदेश में कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अमर वाणी में मानवता, करुणा और सत्य का संदेश निरंतर गूंजता है। आज का दिन मानवता की एकता, प्रेम और सेवा का उत्सव है। इस पवित्र अवसर उन महान गुरुओं को नमन जिन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के रूप में समस्त मानव समाज को एक शाश्वत दिव्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी समूची मानवता के लिए शांति और समरसता का अद्भुत घोषणापत्र है। इसमें किसी जाति, धर्म या संप्रदाय का भेदभाव नहीं है। इसमें एक ही स्वर है "इक ओंकार सतनाम", अर्थात एक ही परमात्मा है, जो सत्य है, शाश्वत है और सबमें व्याप्त है। यह शिक्षा हमें बताती है कि सृष्टि की विविधता के बीच भी एकत्व ही वास्तविकता है।

गुरु वाणी हमें करुणा, प्रेम, सेवा, विनम्रता और न्याय का मार्ग दिखाती है। यह संदेश जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। आज जब दुनिया आतंक, युद्ध, जलवायु संकट, असमानता और स्वार्थ की आग से जूझ रही है, तब गुरु वाणी हमें शांति और समाधान का मार्ग दिखाती है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हमें याद दिलाते हैं कि सच्चा धर्म मानवता की सेवा में है।

आज हम पर्यावरण संकट देख रहे हैं, ऐसे में गुरु वाणी हमें प्रकृति को ईश्वर का रूप मानकर उसकी रक्षा करने की प्रेरणा देती है। यदि समाज में विभाजन और असमानता है, तो गुरु वाणी हमें सबको समान दृष्टि से देखने और भाईचारे को बढ़ाने का मार्ग दिखाती है।आज की पीढ़ी, जो भौतिकता और प्रतिस्पर्धा में तनावग्रस्त है, उनके लिए गुरु वाणी आत्मिक शांति और संतुलन का स्रोत है। यह हमें सिखाती है कि वास्तविक सफलता दूसरों को पीछे छोड़ने में नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने में है। गुरु परंपरा का सबसे बड़ा योगदान है सेवा की संस्कृति। लंगर की परंपरा इसका सबसे सुंदर उदाहरण है। इसमें जाति, पंथ, रंग या भाषा का कोई भेद नहीं, सब एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं। यह एकता और समानता का जीता-जागता स्वरूप है।

आज के समय में यदि समाज में असमानता और अलगाव है, तो हमें इस भावना को आत्मसात करना होगा। जब हर मनुष्य सेवा और करुणा की राह पर चलेगा, तभी वास्तविक प्रकाश फैलेगा।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम अपने भीतर के अज्ञान और अहंकार का अंधकार मिटाएँ और अपने जीवन में सत्य, करुणा, प्रेम और सेवा के प्रकाश को धारण करें।

यह पर्व केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि कर्तव्य और उत्तरदायित्व की पुकार है। हमें एक ऐसे समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है जहाँ कोई भूखा न रहे, कोई शोषित न हो और कोई भी अकेला महसूस न करे।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व हमें बार-बार याद दिलाता है कि सच्चा प्रकाश बाहर की दीपावली या रोशनी में नहीं, बल्कि हमारे भीतर के आत्मज्ञान, करुणा और सेवा में है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन वाणी का प्रकाश संसार में हर हृदय को आलोकित करे और मानवता को एकता और सद्भाव की राह पर अग्रसर करता रहे। प्रकाश पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ!

# श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट ने किया रामलीला महोत्सव 2005 का भूमि पूजन





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नोएडा,** श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट द्वारा आज राधा कृष्ण पार्क में 2025 की रामलीला का भूमि पूजन किया गया। इस संक्षिप्त भव्य कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों उनके परिवार, क्षेत्र की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न सोसाइटी के एओए प्रतिनिधि आदि सम्मिलित हुए। महर्षि वेद वेदांग पाणिनि गुरुकुल से पधारे गुरु जी रविकांत दीक्षित जी और बटुक ब्राह्मणों ने विधिवत पूजन करवाया व ट्रस्ट के सदस्यों ने धर्म ध्वज लगा कर सफल रामलीला आयोजन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शंखों की शंख ध्वनि के साथ ध्वजारोहण किया गया तथा यज्ञ कुंड में आहुति दी गई। सभी आगन्तुकों द्वारा आगामी कार्यक्रम की सफलता की प्रार्थना की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आठवीं रामलीला इस स्थान पर ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाएगी जो कि पहले से भव्य रहेगी। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष दशहरे पर विशेष लेज़र जनरेटेड ग्राफिक्स का प्रयोग भी किया जाएगा जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ेगी। कार्यक्रम में आर एस उप्पल, वीरेन्द्र शर्मा, कैलाश शर्मा, आशुतोष मिश्रा, सारस्वत, हर्षमणि, हीरेन्द्र, अर्जुन, रोहित, ज्ञानचंद पांडे, अशोक अग्रवाल, दीपक शर्मा आदि 300 सदस्यों व रामलीला कलाकारों की भागीदारी रही।

# 'सेहत सही लाभ कई' को घर-घर पहुंचाने के लिये स्वास्थ्य क्लब की शुरुआत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**नॉएडा,** स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो समुदाय के गांव के घर घर में सेहत सही लाभ कई को पहुंचाने के लिए सेहत सही स्वास्थ्य क्लब की शुरुआत कर रहा है।

ग्रामीण स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए युवाओं के साथ स्वास्थ्य क्लब एक प्रभावी तरीका हो सकता है। युवाओं के साथ स्वास्थ्य क्लब का उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना।

युवा ऊर्जा और उत्साह का उपयोग करके ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य संदेश प्रसारित करना। सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत सेहत क्लब का उद्देश्य स्वास्थ्य शिक्षा, योग, खेल, पोषण संबंधी जानकारी, स्वच्छता जागरूकता आदि है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के कई लाभ भी आशान्वित हैं :

*- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और आदतें बेहतर होने से बीमारियाँ कम होती हैं।*

*-युवाओं के माध्यम से समुदाय सक्रिय रूप से जुड़ता है।*

*- युवा पीढ़ी के माध्यम से स्वास्थ्य संदेश दीर्घकालिक प्रभाव डालते हैं।*

स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो द्वारा मकनपुर और कनावनी गांव के बाद अब निठारी,छिजारसी जैसे गांव में भी सेहत क्लब की शुरुवात स्वास्थ्य में सुधार,समुदाय की भागीदारी एवं स्थायी प्रभाव के उद्देश्य से की जाएगी।

## डूटा चुनाव में शिक्षकों ने उठाया सवाल :

# घोषणापत्र केवल अंग्रेजी में क्यों?

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो, नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के चुनावों की सरगर्मी तेज हो गई है। वर्ष २०२५-२७ के लिए होने वाले इस चुनाव की तारीख 4 सितंबर तय की गई है। हर बार की तरह इस बार भी चुनाव को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसमें वेतन आयोग लागू कराने से लेकर नियुक्तियों और आरक्षण तक कई बड़े मुद्दे दांव पर हैं। चुनावी मैदान में प्रमुख रूप से आरएसएस/भाजपा समर्थित शिक्षक संगठन एनडीटीएफ ने प्रोफेसर वी.एस. नेगी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया है, वामपंथी खेमे से डॉ. राजीब रे चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि आम आदमी पार्टी की शिक्षक इकाई एएडीटीए ने प्रोफेसर राजेश झा पर दांव लगाया है। इसके अतिरिक्त दो अन्य उम्मीदवार भी अपनी तैयारी में हैं, लेकिन उनका घोषणा पत्र अभी तक सामने नहीं आया है।हालांकि इस बार चुनावी घोषणापत्रों को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। शिक्षकों का कहना है कि सभी संगठनों ने अपने-अपने घोषणा पत्र अंग्रेजी में प्रकाशित किए हैं और हिंदी की पूरी तरह उपेक्षा की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरबिंदो कॉलेज के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हंसराज सुमन ने बताया कि हर संगठन शिक्षकों को लुभाने के लिए घोषणापत्र में कई मुद्दे रख रहा है, लेकिन सभी पर्चे अंग्रेजी में छपकर बांटे जा रहे हैं। कई शिक्षकों ने इन्हें पढ़ने में असुविधा जताई है, वहीं कुछ ने प्रचार कर रहे कार्यकर्ताओं को खरी-खोटी भी सुनाई कि घोषणापत्र हिंदी में क्यों नहीं छापा गया।डॉ. सुमन का कहना है कि हाल के वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में पांच हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्तियाँ हुई हैं जिनमें बड़ी संख्या हिंदी माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षकों की है। अकेले हिंदी विभाग के करीब 800 शिक्षक विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा इतिहास, राजनीति, वाणिज्य, दर्शनशास्त्र, पत्रकारिता और कई अन्य विषयों में भी हिंदी माध्यम से पढ़ाई होती है। ऐसे में शिक्षकों का मानना है कि जब वे स्वयं हिंदी में पढ़ाते हैं तो चुनावी मुद्दों को भी हिंदी में सामने आना चाहिए। कालिंदी कॉलेज की सहायक प्रोफेसर पल्लवी प्रियदर्शिनी ने भी इस पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि जब सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हिंदी को रोजगार से जोड़ रही है और सभी पाठ्यक्रमों की किताबें हिंदी में उपलब्ध कराई जा रही हैं तो शिक्षक संगठन स्वयं क्यों पीछे हट रहे हैं। उनका कहना है कि यदि शिक्षक संगठन ही हिंदी की अनदेखी करेंगे तो कामकाज की भाषा के रूप में हिंदी को कैसे बढ़ावा मिलेगा।शिक्षकों का यह भी तर्क है कि अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में घोषणापत्र प्रकाशित किए जाएँ ताकि आम शिक्षक आसानी से इन्हें पढ़ सके और समझ सके। चुनावी माहौल में यह बहस इस ओर इशारा करती है कि आने वाले दिनों में भाषा का प्रश्न भी डूटा चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन सकता है।

# गोपेन्द्र नाथ भट्ट को मिला उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभाध्यक्ष के मीडिया सलाहकार गोपेन्द्र नाथ भट्ट को मीडिया और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में आयोजित एक समारोह में उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड-2025 प्रदान किया गया। पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित वयोवृद्ध विजय चौपड़ा और अन्य मंचासीन अतिथियों ने भट्ट को यह सम्मान प्रदान किया। समारोह का आयोजन माता मंतारी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया था। उन्नत भारत सेवाश्री अवॉर्ड का यह पच्चीसवाँ संस्करण था। इन अवॉर्ड और पुरस्कार समारोह की स्थापना स्वर्गीय भारत प्रेम ने की थी और इस परम्परा को उनकी पत्नी डॉ सुषमा नाथ और पुत्र अखिल नाथ आगे बढ़ा रहें है। समारोह में विद्यागिरी जी महाराज ,कैलाश गंभीर,डॉ सुषमा नाथ,डॉ सुनील एम रहेजा,गिरीश चंद्र शर्मा , आरुष चौपड़ा,अखिल नाथ और डॉ आर के सिंहा सहित अन्य कई विशिष्ठ जन उपस्थित थे।

# श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में ऐतिहासिक देहदान संकल्प उत्सव सम्पन्न

## व्यर्थ जलाने से बेहतर है जीवनदान - स्वामी राजेश्वरानंद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली,** शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में २१ अगस्त को अलौकिक और ऐतिहासिक देहदान संकल्प उत्सव का आयोजन हुआ। यह आयोजन स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर सदगुरु राजदरबार एवं दधीचि देहदान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत बाल कलाकार मिश्रा बंधु के भजन गायन और उपस्थित 61 देहदानियों द्वारा सामूहिक गायत्री मंत्र जाप से हुई। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, गुरु माताजी, संत श्रीनिवासन तंबूरान, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, डीसीपी संदीप लांबा और आर्मी कॉलेज की विभागाध्यक्ष डॉ. शेफाली मदान ने दीप प्रज्वलित कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया।स्वागत और अभिनंदन समारोह में दधीचि देहदान समिति की ओर से अतिथियों का रुद्राक्ष की माला, चुनरी और तुलसी पौधे के साथ अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाजसेवी राजकुमार उप्रेती और संत श्रीनिवासन तंबूरान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी स्वामी राजेश्वरानंद और गुरुमां का सम्मान किया।अपने संबोधन में स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने कहा, "आत्मा को न जलाया जा सकता है और न ही काटा जा सकता है, लेकिन शरीर नश्वर है। मृत्यु के पश्चात यदि यह शरीर किसी के काम आए तो इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं।"

वहीं आलोक कुमार ने देहदान को अंत्येष्टि का ही एक रूप बताते हुए कहा कि इससे मृत्यु के बाद भी मानवता का कल्याण होता है।केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान और नई बीमारियों से निपटने के लिए देहदान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. शेफाली मदान ने भी मेडिकल साइंस में देहदान से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर संत श्रीनिवासन तंबूरान ने युवाओं से सामाजिक सेवा और ऐसी मुहिमों में आगे आने का आह्वान किया।

आयोजन को सफल बनाने में दधीचि देहदान समिति के अशोक बंसल, अमित गर्ग, सुधीर गुप्ता और विश्वास शुक्ल की प्रमुख भूमिका रही।कार्यक्रम में दिल्ली के अनेक राजनेताओं, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। अनुष्ठान के बाद सनातन धर्म की परंपरा के अनुरूप सुंदर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# अग्रोहा विकास समिति 1 द्वारा जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन वितरण किया गया




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुंबई,** विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से मुंबई में जी. टी. बी. नगर, सायन कोलीवाडा में हनुमान टेकडी पर शिव कल्याण केंद्र सेवा प्रकल्प के अंतर्गत टाटा कैंसर अस्पताल के 150 मरीजों को सभी सेवा निःशुल्क और उनके 300 परिवारजनों को नाममात्र शुल्क के साथ निवास , नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात्रि भोजन, मरीजों को सोने से पहले हल्दी वाला दूध और टाटा कैंसर अस्पताल तक दैनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध की जाती है ।

अग्रोहा विकास समिति - 1 द्वारा अपने चैरिटी कार्यक्रम के अंतगर्त 450 ज़रूरतमंदों को निःशुल्क दोपहर का भोजन का वितरण हनुमान टेकडी पर किया गया । यह भोजन वितरण दीपिका विशाल अग्रवाल और अशोक अग्रवाल डायमंड वाले परिवार के सौजन्य से हुआ ।

इस अवसर पर किशन बिहारी कागज़ी, आनन्द प्रकाश गुप्ता (मित्तल), गोपाल जिंदल, अजय कोकड़ा, देवेन्द्र ओ. अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, अरुण गुप्ता, हीरा कागजी, विमला सरावगी, नवनीत कौर, मनोज अग्रवाल, सुभाष जी, नगरसेविका पुष्पा कोहली आदि उपस्थित रहे । व्यवस्था शंभू पांडे ने की । हनुमान टेकडी पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहती है । दिन की शुरुआत योग सत्र से होती है, शाम को सत्संग का आयोजन होता हैं। कैंसर रोगियों के लिए साप्ताहिक खेल आयोजित किए जाते हैं , मरीजों और उनके देखभाल करने वालों के लिए पुस्तकालय की सुविधा भी है ।

# विट्ठलभाई पटेल ने भारत को लोकतंत्र की जननी बनाने नींव डाली: रेखा गुप्ता



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि वह विट्ठलभाई पटेल ही थे जिन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' बनाने की नींव रखी।

ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में गुप्ता ने अपने संबोधन में याद दिलाया कि कैसे 100 साल पहले, ब्रिटिश काल में पटेल केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में सेवा देने वाले पहले भारतीय बने थे।

उन्होंने कहा, ''उस क्षण ने अवश्य ही भारतीयों के दिलों में चिंगारी जला दी होगी - दिखाया कि ब्रिटिश शासन में भी एक भारतीय अपनी आवाज उठा सकता है और सदन में उसकी बात सुनी जा सकती है।''

गुप्ता ने कहा कि विट्ठलभाई ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की होगी जब भारत स्वतंत्र होगा तथा भारतीय अपने संविधान एवं झंडे के नीचे ऐसी सभाओं में एकत्रित होंगे और अपने राज्यों और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए जन कल्याण के लिए नीतियां तैयार करेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ''विट्ठलभाई पटेल के फैसलों की कभी किसी ने आलोचना नहीं की। उन्होंने ही भारत को लोकतंत्र की जननी बनाने की नींव रखी थी।''

# मनोविज्ञान, स्वास्थ्य देखभाल पाठ्यक्रम दूरस्थ शिक्षा या ऑनलाइन माध्यम से नहीं पढ़ाए जा सकते: यूजीसी

नयी दिल्ली, (भाषा) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे 2025 के शैक्षणिक सत्र से मनोविज्ञान और पोषण समेत स्वास्थ्य सेवा एवं संबद्ध विषयों में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण या ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की पेशकश नहीं करें।

यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) अधिनियम, 2021 के तहत आने वाले पाठ्यक्रमों पर लागू है। उनमें मनोविज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, खाद्य एवं पोषण विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नैदानिक पोषण और आहार विज्ञान शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा, ''किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान (एचईआई) को शैक्षणिक सत्र जुलाई-अगस्त, 2025 और उसके बाद मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण और ऑनलाइन माध्यम से मनोविज्ञान समेत एनसीएएचपी अधिनियम, 2021 में शामिल किसी भी संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम की पेशकश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलाई-अगस्त 2025 और उसके बाद के शैक्षणिक सत्र के लिए ऐसे कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए एचईआई को पहले से दी गई कोई भी मान्यता यूजीसी द्वारा वापस ले ली जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''कला स्नातक (अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, अर्थशास्त्र, इतिहास, गणित, लोक प्रशासन, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, सांख्यिकी, मानवाधिकार एवं कर्तव्य, संस्कृत, मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, महिला अध्ययन) जैसे बहु-विशेषज्ञता वाले कार्यक्रमों के मामले में, केवल एनसीएएचपी अधिनियम, 2021 में शामिल विशेषज्ञताओं को ही वापस लिया जाएगा।'' शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे आगामी शैक्षणिक सत्र से ऐसे कार्यक्रमों में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश न दें।

यह निर्णय व्यावसायिक प्रशिक्षण में गुणवत्ता मानकों को लेकर चिंताओं के बीच लिया गया है।

# सांसद मनोज झा ने अपनी नयी किताब में लोकतंत्र, संघवाद व हिंदुत्व पर रखे विचार

नयी दिल्ली, (भाषा)शिक्षाविद और राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा की नयी किताब''गठबंधन राजनीति की प्रशंसा में: और भारतीय लोकतंत्र पर अन्य निबंध'' आई है, जो निबंधों का एक नया संकलन है।

यह किताब संवाद, बहस और अधिक रचनात्मक और समावेशी राजनीति के माध्यम से भारत के लोकतंत्र की भावना को पुनर्जीवित करने के लिए एक आकर्षक अपील प्रस्तुत करता है।

स्पीकिंग टाइगर द्वारा प्रकाशित इस किताब में झा के राज्यसभा में दिए गए दो भाषण भी शामिल हैं। यह ''एक दशक के बहुमत के शासन के बाद'' भारतीय लोकतंत्र की स्थिति की आलोचनात्मक समीक्षा करती है।

झा ने इस किताब में लिखा, ''मेरे लेखन और भाषण - चाहे राज्यसभा में हों या बाहर - हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने और उसे हर संभव तरीके से मजबूत करने की ईमानदार इच्छा से प्रेरित होते हैं।''




उन्होंने लिखा है, ''मुझे उम्मीद है कि यह (संकलन) छात्रों और हर उस व्यक्ति के लिए उपयोगी होगा, जो इस चुनौतीपूर्ण दौर में लोकतंत्र के व्यापक विकास को समझने में रुचि रखता है, जो सभी प्रकार की बाधाओं से भरा हुआ है - एक वैश्विक महामारी, बढ़ती आर्थिक असमानता, सम्मान के लिए संघर्ष और दुनिया के कई हिस्सों में अनुदार, लोकलुभावन और सत्तावादी शासन का उदय।''


राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 58 वर्षीय सांसद ''राजनीतिक और व्यक्तिगत, चिंतनशील और तीखे विवादात्मक'' व्यक्ति के समयोजन माने जाते हैं और अपने लेखन के माध्यम से विविध विषयों पर अंतर्दृष्टि साझा करते हैं, जिनमें अल्पसंख्यक कल्याण, जाति जनगणना, स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढांचा, हिंदुत्व का उदय, संघवाद, डिजिटल युग की राजनीति और कश्मीर मुद्दा शामिल हैं।

# सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत थे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी: हरिवंश

नयी दिल्ली, (भाषा) राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने हिंदी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को सांस्कृतिक चेतना का अग्रदूत बताते हुए कहा कि उनका साहित्य आम जनजीवन के समस्त पहलुओं को छूता है और आज की चुनौतियों से निपटने के लिए उनके कार्यों को ध्यान में रखना चाहिए।

हरिवंश ने द्विवेदी की 119वीं जंयती के मौके पर साहित्य अकादमी के सभागार में शनिवार को 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। इस कार्यक्रम में द्विवेदी के प्रसिद्ध निबंध 'अशोक के फूल' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया था।

एक बयान के मुताबिक, अपने अध्यक्षीय संबोधन में हरिवंश ने कहा कि द्विवेदी का साहित्य आम जनजीवन के समस्त पहलुओं का खूबसूरती से प्रतिनिधित्व करता है और उन्होंने साहित्य को संपूर्ण



मानवजाति को सौंदर्य प्रदान करने का माध्यम बनाया।

उपसभापति ने कहा कि आज के आधुनिक जीवन की भौतिक चुनौतियों से निपटने के लिए द्विवेदी जैसे साहित्यकारों के कार्यों को संज्ञान में रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा, "जिन आंखों ने आचार्य जी को साक्षात देखा होगा, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि वे कभी न बुझने वाली लौ थे। वह बड़े साहित्यकार थे और उससे भी बड़े एक सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत थे।"

इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विंध्यवासिनी नंदन पाण्डेय और दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज के प्रोफेसर विनय 'विश्वास' ने शिरकत की।

बयान के मुताबिक, इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित स्मारिका 'पुनर्नवा' का विमोचन किया गया। साथ ही डॉ. विंध्यवासिनी पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी : विचार कोश' का भी लोकार्पण किया गया।

द्विवेदी का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया में 19 अगस्त 1907 को हुआ था तथा 19 मई 1979 में दिल्ली में उनका निधन हो गया था।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त: सीमा शुल्क

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री के पास से करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने 'एक्स' लिखा कि 21 अगस्त को सिंगापुर होते हुए बैंकॉक से नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर पहुंचने के बाद ''एक भारतीय'' को रोका गया। उसने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों ने यात्री के निजी सामान की गहनता से जांच की। पोस्ट में कहा गया, '' इसके बाद यात्री द्वारा ले जाए जा रहे नीले और गहरे भूरे रंग के ट्रॉली बैग की जांच करने पर इसमें काले रंग के 25पॉलीथीन पैकेट पाए गए, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ था। ऐसा संदेह है कि ये पैकेट गांजा/मारिजुआना के हैं, जिसका कुल वजन 24814 ग्राम (शुद्ध

# उच्चतम न्यायालय ने दो महीने के भीतर आर्द्रभूमि का सीमांकन करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरणों के बेहद धीमी रफ्तार से काम करने का उल्लेख करते हुए राज्यों को निर्देश दिया है कि वे दो महीने के भीतर आर्द्रभूमि की जमीनी हकीकत जानने और सीमांकन का काम तेजी से पूरा करें।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्राधिकरणों के कदम से दयनीय स्थिति का पता चलता है और जारी किए गए निर्देशों के सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं। पीठ ने कहा, ''हम इन राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे जमीनी सत्यापन और सीमा निर्धारण का काम तेजी से और हर हाल में आज से दो महीने की समय सीमा के भीतर पूरा करें। ऐसा न करने पर संबंधित राज्यों के पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग के सचिवों को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से इस अदालत में उपस्थित होना होगा।'' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इन राज्य आर्द्रभूमि



प्राधिकरणों की ओर से निष्क्रियता उसे उन राज्यों के खिलाफ आदेश पारित करने के लिए बाध्य करेगी जो पहले जारी किए गए निर्देशों का पालन करने में विफल रहे हैं।

पीठ ने 19 अगस्त के अपने आदेश में कहा, ₹आर्द्रभूमि चिह्नित हो जाने के बाद, राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरणों के लिए यह आवश्यक है कि वे इसे संबंधित राज्य सरकारों की वेबसाइट पर प्रकाशित करें... अनुपालन का हलफनामा ऐसी प्रक्रिया शुरू होने के तुरंत बाद और कम से कम अगली सुनवाई की तारीख से पहले दाखिल किया जाए।₹

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य-स्तरीय आर्द्रभूमि प्राधिकरणों के साथ समन्वय करेगी और अधिसूचनाएं जारी करने में तेजी लाएगी, जिसके लिए मसौदा अधिसूचनाएं पहले से ही मौजूद हैं।

पीठ ने कहा, ''प्रस्तुत किए जाने वाले आंकड़े में 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाली आर्द्रभूमि की पहचान मौजूदा नियमों के तहत निर्धारित तरीके से की जानी आवश्यक है। राज्य सरकारों के आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को हलफनामे में इस बात का भी उल्लेख करना होगा कि 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल की इन आर्द्रभूमि को संरक्षित करने के लिए किस प्रकार से कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं। आर्द्रभूमि एटलस के अनुसार इनकी संख्या 5,55,557 है।''

पीठ ने मामले की सुनवाई सात अक्टूबर के लिए निर्धारित की है।

मामले में हस्तक्षेप अर्जी दाखिल करने वाले मनु भटनागर और विक्रांत तोंगड़ की ओर से पेश हुए वकील आकाश वशिष्ठ ने दलील दी कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा चिह्नित 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली 2,31,195 आर्द्रभूमियों के अलावा, 2.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली 5,55,557 आर्द्रभूमि हैं। शीर्ष अदालत पक्षी प्रेमी आनंद आर्य, अधिवक्ता एम के बालकृष्णन और गैर-सरकारी संगठन वनशक्ति की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# निर्माता के तौर सिने जगत में कदम रखेंगे मनीष मल्होत्रा, नवंबर में आएगी पहली फिल्म "गुस्ताख इश्क"

नयी दिल्ली, (भाषा) सिने जगत में निर्माता के तौर पर पदार्पण करने के लिए तैयार डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपनी पहली फिल्म के नाम का ऐलान कर दिया है।



"गुस्ताख इश्क" नाम की यह फिल्म नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म में विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में में होंगे।

मल्होत्रा ने रविवार सुबह इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की। उन्होंने बताया कि बचपन से ही उन्हें सिनेमा से "गहरा लगाव" रहा है।

मल्होत्रा ने लिखा, "बचपन से ही सिनेमा के प्रति मेरे दिल में गहरा इश्क़ रहा है। कहानियों का जादू, परदे की चमक, और वो भावनाएं जो पर्दे पर 'द एंड' आने के बाद भी दिल में रहती हैं — इस प्यार ने मुझे गढ़ा है। और आज, उसी इश्क़ की बदौलत एक सपना सच होते देखना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है।"

फिल्म की पहली झलक सोमवार को देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा, "इस साल नवंबर में एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस सोमवार मैं आपके साथ 'गुस्ताख इश्क' की पहली झलक साझा करूंगा।"

फिल्म का निर्देशन विभू पुरी कर रहे हैं जबकि संगीत विशाल भारद्वाज का है।

# व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में चार नाबालिग पकड़े गए

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर में मोमो के एक स्टॉल के निकट हुए झगड़े के बाद एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 अगस्त की है और पीड़ित की पहचान तुलबहादुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, तुलबहादुर को हमले में सीने के दाहिने हिस्से में चोट आई है। पुलिस ने बताया कि घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्नत उपचार के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है। उसने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया, "घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरों में चार लड़के हमले के बाद भागते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# अक्षय कुमार, जिमी शेरगिल और अन्य ने जसविंदर भल्ला के निधन पर दुख जताया

नयी दिल्ली, (भाषा) पंजाब के अभिनेता जसविंदर भल्ला के निधन पर दुख जताते हुए अभिनेता अक्षय कुमार, जिमी शेरगिल और नीरू बाजवा समेत कई हस्तियों ने इसे 'फिल्म जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति' करार दिया।

पंजाबी कॉमेडी फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा' और 'जट्ट एंड जूलियट' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता भल्ला का शुक्रवार को 65 वर्ष की आयु में मस्तिष्क रक्तस्राव के बाद निधन हो गया था। भल्ला ने आखिरी बार 2024 की फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में अभिनय किया था।

अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जसविंदर भल्ला जी का असामयिक निधन पंजाबी फिल्म जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। आप बहुत याद आयेंगे, भल्ला जी।'' शेरगिल ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर दिवंगत अभिनेता की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''आपकी आत्मा को शांति मिले, भल्लासाब।...आपकी बहुत याद



आएगी...। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी ओर से गहरी संवेदना है।''

दोनों अभिनेताओं ने 2016 में आई फिल्म 'वैसाखी लिस्ट' में साथ काम किया था। बाजवा ने 'इंस्टाग्राम' पर भल्ला की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''सुबह इस दुखद खबर के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। भल्ला साहब सचमुच आदरणीय और प्रशंसा के पात्र थे। उनके योगदान को बड़े सम्मान के साथ याद किया जाएगा।''

बाजवा ने लिखा, ''आपकी आत्मा को शांति मिले, सर। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।''

# दिल्ली पुलिस ने हेरोइन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने दो मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार करके एक बड़े हेरोइन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है और पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ भी जब्त किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीम ने एक अभियान के तहत 1,049 ग्राम हेरोइन, एक स्कूटर, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) संजीव कुमार यादव ने बताया, ₹इस गिरोह की सरगना नंद नगरी निवासी 54 वर्षीय सीमा और शाहदरा में रहने वाली उसकी भाभी (43) हैं।₹ अधिकारी ने बताया कि दोनों महिलाओं को 22 अगस्त को जीटीबी अस्पताल के निकट छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था, जब नंद नगरी के डी-ब्लॉक में स्थित झुग्गी-बस्ती में हेरोइन पहुंचाने की कोशिश कर रही थीं।

# श्रद्धा कपूर के लिंकडिन अकाउंट को फर्जी बताया

नयी दिल्ली, (भाषा) बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने लिंकडिन से अपील करते हुए कहा है कि उनके अकाउंट को फर्जी बताया गया है, जिसकी वजह से वह इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रही हैं।

हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में अंतिम बार नजर आयीं 38 वर्षीय श्रद्धा ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा किया।

श्रद्धा कपूर ने लिंकडिन को टैग करते हुए बताया कि उन्हें इस सोशल मीडिया मंच पर 'प्रोफाइल' बनाते समय कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा, "प्रिय लिंकडिन, मैं अपना अकाउंट इस्तेमाल नहीं कर पा रही हूं क्योंकि लिंकडिन को लगता है कि यह फर्जी है। क्या कोई मेरी मदद कर सकता है।"

अभिनेत्री ने कहा, "अकाउंट बना, यह प्रीमियम और सत्यापित है, लेकिन कोई और इसे नहीं देख सकता। मैं अपनी उद्यमिता का सफर साझा करना चाहती हूं लेकिन अकाउंट बनाना अपने



आप में एक सफर बन गया है।"

फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में मुख्य किरदार निभाने वाले श्रद्धा ज्वेलरी ब्रांड 'पामोनास' की सह-संस्थापक और ब्रांड एंबेसडर हैं।

इस ब्रांड की स्थापना 2022 में हुई थी।श्रद्धा की पिछली फिल्म 'स्त्री 2' पंद्रह अगस्त, 2024 को रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

अमर कौशिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी थे।

यह 2018 में आई फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल थी।

# केवल आधार से कोई मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो सकता: भाजपा

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को विपक्ष पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि शीर्ष अदालत ने यह नहीं कहा कि सिर्फ आधार ही मतदान का अधिकार पाने के लिए वैध दस्तावेज हो सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि बिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बाहर किए गए मतदाता अन्य दस्तावेजों के साथ आधार जमा कर सकते हैं।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आधार केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, परंतु यह नागरिकता स्थापित नहीं करता। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहीं भी यह नहीं कहा कि इसे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए वैध दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर दुष्प्रचार कर रहा है।

मालवीय ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है यदि कोई व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है, किसी सक्षम न्यायालय द्वारा उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त घोषित किया गया है या चुनाव में भ्रष्ट आचरण



या अपराधों से संबंधित कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया है, तो उसे मतदाता सूची में पंजीकरण से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आधार अधिनियम कहता है कि यह केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, न कि यह नागरिकता स्थापित करता।

मालवीय ने कहा, ''निर्वाचन आयोग से आधार को स्वचालित मतदाता नामांकन के लिए एक दस्तावेज के रूप में शामिल करने का अनुरोध करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 और आधार अधिनियम को निरर्थक बनाता है। असल में, इसी पीठ ने 12 अगस्त को यह व्यवस्था दी थी कि आधार नागरिकता साबित करने के लिए कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है।'' उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जो नहीं कहा है उसे उसके द्वारा कही गयी बात बताना उसकी अवमानना करना है।

उन्होंने कहा, ''सच्चाई स्पष्ट है: एसआईआर बरकरार है, केवल आधार ही आपका नाम सूची में शामिल नहीं करवा सकता, फर्जी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों के साथ मृतकों के नाम हटा दिए जाएंगे तथा अगली सरकार केवल भारतीय नागरिक ही चुनेंगे - विदेशी नहीं।''

मालवीय ने यह भी दावा किया कि बिहार में मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों में फर्जी, मृत, बांग्लादेशी और रोहिंग्या नाम शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने हटाये गये नामों की सूची प्रकाशित करने को कहा ताकि प्रभावित व्यक्ति फिर से आवेदन कर सकें, लेकिन अब तक केवल 84,305 आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जो कुल हटाए गए नामों का मुश्किल से 1.3 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह त्रुटि की सीमा के निर्धारित मानक से काफी कम है। भाजपा नेता ने कहा, ''स्पष्ट रूप से, 'वोट चोरी' का रोना मनगढ़ंत है।''

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पास सड़क धंसी, यातायात प्रभावित

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के द्वारका में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निकट सड़क का एक हिस्सा रविवार सुबह भारी बारिश के कारण हुए जलभराव के कारण धंस गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया।

इसने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र में अवरोधक लगा कर इसे चारों ओर से घेर दिया गया है।

दिल्ली यातायात पुलिस ने बताया कि क्षति का आकलन करने और मरम्मत कार्य के लिए नगर निकाय एजेंसियों की तकनीकी टीम को बुलाया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला है कि जलभराव और सतह कमजोर होने के कारण यह ढह गई। उसने बताया कि मामले की जांच जारी है।



# कुंभकरणीं नींद में सोया नगर निगम, आवारा जानवरों के आतंक जारी, नागरिक परेशान

## जंगली कुत्ते के हमले से मासूम गंभीर रूप से घायल, केवल नगर निगम के कागजों में हो रही आवारा पशुओं की धरपकड़

**नेशनल एक्सप्रेस**






बरेली।थाना प्रेम नगर क्षेत्र के बीडीए कॉलोनी में शनिवार शाम छह वर्षीय मासूम बच्ची भाग्यलक्ष्मी पर जंगली कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची कक्षा पहली की छात्रा है और पड़ोस में ट्यूशन पढ़ने जा रही थी।

अचानक हुए हमले में कुत्ते ने बच्ची के चेहरे, हाथ और बाएं पैर को बुरी तरह से नोच डाला। चेहरे पर गहरे जख्म आए और कई जगह टांके लगाने पड़े। हमले में बच्ची का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया और मांस तक उखड़ गया।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पीड़िता की नानी पूनम ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी कई बच्चों पर कुत्ते हमला कर चुके हैं, लेकिन नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया तो कुत्तों से बच्चों की जान तक जा सकती है।

# खाकीधारी वर्दी का रखेंगे मान तो कप्तान साहब करेंगे सम्मान, वरना भ्रष्टाचारी का पुलिस लाइन में होगा आराम

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद-बरेली पुलिस की मासिक अपराध गोष्ठी की आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी कर गंभीर अपराधों एवं लंबित मामलों पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, गिरफ्तारी में तेजी और पीड़ित केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। मूल्यांकन प्रणाली के तहत माह जून और जुलाई में टॉप थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और पुलिस अधीक्षकगणों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा चौकी प्रभारियों की मूल्यांकन प्रणाली के तहत भी टॉप 10 चौकी प्रभारियों को ट्रॉफी, पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली ने आगामी गणेश चतुर्दशी और बारावफात पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहारों के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और खुफिया इकाई की सक्रियता बढ़ाए जाने पर विशेष बल दिया।जनपदीय पुलिस के 50 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा माह जून और जुलाई 2025 में किए गए सराहनीय/उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उप निरीक्षक अमित कुमार के गैर जनपद में स्थानांतरण होने के फलस्वरूप रिजर्व पुलिस लाइन, सभागार बरेली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा फूल माला पहनाकर, उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया गया। वही आपको यह भी बताते चले की एसएसपी अनुराग आर्य उत्कृष्ट वर्दी धारी का सम्मान करने के साथ-साथ भ्रष्ट वर्दी धारी पर कार्रवाई करने में भी कोताही नहीं करते हैं।

# दहेज के लिए दरिंदगी पर उतारू पति, कोख में पल रहे 8 माह के बच्चे को भी मारने का प्रयास

- महिला ने लगाएं पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली।थाना बारादरी क्षेत्र के चक मोहम्मद पुराना शहर निवासी एक विवाहिता ने पति, ससुर और देवर पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गर्भपात कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता का विवाह 3 दिसंबर 2022 को विनोद पुत्र सोहन लाल निवासी नगरिया कल्यानपुर, थाना मीरगंज से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति विनोद, ससुर सोहन लाल और देवर अनिल दहेज से असंतुष्ट रहे और अतिरिक्त दो लाख रुपये व पीड़िता के पिता की बीमा राशि की मांग करने लगे। इनकार करने पर आरोपियों ने पीड़िता को भूखा-प्यासा रखा, कमरे में बंद कर दिया और अक्सर मारपीट व गाली-गलौज करते रहे। पीड़िता ने बताया कि 20 जुलाई को पुलिस लाइन बरेली में शिकायत दर्ज कराने के बाद पति उसे घर ले गया और वहां कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, गर्भस्थ 8 माह के शिशु को गिराने का दबाव बनाते हुए जबरन दवाइयां खिलाईं, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। शोर सुनकर पड़ोसियों ने किसी तरह बचाया। 24 जुलाई को पीड़िता किसी तरह जान बचाकर मायके पहुंची। उसका आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध हैं और इसी वजह से वह उसे रास्ते से हटाना चाहता है। पीड़िता ने 6 अगस्त को महिला आयोग लखनऊ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को भी शिकायती पत्र दिया, लेकिन कार्यवाही न होने पर अब एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक

- लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें अधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**



बरेली। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आज विकास विभाग के निर्माण कार्यों के प्रगति सम्बन्धी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों से सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को समयान्तर्गत कार्यों को लक्ष्यों के सापेक्ष पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

बैठक में पर्यटन विभाग के कार्यों में नाथ कॉरिडोर के अन्तर्गत आने वाले कार्यों में जैसे- पशुपति नाथ मंदिर, थोपेश्वर नाथ मंदिर, वनखण्डी नाथ मंदिर के विकास एवं बिथरी चैनपुर में भीठानाथ मंदिर के पर्यटन विकास, राही मोटल का उच्चीकरण एवं विस्तारीकरण, नवाबगंज में भगवान शिव मंदिर का सौंदढीकरण सहित आदि कार्यों के विकास से सम्बंधित प्रगति समीक्षा की गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग के सम्बंधित अधिकारी को गम्भीरता पूर्वक प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए कार्यों को पूर्ण करने सम्बन्धी उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जनपद बरेली विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य, ड्रग वेयर हाउस, वृहद गौ संरक्षण केन्द्र दासपुर एवं वीरपुर, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अकादमिक भवनों को निर्माण सम्बन्धी, तहसील आंवला में पशु चिकित्सा पाली क्लीनिक सहित अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति समीक्षा की गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ससमय निर्माण कार्यों को पूर्ण करने निर्देश दिए।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, पर्यटन अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने मृतकों के परिजनों से मिलकर, संवेदना की व्यक्त

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।**



सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा अमरोहा के गांव रसूलपुर गुर्जर में हेमराज सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके उपरान्त सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने विधानसभा धनौरा के ग्राम ईश्वरदेवा में सौराज सिंह के आवास पर पहुंच कर उनके पुत्र हिमांशु खटाना के असामायिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही विधानसभा धनौरा के ग्राम पतेवा में रघुवर सिंह के आवास पर पहुंच कर उनके आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उपरांत पतेई एमन में प्रहलाद सिंह के आवास पर पहुंच कर उनके आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।

ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। महेश खडगवंशी, रामरतन जाटव, मनोज शर्मा, रामचन्द्र गुर्जर, पिन्टू भाटी, चमन कसाना, हरवीर सिद्ध, महेश प्रधान, सचिन यादव, भोले सिंह, गुडडू गुर्जर, अशोक प्रधान, अनिल कुमार, शशांक चौहान, यशवीर खटाना, विरेन्द्र सिंह, जयचन्द सिंह, महेन्द्र सिंह, मोहित भाटी आदि मौजूद।

# दबंगों की धमकी: कानून की शरण ली तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे

- लड़ाई पर उतारू बैठे पड़ोसियों ने कूड़ा दरवाजे पर डालकर छेड़ा विवाद रिपोर्ट दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के घेर जाफर खां, झण्डे वाली गली निवासी अकमल बेग ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते दिन दोपहर करीब 12:30 बजे नसीम बेग की पत्नी ने अपने घर का कूड़ा उनके दरवाजे पर डाल दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो नसीम बेग, सलीम बेग पुत्रगण जमील बेग, निवासी झण्डे वाली गली, अपने साथ विशाल और बिल्लू पुत्रगण जाकिर उर्फ छुटका निवासी मोहल्ला कागजी टोला को लेकर लोहे की रॉडों से लैस होकर घर में घुस आए। अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया और गंदी-गंदी गालियां दीं। इसी दौरान पीड़ित की मां रेहाना बेगम बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उनका हाथ मरोड़कर धक्का दिया गया, जिससे वह घायल हो गईं। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए तो दबंग गाली-गलौज करते हुए बाहर आ गए और पीड़ित के भाइयों से भी मारपीट की। जाते-जाते अभियुक्तों ने धमकी दी कि अगर कोई कानूनी कार्रवाई की गई तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित का कहना है कि उसे और उसके परिवार को गंभीर खतरा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरों के हौसले किस कदर बुलंद, समरसेबल पंप और जेट पंप चोरी

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र की अवध धाम कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने समरसेबल और जेट पंप चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह ॠब्लॉक, अरशाना रेजीडेंसी, बसंत विहार में मकान निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान उनके साथी पारस सक्सेना पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सक्सेना, निवासी अवध धाम कॉलोनी, के घर के बाहर रखे समरसेबल पंप और जेट पंप को अज्ञात चोर उठा ले गए।

पीड़ित ने बताया कि चोरी की घटना पास ही रहने वाली सुमन पत्नी संजीव कुमार (उम्र 45 वर्ष, निवासी अवध धाम कॉलोनी) के घर में लगे उउळश कैमरों में कैद हुई है, जिसकी फुटेज उनके पास मौजूद है। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# रैली में यातायात नियमों की धज्जियां



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। दक्ष प्रजापति जयंती एवं सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में बछरायूं से धनौरा नगर के एक बैंकट हॉल तक प्रजापति समाज के द्वारा बाईक रैली निकाली गई थी। रैली में युवकों ने यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई रैली के दौरान कुछ युवक कार के ऊपर बैठे हुए व कुछ युवक कार की खिड़कियों पर लटके हुए नजर आए, रैली के दौरान कुछ युवक बुलडोजर के ऊपर भी खड़े हुए दिखाई दे रहे थे। सोचने वाली बात है कि अगर इस दौरान कोई हादसा हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता लेकिन गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। जबकि पुलिस मूक दर्शक बनी रही।

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने विकास के साथ साथ देश की संस्कृति को भी आगे बढ़ाया: धर्मवीर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। नगर के एक बैंकट हॉल में महाराजा श्री दक्ष प्रजापति जयंती एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति रहे। इस दौरान मुख्यातिथि की मौजूदगी में बछरायूं के कुंडा रोड़ से धनौरा नगर के बैंकट हॉल तक एक रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की तादात में प्रजापति समाज के लोग मौजूद रहे। रैली का नगर के मुख्य मार्गों पर प्रजापति समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि धर्मवीर प्रजापति ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिसके बाद कार्यक्रम संयोजक संजीव प्रजापति ने मुख्यातिथि धर्मवीर प्रजापति का पगड़ी व फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे धनौरा नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने भी मुख्यातिथि का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए मुख्यातिथि धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के उपलक्ष में आज निकाली गई रैली पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक रैली हुई है 30 साल पहले जो हमने सपना देखा था वो सपना आज इस रैली के माध्यम से साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज को बहुत पहले जागरूक हो जाना चाहिए था लेकिन आज हमारा समाज जागरूक हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारा समाज जागरूक होकर रैलियों में प्रतिभाग करने लगा है प्रजापति समाज में एकजुटता हो रही है। आगामी चुनाव को लेकर उन्होंने कहा जब भी चुनाव होता है तो हमारा 95 प्रतिशत समाज भाजपा को ही वोट करता है हमारा समाज भाजपा को सपोर्ट करता है और भाजपा को वोट भी देता है जो अच्छी बात है। केंद्र में हमारे नरेंद्र मोदी की सरकार है और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है भाजपा ने विकास के साथ साथ देश की संस्कृति को भी आगे बढ़ाने का काम किया है और ये हमारे लिए गौरव का विषय है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक संजीव प्रजापति, श्योनाथ सिंह प्रजापति, कैलाश प्रजापति, नरेश प्रजापति, अरुण प्रजापति, ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जयप्रकाश प्रजापति, राकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।




# भाकियू शंकर का हुआ संगठन विस्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



अमरोहा। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर में कैंप कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन शंकर की संगठन विस्तार को बैठक हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गन्ने का प्याला कहा जाने वाला पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ना किसान का हाल बदहाल है गन्ना उत्पादन लागत भी वापस नहीं लौट पा रही है। विगत पेराई सत्र निकल जाता है परंतु गन्ना मूल्य का निर्धारण नहीं हो पाता, इसके विपरीत प्रदेश के माननीयों द्वारा एक सेकंड में अपने भत्ते 40 से 50% बढ़ोतरी कर दी है , वर्तमान पराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य 40% बढ़ोतरी करते हुए 518 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए, गन्ना किसानों को अपना गन्ना बेचने के लिए चीनी मिल चुनने का अधिकार मिले, गन्ना क्रय केंद्रों पर बेवरेज कम से कम 25 फीट लंबाई की होनी चाहिए, शुगर मिलों द्वारा गन्ना किसानों से तौल बाबू के माध्यम से की जाती है खुली लूट यह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन का विस्तार करते हुए प्रधान बरन सिंह को तहसील अध्यक्ष धनौरा मनोनीत किया पंचायत में आज चौधरी धर्मवीर सिंह राकेश रतनपुर चौधरी नेमपाल सिंह रामगोपाल प्रमोद देवल नीरज कुमार त्रिलोक सिंह प्रदीप चौधरी अनुज कुमार डालचंद सिंह सुमित कुमार सतीश कुमार सादराम सिंह पप्पू सिंह रवीओम हरि सैनी अरुण कुमार शीशपाल सिंह जाटव दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# चन्दौसी के गणेश चौथ मेले में सांप्रदायिक सौहार्द के बीच उत्सव का माहौल

● मीडिया से वातार्लाप कर कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए की प्लास्टिक मुक्त रहेगा मेला – डीएम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**







चंदौसी (संभल)। गणेश चौथ मेला चंदौसी सांप्रदायिक सौहार्द के उत्सव का पांचों धर्मगुरुओं को साथ लेकर होता है शुभारंभ , तैयार हो चुकी है 65वें गणेश जन्मोत्सव की जोर शोर से तैयारी 27 अगस्त को निकलेगी रथ यात्रा, 14 सितंबर तक चलेगा मेला चंदौसी का गणेश चौथ मेला प्रसिद्ध गणेश चौथ मेले का आगाज हो गया।

पांचों धर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा भाईचारे के संदेश के साथ फीता काटकर इसका उद्घाटन होगा । गणेश चतुर्थी का त्योहार 27 अगस्त 2025, बुधवार को मनाया जाएगा, और इस खास मौके पर चंदौसी नगरी में जो पहले से ही मिनी वृंदावन के नाम से जानी जाती है चंदौसी गणेश मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है । जहां अद्भुत श्रंगार के बीच श्रद्धालु 27 अगस्त को सुबह से ही भोग लगना शुरू हो जाएगा । गणेश जी बाबा का आध्यात्मिक खजाना है ।

**हर मनोकामना होती है पूर्ण:** 2025 में चन्दौसी के गणेश चतुर्थी मेले में मुख्य रूप से गणेश भगवान की मूर्तियां देखना, पूजा-अर्चना करना, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाना-पीना, झूले और विभिन्न प्रकार की खरीदारी होती थी, जिसके लिए लगभग 400 दुकानें लगाई जाती थीं। यह मेला हर साल भाईचारे का प्रतीक बनकर बड़ी धूमधाम से मनाया जाता था, जिसमें कई धर्मों के धर्मगुरु भी शामिल होते थे । मेले में भगवान गणेश की भव्य मूर्तियां स्थापित की जाती हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

**पूजा-अर्चना:** भक्त गणेश भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं और मंगलकामनाएं करते हैं।

**धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम:** बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होता है, जिससे मेले में रौनक आती है। खाने-पीने और खरीदारी

मेले में खाने-पीने की दुकानों के साथ-साथ झूले और अन्य खरीदारी के लिए लगभग 400 दुकानें लगती हैं। अन्य जानकारी

**मेले के अध्यक्ष डीएम होते हैं :** में गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को और मेला अगले 15 दिनों तक लगेगा। यह मेला पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध मेला है, जिसे चन्दौसी में आयोजित किया जाता है। डॉ राजेंद्र पैंसिया जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण जहां उन्होनें गणेश मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। यह मेला शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से आयोजित हो श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

## यहां पर लगेंगे बैरियर

गीता सत्संग भवन तिराहा (रघुनाथ आश्रम) बैरियर से गणेश मंदिर से मेला ग्राउंड से अर्द्धनारीश्वर मंदिर तक सभी प्रकार के वाहनों का आगमन बंद रहता है । मनिहार तिराहा बैरियर से गणेश मंदिर तक सभी प्रकार के वाहनों का आगमन बंद रहता है।- गणेश चौक मेला गेट से बैरियर से गणेश मेले में सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ब्रह्म बाजार तिराहा कैथल गेट की पुलिया बैरियर से मेले की ओर चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा । मेला प्रभारी सत्येंद्र सिंह पवार को बनाया गया है।

इसके अलावा मेले में लग रहे झूलों समेत अन्य आइटम व दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

साथ ही मेला कमेटी के पदाधिकारियों आदि से वातार्लाप कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए की प्लास्टिक मुक्त रहेगा मेला, साफ-सफाई से लेकर विद्युत व्यवस्था तथा आवागमन और पार्किंग व्यवस्था आदि के पुख्ता इंतजाम किए जाएं । जिसके चलते ही समस्त मेला क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं।

**रथ यात्रा के लिए रूट व्यवस्था:** 27 अगस्त को निकालने वाली गणेश चौथ रथयात्रा के लिए शहर में फव्वारा चौक, भगत सिंह चौक, मालवीय चौक, बीएमजी तिराहा, चूने वाली गली, घंटाघर, बड़ा बाजार, ब्रह्म बाजार तिराहा, कैथल गेट, अर्द्धनारीश्वर मंदिर, गीता सत्संग भवन, सीता रोड, मनिहार चौक आदि रोड पर ई-रिक्शा तथा चारपहिया,

दोपहिया वाहनों वाहनों का दोपहर एक बजे से आवागमन बंद हो जाता है।

**अत्यधिक भीड़:** गणेश चौथ मेला महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा गणेश मेला है । इसलिए, हर साल लाखों भक्त उत्सव में शामिल होने के लिए चन्दौसी पहुंचते हैं, जिससे भीड़ नियंत्रण की समस्या हर बार रहती है पुलिस के पसीने छूट जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लकड़ी से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में घुसा



नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार /बनियाठेर। आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे रोड पर ओवरलोड लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर खाई में घुस गया जिसे चला रहा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया रविवार दोपहर 1:00 बजे के करीब गांव कसरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद निवासी सद्दाम उम्र लगभग 30 वर्ष लकड़ी भरकर के चंदौसी की ओर आ रहा था तभी नवीन बॉर्डर चेक पोस्ट अकरौली पुलिस चौकी के पास चंदौसी की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में अचानक अनियंत्रित हो गई और खाई में घुस गई जबकि तेज रफ्तार और ओवरलोड होने के कारण ट्रैक्टर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका जिससे हादसे के दौरान वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया हालांकि मौके पर पहुंची थाना बनियाठेर की बॉर्डर चेक पोस्ट अकरौली पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से सीएससी चंदौसी में प्रथम इलाज के लिए भर्ती कराया और क्षतिग्रस्त हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को हिरासत में ले लिया

### गैंगस्टर एक्ट में दो वांछित गिरफ्तार, चोरी के बकरे के साथ दो आरोपी दबोचे

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /सम्भल। पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना नखासा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रिठाली बाईपास से 200 मीटर आगे भट्टे के पास से गुफरान पुत्र रियासत निवासी रूकन्दीसराय हाल निवासी मौ० हातिम सराय थाना रायसत्ती तथा बिलाल उर्फ सोनू पुत्र भूरा निवासी ग्राम मन्नीखेडा थाना नखासा को दबोचा। पुलिस के अनुसार यह एक संगठित गिरोह है जिसका सरगना गुफरान है। यह गैंग गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। इसी क्रम में थाना बहजोई पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दरअसल 23 अगस्त को ग्राम पुरा निवासी श्रीमती रुकसाना ने अपने बकरे की चोरी की तहरीर दी थी। जिस पर वकील अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम मिजार्पुर व तसब्बुर पुत्र जफर निवासी मौ० चौधरी सराय के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। 24 अगस्त को पुलिस ने दोनों आरोपियों को भरतरा चुंगी से आगे चन्दौसी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से एक चोरी किए गए बकरे सहित गिरफ्तार कर लिया। दोनों को आवश्यक धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बांस से भरे पिकअप पलटने से ओवरब्रिज पर लगा जाम

बिजनौर/नजीबाबाद। डबल फाटक ओवरब्रिज पर चढ़ते समय ओवरलोड पिकअप पीछे से पलटकर रैलिंग पर जा चढ़ा जिससे वहां जाम की स्थिती उत्पन्न हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात सुचारू कराया। शनिवार की दोपहर लम्बे बांस से भरा पिकअप जैसे ही डबल फाटक ओरवरब्रिज पर चढ़ वैसे ही भार अधिक होने के चलते पीछे की ओर उठ गया और अगला भाग रैलिंग पर जा चढ़ा जिससे पिकअप में भरे बांस भी ओवरब्रिज पर गिर गये और वहां जाम की स्थिती बन गई। मालगौदाम क्षेत्र में डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू कराया।

# रक्षाबंधन के त्योहार पर उत्तराखंड से अपने मायके आई महिला के बैग से करीब 20 लाख के जेवर चोरी

● महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। बीते रक्षाबंधन के त्योहार पर उत्तराखंड के नैनीताल से अपने मायके बहजोई आई महिला के बैग करीब 20 लाख के सोने के जेवर चोरी हो गए ' जिसके बाद महिला ने थाना चंदौसी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ' उत्तराखंड निवासी नैना सौदा ने बताया कि वह सात अगस्त को अपनी बहन काजल सौदा और भाई रिषभ व चार बच्चों के साथ चंदौसी रेलवे स्टेशन के बाहर से टेंपो कर-के अपने मायके बहजोई जा रही थी। चालक ने महिला का एक बैग अपने टेंपो की छत पर रख दिया था। महिला ने बताया कि जब वह अपने मायके पहुंची और टेंपो की छत पर रखे बैग को खोला, तो उसके अंदर से जेवर गायब थे। महिला ने बताया कि उसके बैग में सोने के कंगन, छह अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, झुमकी, सोने की दो चेन आदि जेबर रखे थे। इनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये थी। महिला ने बताया कि टेंपो के पीछे तीन लोग खड़े होकर सफर कर रहे थे। जिन पर महिला को शक है। जो सीसीटीवी फुटैज में भी साफ दिखाई दे रहे है। हालांकि पुलिस भी सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। इस मामले के जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि महिला सात अगस्त की घटना बता रही है। 10 अगस्त को महिला ने बैग चेक किया तो घटना की जानकारी महिला को हुई। अब तक की जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वहीं महिला के अनुसार घटना चंदौसी से बहजोई के बीच हुई है।

# भीषण गर्मी के मौसम में जब पेयजल की समस्या देख लगवाया वाटर कूलर



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी । ओमप्रकाश ओमी लाल ने अपनी धर्म पत्नी की स्मृति में नगर में जगह-जगह वाटर कूलर लगवाए है, चौथा वाटर कूलर हनुमान मंदिर के पास लगवाया है, शनिवार को निस्वार्थ सेवा में दिखा डछत्रः परिवार शहर के रघुनाथ आश्रम हनुमान मंदिर के पास एक वाटर कूलर लगवाया है । कपिल गुप्ता समाजसेवी ने अपनी माता श्री की स्मृति में एक हनुमान मंदिर के बाहर वाटर कूलर भेंट किया, जिससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को लाभ होगा। इससे पहले रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए एक वाटर कूलर लगवाया गया था। लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाना और सार्वजनिक स्थानों पर पानी की कमी को दूर करना है ' अब तक ये चार वाटर कूलर सार्वजनिक स्थलों जैसे बाजारों , बस स्टैंडों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगाए जा चुके है । प्रेरणाः अपनी मां से मिली कपिल गुप्ता को भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को होने वाली पानी की समस्या और पानी की उपलब्धता करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है ।

## दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण का हुआ समापन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र संभल द्वारा ग्राम सभा असालतपुर जारई विकासखंड बनियाखेड़ा चंदौसी में चल रहे दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण का समापन रविवार को ग्राम प्रधान द्वारा 30 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया तथा प्रशिक्षण के द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं हुकम सिंह राणा आदि ने विभिन्न विषयों पर जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान केंद्र सहायक मोहित गौड़ का भी विशेष सहयोग रहा तथा केंद्र प्रभारी नौसिंह ने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ चलाया अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आव्हान पर 16 अगस्त से पूरे उत्तर प्रदेश में स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ अभियान की शुरूआत की गई है ' इस अभियान के तहत व्यापारी जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 28, 29, 30 अगस्त को सभी बाजारों में पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी।

3 सितंबर को संगठन का 32वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें स्वदेशी अभियान के लिए सभी को संकल्प दिलवाया जाएगा ।इस अभियान के तहत रविवार को बड़ा बाजार स्थिति सुपर मार्केट में अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ के नारे के साथ व्यापारियों से स्वदेशी बस्तुओं के बेचने की अपील की ।संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ट्रंप और अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब दें, और यह काम देश का उद्यमी और व्यापारी समाज ही बखूबी कर सकता है। हमें अपने परिवार से शुरूआत करनी होगी और स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करना चाहिए। दही छाछ थाली में, पेप्सी कोला नाली में,₹ यह नारा देते हुए उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों की बिक्री करने की अपील की। सभी व्यापारी शपथ लेते है विदेशी वस्तुओं का वहिष्कार करेंगे ' पदयात्रा में प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, महताब ,रितिक वार्ष्णेय ,तुषार क्रश्टल, उमैर ,शमशी ,बिर्जेश वार्ष्णेय, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल ,राजू चड्ढा मौजूद रहे।

## मनीषा के आरोपियों की गिरफ्तार की मांग

बिजनौर/नजीबाबाद। शिक्षिका मनीषा की संदिग्ध मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनीषा को इंसाफ दिलवाने और उसके कातिलों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। विगत 13 अगस्त को हरियाणा के भिवानी के एक खेत से एक लड़की का शव मिला था। शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस जांच में पता चला कि जिस लड़की का शव मिला है, उसका नाम मनीषा है जो 11 अगस्त से लापता थी। मनीषा के परिवारवाले उसकी तलाश कर रहे थे। परिवारवालों से पुलिस ने संपर्क किया और बेटी का शव मिलने की जानकारी दी। नगर पंचायत सहानपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनीषा के हथियारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन, युवा ब्लॉक अध्यक्ष फैज एड., युवा नेता अभिनव अग्रवाल एड., वसीम अख्तर, वकील मंसूरी, युसूफ मंसूरी, सोनू, रोहतास, हरि ओम, सचिन कुमार, शरीफ, शमशाद, भूरे, रिहान जमाल, वसीम अहमद, शारिब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# कला प्रतियोगिता का 'परिणाम, पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी' के तत्वावधान में गत रविवार को संपन्न हुई कला प्रतियोगिता का 'परिणाम, पुरस्कार वितरण समारोह' ब्रज नगर कॉलोनी स्थित ₹भोलेनाथ भवन₹ में आयोजित किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके कवि सुखपाल सिंह गौर की सरस्वती वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । मंचासीन अतिथियों एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय और स्वागत व अभिनंदन बैज लगाकर व पटका पहनाकर हुआ । समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया 'एड.' ने समिति की प्रगति आख्या, उद्देश्य एवं कार्यों का वर्णन किया । शैलेंद्र वार्ष्णेय जी ने अपने मधुर गीत और सुखपाल सिंह गौर ने अपनी कविता से सबका मन मोह लिया ।

प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में हमारा प्यारा तिरंगा झंडा या जल बचाओ, द्वितीय वर्ग में वंशीवादक श्रीकृष्ण या वर्षा का दृश्य, तृतीय वर्ग में स्वच्छता अपना-रोग भगाओ या सबसे ऊंचा पुल चिनाब तथा चतुर्थ और अंतिम वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर या वृक्षारोपण अभियान पर चित्रण करके मनभावन रंग भरने थे ।

प्रतिभागियों ने एक से एक बढ़कर सुंदर चित्र उकेरे और आकर्षक रंगों से उनमें जान डाल दी ।प्रथम वर्ग में जी.के. सिल्वर स्टोन के प्रत्यांश कुमार प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी की अनिका मिश्रा द्वितीय तथा ए. एम. वर्ल्ड स्कूल की अंबिका अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं । द्वितीय वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की हंसिका यादव ने प्रथम, रेलवे मिश्रित जूनियर हाई स्कूल की रितिका ने द्वितीय तथा सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल की दशार्राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

तृतीय वर्ग में ए.एम. वर्ल्ड स्कूल के तेजस्वी कुमार प्रथम, न्यू सत्यम् एकेडमी के मोहम्मद अली द्वितीय तथा जी. के. सिल्वर स्टोन के आदित्य गौतम तृतीय स्थान पर रहे ।

चतुर्थ वर्ग में एम वर्ल्ड स्कूल की नित्या अग्रवाल ने प्रथम, रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की अदिति ने द्वितीय, तथा ए. एम. वर्ल्ड स्कूल के शुभ सक्सेना ने तृतीय स्थान हासिल किया । इसके अतिरिक्त चारों वर्गों में 7-7 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए । पुरस्कारों में शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । पुरस्कार वितरण मंच पर उपस्थित कृष्ण गोपाल मंगलम् , बृजगोपाल गुप्ता, सुभाष वार्ष्णेय 'भोलेनाथ', दृगपालसिंह, नरेशपाल यादव एवम् समिति के पदाधिकारियों के कर - कमलों से संपन्न हुआ ।

दो नवागंतुक अतिथियों में विपिन कुमार बालाजी एवं डॉ. डी.के. अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया । अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने एवं उत्साहवर्धन करने के लिए ऐसी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहना समय की आवश्यकता है ।

अध्यक्षता कृष्ण गोपाल मंगलम् ने की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया । इस अवसर पर आदि आशा गोस्वामी, वंदना गर्ग, पूजा, ममता यादव, जोगेंद्रसिंह, गुड्डी, चंदन गुप्ता, अनीता, गीता कश्यप, जानकी अरोड़ा, अमित चौहान आदि अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संयोजन हरीश कठेरिया 'एड'. ने किया तथा कृष्ण गोपाल गुप्ता 'धर्म शास्त्री' प्रतियोगिता प्रभारी रहे ।

## जीनियस क्रिकेट अकादमी धनारी ने आरआर के अकादमी चंदौसी को 22 रन से हराया



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**


धनारी। रविवार को डीपी विद्यापीठ स्कूल मैदान धनारी में खेले गए मित्रता क्रिकेट मैच में जीनियस क्रिकेट अकादमी धनारी ने आर आर के क्रिकेट अकादमी चंदौसी को रोमांचक मुकाबले में 22 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर जीनियस अकादमी के कप्तान ललित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 29.5 ओवर में 167 रन बनाए। बल्लेबाजों में ललित शर्मा व ऋषित ने 22-22 रन, जबकि अमित व अंकित ने 19-19 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में आर आर के अकादमी की ओर से मोहित ने 3 और जुबेर ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर आर के क्रिकेट अकादमी चंदौसी की टीम 145 रन पर सिमट गई। बल्लेबाज दीपेश ने 42 और हर्षित ने 26 रन बनाए। जीनियस अकादमी की ओर से अंकित ने 2, पुन्या, मदनगोपाल व सचिन ने 1-1 विकेट हासिल किया। जबकि अर्जुन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4.4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट झटके और बल्लेबाजी में 19 रन जोड़कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि सुशील कुमार लच्छी और अर्पित अग्रवाल (चंदौसी) के करकमलों से हुआ। इस मौके पर नितेश यादव, मयंक राणा, अंकित यादव, प्रियांशु, अमित यादव, अमन, लालटेश, विनीत सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## सांसदों से वसूली की जाए

हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गईं, यानी संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। यह बात बेहद पीड़ादायक है कि यदि यह सत्र न भी होता, तो कोई विशेष राष्ट्रीय क्षति नहीं होती। यह कहना देशहित में उचित नहीं लगता, क्योंकि संसद को सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंदिर माना जाता है। परंतु व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाए, तो संसद अब लोकतांत्रिक विमर्श का मंच कम और राजनीतिक टकराव का अखाड़ा अधिक बनकर रह गई है।इस सत्र पर करीब 190 करोड़ रुपए खर्च हुए। आंकड़ों के अनुसार, संसद की एक दिन की कार्यवाही पर लगभग 9 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। यह धन सांसदों का नहीं, बल्कि करदाताओं की मेहनत की कमाई है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब कार्यवाही हंगामे और शोर-शराबे में ही बीत जानी है, तो जनता अपने पैसों का बोझ क्यों उठाए? स्थिति यह है कि सदन चले या न चले, लेकिन सांसदों को 2500 रुपए का दैनिक भत्ता अवश्य मिल जाता है। इस बार कुछ सांसदों ने स्वयं यह मुद्दा उठाया कि यदि संसद के स्थगन से आर्थिक नुकसान हुआ है, तो उसकी भरपाई सांसदों से ही वसूल की जानी चाहिए। सांसदों के वेतन और भत्तों में कटौती करना ही न्यायसंगत प्रतीत होता है।विपक्ष ने इस पूरे सत्र में एसआईआर के मुद्दे पर लगातार हंगामा किया, जबकि उन्हें पता था कि चुनाव आयोग पर संसद के भीतर चर्चा संभव नहीं है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है, फिर भी विपक्ष ने इसे अपने संवैधानिक अधिकार के रूप में प्रस्तुत कर लगातार व्यवधान डाला। तर्क यह दिया गया कि दिवंगत नेता अरुण जेतली ने भी ऐसा कहा था। किंतु यदि संवैधानिक अधिकारों के नाम पर संसद की कार्यवाही बाधित होती रहे और अंततः सत्र ठप हो जाए, तो उसके नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा?यह कहना आधा-सच है कि कार्यवाही चलाना केवल सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है। सच्चाई यह है कि बहस और चर्चा तभी संभव है जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों जिम्मेदारी से सदन में भाग लें। जब विपक्ष केवल हंगामे तक सीमित रह जाए, तो विधेयकों पर गंभीर विमर्श असंभव हो जाता है।यद्यपि लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 14 विधेयक पारित किए गए, परंतु उनका स्वरूप केवल औपचारिकता जैसा था। 'हां' और 'ना' के ध्वनिमत से उन्हें पारित कर लिया गया। सवाल उठता है कि यदि बिना चर्चा के ही बिल पारित करने हैं, तो संसद सत्र बुलाने की आवश्यकता ही क्या है? उदाहरण के लिए, ऑनलाइन गेमिंग संबंधी विधेयक, जो करीब 45 करोड़ लोगों को प्रभावित कर सकता है और जिसमें लगभग 20,000 करोड़ रुपए का आर्थिक पक्ष जुड़ा है, बिना किसी चर्चा के पास हो गया। इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल भी बेहद महत्वपूर्ण थे, लेकिन उन पर भी सार्थक विमर्श नहीं हुआ।यदि यही स्थिति बनी रहेगी, तो संसद की भूमिका मात्र औपचारिक हो जाएगी। आंकड़े बताते हैं कि इस बार लोकसभा की उत्पादकता 31 प्रतिशत और राज्यसभा की 35 प्रतिशत रही। लोकसभा में वास्तविक विधायी कार्य केवल 2.9 घंटे और राज्यसभा में 13.1 घंटे ही हो पाया। कुल 21 बैठकों के दौरान लोकसभा में 126 घंटे काम होना तय था, लेकिन केवल 37 घंटे ही संभव हो सके। प्रश्नकाल का हाल तो और भी चिंताजनक रहा—लोकसभा में मात्र 4.7 घंटे और राज्यसभा में केवल 1.2 घंटे। संसद का प्रमुख उद्देश्य ही सवाल-जवाब और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यदि सांसद मंत्री से प्रश्न ही न पूछ पाए, तो संसद का औचित्य क्या रह जाता है?इस सत्र की एक और विशेष घटना रही कि राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति को अचानक इस्तीफा देने को बाध्य होना पड़ा। आश्चर्यजनक यह है कि उन्होंने न तो कोई बयान दिया और न ही उन्हें औपचारिक विदाई दी गई। यह स्थिति भी लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रश्नचिह्न लगाती है।'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस अवश्य हुई और अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल का सबसे लंबा, 102 मिनट का भाषण दिया। हालांकि कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विशेषकर युद्धविराम किसके प्रयासों से संभव हुआ, इस पर प्रधानमंत्री की चुप्पी ने और सवाल खड़े कर दिए।

# प्राचीन भाषाओं के साथ उनकी लिपियों को बचाने का संकट



विजय गर्ग


यूनेस्को की सूची में ऐसी 197 भारतीय भाषाएं हैं जो या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही आधुनिक समाज 'सम्मुख प्राचीन भाषाओं के साथ उनकी लिपियों को बचाने का भी संकट है। संकटग्रस्त भाषाएं श्रुति परंपरा के कारण किसी तरह से कुछ और समय तक अपने अस्तित्व को बचाए रखने में हो । भी हैं, तो प्रचलन से बाहर होने के कारण उनकी लिपि को पढ़ने और समझने वाले नहीं मिलते।

मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं होती। उससे व्यक्ति के जीवन की शुरुआत के संस्कार जुड़े होते हैं, इसलिए वह अपने उपयोगकर्ताओं के लिए आत्मिक और मानसिक संबल भी होती है। शायद इसीलिए भारतेंदु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था- 'निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल।' यानी अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रकार र की । उन्नति का आधार है। आजादी के पहले जब अंग्रेजों ने भारत में लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति लागू की थी, तो तो उसका भी उद्देश्य यही था कि था कि भारतीयों से उनका सांस्कृतिक और भाषाई गौरव छीन लिया जाए, ताकि ब्रिटिश शासन को उसके । की पूर्ति के लिए पढ़े-लिखे सेवक मिल सकें। कहना नहीं होगा कि अंग्रेज अपनी इस नीति में बहुत हद तक सफल भी रहे थे। आजादी के बाद भी समाज में ऐसा वर्ग आज भी अभिजात्य होने के गर्व में जीता है, जो अंग्रेजी और अंग्रेजियत को ही सार्थक जीवन का सोपान समझता है। इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह हुआ कि ऐसी 'कई भारतीय भाषाएं हैं जो सीधे तौर पर रोजगार से नहीं जुड़ी होने के कारण धीरे-धीरे चलन से बाहर हो गई और आज उनका उपयोग करने वाले लोग कम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जवां, शोम्पेन, वहीं मणिपुर की एमोल, कोइरेन, तराओ; हिमाचल प्रदेश की बधाती, हंदुरी, पंगवाली, ओड़ीशा की मंडा, परजी, पेंगो; कर्नाटक की कोरोगा, कुरूबा और इसी तरह असम की तेई तेई रा एवं एवं तेई तेई रोग ऐसी ही भाषाएं हैं। यूनेस्को की सूची में ऐसी 197 भारतीय भाषाएं हैं जो या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही आधुनिक समाज 'सम्मुख प्राचीन भाषाओं के साथ उनकी लिपियों को बचाने का भी संकट है। संकटग्रस्त भाषाएं श्रुति परंपरा के कारण किसी तरह से कुछ और समय तक अपने अस्तित्व को बचाए रखने में हो । भी हैं, तो प्रचलन से बाहर होने के कारण उनकी लिपि को पढ़ने और समझने वाले नहीं मिलते। राजस्थानी भाषा के उदाहरण से इस बात को समझा जा सकता सकता है। इस भाषा को । इस भाषा को बोलने वालों की संख्या आज । करोड़ों में है, लेकिन प्राचीन राजस्थानी लिपि मुंडिया को पढ़ने और समझने वाले लोग आज गिनती के हैं।

दरअसल, आजादी के बाद तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए देश की एकता बचाए रखने लिए सेठ गोविंद वल्लभ पंत ने राजस्थानी भाषा को देवनागरी लिपि में लिखने का आग्रह किया। राष्ट्र की अखंडता बनाए रखने के लिए राजस्थानियों ने इस भावनात्मक आग्रह को स्वीकार कर लिया। परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे मुंडिया लिपि चलन बाहर हो गई और उससे परिचित लोग घटते चले गए। आज जब राजस्थानी भाषा 1 के समर्थ भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग करते हैं तब तब विरोधियों। द्वारा भी दिया जाता है कि इस भाषा कि इस भाषा की पृथक लिपि ही नहीं है। भाषा के सवाल राजनीतिक' 'सवाल के तौर पर भी बार-बार इस्तेमाल किया गया है। भाषा से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव क्या रूप ले सकता है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण वर्ष 1971 में बांग्लादेश का निर्माण है। वर्ष 1947 में जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा, तो उन्होंने गंगा और सिंधु की धरती को बांट दिया। तब ढाका की तरफ वाले हिस्से यानी पूर्वी बंगाल को पाकिस्तान में शामिल होना बेहतर लगा। मगर धीरे-धीरे पूर्वी बंगाल के लोगों का मोह टूटने लगा। इस क्षेत्र को पूर्वी पाकिस्तान नाम दिया गया। मगर जब वहां की भाषा को विस्थापित करने की कोशिश की गई, तो जनता के सब्र का बांध टूट गया। फिर हिंसा फैली और भारत को हस्तक्षेप करना पड़ा। परिणामस्वरूप एक नए राष्ट्र का उदय हुआ।

भारत में भाषाएं बार-बार संघर्ष का मुद्दा बनती हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रवासी बांग्लाभाषियों के हितों की रक्षा के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसे बांग्ला भाषा अभियान नाम दिया गया है। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में मराठी बनाम हिंदी की सुगबुगाहट हुई थी। दक्षिण भारत में तो हिंदी विरोध के कई आंदोलन हुए। उत्तर और पूर्वी के नाम पर राज्यों के पुनर्गठन किए गए हैं।। भारत में भाषा के नाम पर भारत में भाषाई आधार पर गठित होने वाला पहला राज्य आंध्र प्रदेश था मद्रास राज्य के तेलुगू भाषी क्षेत्रों से बना। दरअसल, भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किए जाने की बात जब संविधान सभा में बार-बार उठी, तो संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1948 में इलाहबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके घर अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इसने भाषा के आधार पर राज्यों के गठन का विरोध किया। इस पर जवाहर लाल नेहरू, वल्लभ भाई पटेल और पट्टाभि सीतारमैया की सदस्यता वाली एक समिति बनाई गई। इस समिति ने भी अपनी सिफारिशों में आयोग की बात का समर्थन किया। बाद तेलुगू [ भाषियों आंदोलन कर दिया। अक्तूबर 1952 में पोट्टी श्रीरामालू [ने तेलुगू भाषी आंदोलन के तहत अपनी मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू र दिया। अनशन के 56वें दिन उनकी मृत्यु हो गई। आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा। आजाद भारत मैं ही बंबई राज्य का राज्य का विभाजन मराठी और गुजराती भाषा के आधार पर किया गया। वर्ष 1966 में असम से नगालैंड, वर्ष 1966 में ही पंजाब से हरियाणा बनने जैसी घटनाओं के पीछे भी भाषा ही आधार रही। भी मैथिली, ,भोजपुरी, मुंडारी, अंगिका और राजस्थानी बोलने वाले लोग अपनी-अपनी भाषाओं के संरक्षण के लिए चिंतित हैं और उन्हें संवैधानिक मान्यता दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इन भाषाओं के समर्थकों का कहना है कि उनकी भाषा को संवैधानिक संरक्षण या मान्यता नहीं' 1 मिली, तो नई पीढ़ी अपनी भाषा से दूर होती जाएगी। इस तरह उनकी भाषा के अस्तित्व पर संकट बढ़ता चला जाएगा। मगर यूनेस्को द्वारा संकटग्रस्त 197 भाषाओं की सूची में शामिल भूमिज भाषा के समर्थकों ने अपने अनूठे संकल्प से यह ह साबित कर दिया कि भाषा के सबसे बड़े संरक्षक संरक्षक उसके समर्थक होते हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के जंगल महल क्षेत्र यानी झारग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा और पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में भूमिज' भूमिज समुदाय की एक बड़ी आबादी रहती है। इस समाज के कुछ जागरूक लोगों ने वर्ष 3 में अपनी भाषा को बचाने के लिए कुछ करने की ठानी और क्षेत्र में ऐसे स्कूल खोले, जहां लोगों को अपनी भाषा का शिक्षण दिया। नई पीढ़ी को अपनी भाषा भाषा से जोड़ने के लिए पढ़ाया भी। रूस के महान उपन्यासकार फ्योदोर दोस्तोएव्स्की ने एक स्थान पर लिखा है- 'यदि तुम हो दूसरे तुम्हारा सम्मान करें, तो इसकी

सबसे पहली और सबसे महत्त्वपूर्ण जरूरत यह है कि तुम स्वयं अपने आप का सम्मान करो।' भूमिज समुदाय के लोगों ने अपने संकल्प से यह साबित किया है कि अपनी मातृभाषा के संरक्षण के लिए किसी का मुंह ताकने से अच्छा है कि हम स्वयं अपने संकल्पों को हौसलों का आसमान दें।




*भारत में भाषा के नाम पर भारत में भाषाई आधार पर गठित होने वाला पहला राज्य आंध्र प्रदेश था मद्रास राज्य के तेलुगू भाषी क्षेत्रों से बना। दरअसल, भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किए जाने की बात जब संविधान सभा में बार-बार उठी, तो संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1948 में इलाहबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके घर अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इसने भाषा के आधार पर राज्यों के गठन का विरोध किया।*

# इतिहास में आज का दिन

25 अगस्त का दिन विश्व इतिहास में अनेक घटनाओं का साक्षी रहा है। यह तिथि कई मायनों में राजनीति, युद्ध, विज्ञान, खेल और संस्कृति के महत्वपूर्ण पड़ावों से जुड़ी हुई है। जब हम विश्व इतिहास की ओर दृष्टि डालते हैं, तो पता चलता है कि यह दिन केवल किसी एक महाद्वीप या राष्ट्र के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए अहम रहा है।सत्रहवीं और अठारहवीं सदी के दौरान यूरोप में उपनिवेशवाद और युद्धों का दौर चल रहा था।

25 अगस्त 1718 को स्पेन और फ्रांस के बीच हुए संघर्षों के बीच ब्रिटेन ने एक मध्यस्थ की भूमिका निभाई। यह वह समय था जब यूरोप की राजनीति निरंतर सत्ता संतुलन की खींचतान से गुजर रही थी। इन्हीं टकरावों ने आने वाले दशकों में औद्योगिक क्रांति और आधुनिक यूरोपीय राज्यों की संरचना को प्रभावित किया। उसी दौर में अमेरिका में भी उपनिवेशवादियों और मूल निवासियों के बीच तनाव जारी था, जिसने बाद में स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी।19वीं सदी में यह तिथि दक्षिण अमेरिका के लिए ऐतिहासिक महत्व रखती है। 25 अगस्त 1825 को उरुग्वे ने ब्राज़ील से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। इस घटना ने लैटिन अमेरिकी स्वतंत्रता आंदोलनों को एक नई ऊर्जा दी। दक्षिण अमेरिका उस समय यूरोपीय औपनिवेशिक शक्तियों से संघर्ष कर रहा था और विभिन्न राष्ट्र आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए उठ खड़े हुए थे। उरुग्वे की स्वतंत्रता केवल एक देश की आज़ादी नहीं थी, बल्कि पूरे महाद्वीप में उपनिवेश-विरोधी आंदोलन का प्रतीक बनी।20वीं सदी में 25 अगस्त कई राजनीतिक और सैन्य घटनाओं से जुड़ा रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इसी दिन पेरिस के नागरिकों ने नाज़ी कब्ज़े से आज़ादी का जश्न मनाया। 1944 का यह दिन यूरोप के लिए बेहद खास था, क्योंकि पेरिस की मुक्ति ने युद्ध के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा दिया। फ्रांसीसी प्रतिरोध सेनानियों और मित्र राष्ट्रों के सैनिकों ने मिलकर इस ऐतिहासिक क्षण को संभव किया। पेरिस की आज़ादी ने दुनिया भर में स्वतंत्रता और लोकतंत्र की उम्मीदों को मजबूत किया।इसी शताब्दी में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी 25 अगस्त का महत्व है। 1989 को नासा के अंतरिक्ष यान वॉयेजर-2 ने नेपच्यून ग्रह के पास से होकर उड़ान भरी और अद्भुत तस्वीरें पृथ्वी पर भेजीं। यह घटना मानव सभ्यता के लिए ब्रह्मांड को समझने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि थी। नेपच्यून की सतह, उसके उपग्रहों और वायुमंडल की जानकारियों ने खगोल विज्ञान की दुनिया को समृद्ध किया। यह दिन विज्ञान के इतिहास में दर्ज है कि इंसान ने अपनी जिज्ञासा और तकनीक की शक्ति से अंतरिक्ष की गहराइयों तक झांकने की हिम्मत दिखाई।25 अगस्त खेल जगत में भी स्मरणीय है। अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी एले टेड विलियम्स ने इसी दिन अपनी अंतिम लीग खेली। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा होता है। इस प्रकार की घटनाएं न केवल खेल प्रेमियों के लिए खास होती हैं, बल्कि एक पूरे युग की यादों को संजोए रखती हैं।इसी दिन को मानवाधिकार और सामाजिक न्याय की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जाता है। 1967 में अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जॉर्ज लिंकन रॉकवेल की हत्या इसी दिन हुई। वे अमेरिका में श्वेत वर्चस्ववाद के कट्टर समर्थक थे, जिनकी विचारधारा ने कई विवाद खड़े किए। इस घटना ने अमेरिकी समाज को गहराई से प्रभावित किया और नस्लीय समानता पर बहस को और प्रखर बना दिया। दूसरी ओर, यही तिथि नेल्सन मंडेला के संघर्षों से भी जुड़ी है, जब दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद विरोधी आंदोलन ने वैश्विक समर्थन प्राप्त किया।संस्कृति और साहित्य की दुनिया में भी 25 अगस्त स्मरणीय है। फ्रांसीसी दार्शनिक और साहित्यकार फ्रांसुआ-रेने डे शातोब्रियाँ का निधन इसी दिन हुआ। वे यूरोप के उन लेखकों में शामिल थे, जिन्होंने आधुनिक रोमांटिक साहित्य की नींव रखी। उनके लेखन ने न केवल साहित्य बल्कि राजनीतिक विचारों को भी गहराई से प्रभावित किया।

# समसामयिक

## आख़िर आती कहाँ से है इतनी हिंसा बच्चों में?



ऋषभदेव शर्मा

अहमदाबाद के खोखरा में एक निजी स्कूल में हाल ही में घटी दिल दहलाने वाली घटना ने भारतीय समाज को गंभीर आत्ममंथन के लिए मजबूर किया है। आठवीं कक्षा के एक छात्र ने मामूली विवाद के बाद दसवीं कक्षा के अपने सहपाठी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना केवल एक त्रासदी नहीं, बल्कि बच्चों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्तियों का स्पष्ट संकेत है। कहना शायद गलत न हो कि बच्चों में बढ़ रही हिंसा और आक्रामकता की जड़ में कहीं न कहीं पारिवारिक संरचना में आए बदलाव निहित हैं। आधुनिक भारतीय समाज - खासकर शहरी इलाकों - में परिवारों का आकार छोटा हो रहा है। माता-पिता की व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। सयानों की मानें तो, माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद की कमी भावनात्मक कुंठा और आक्रामकता को बढ़ावा देती है। खोखरा की घटना में, भावनात्मक समर्थन की कमी ने संभवतः छात्र की हिंसक प्रतिक्रिया को भड़काया। यहाँ इस बात पर भी ध्यान देने की ज़रूरत है कि भारतीय स्कूलों में अकादमिक प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा पर अत्यधिक जोर बच्चों में मानसिक तनाव पैदा करता है। स्कूलों में नैतिक शिक्षा और भावनात्मक विकास पर ध्यान न देने से बच्चे अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में असमर्थ हो जाते हैं। इस मामले में भी तो स्कूल के तनावपूर्ण माहौल और सहपाठियों के बीच छोटे-मोटे विवाद ने ही हिंसक रूप लिया न!समझना यह भी होगा कि इक्कीसवीं सदी का विलेन सोशल मीडिया जिस तरह चौबीसों घंटे हिंसक सामग्री परोस रहा है, उससे हिंसा एक कुसंस्कार की तरह बच्चों और किशोरों के मन की कोरी स्लेट पर अंकित होती चली जा रही है। डिजिटल युग में बच्चों को हिंसक वीडियो गेम्स और सोशल मीडिया सामग्री तक खुली पहुँच मिल गई है न! अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्ययन बताते हैं कि हिंसक सामग्री बच्चों में आक्रामक व्यवहार को बढ़ावा देती है। खोखरा के मामले में, यह संभव है कि छात्रों ने ऑनलाइन देखी गई हिंसा से प्रेरणा ली हो। एक और बात। सामाजिक असहिष्णुता और ग्रुपबाजी भी बच्चों में हिंसक व्यवहार को बढ़ावा देती है। खोखरा की घटना में कुछ छात्रों द्वारा सहपाठियों को मांस खाने के लिए मजबूर करने की खबरें सामने आईं, जो सामाजिक दबाव और सांप्रदायिक तनाव को दर्शाती हैं। यह बच्चों में असहिष्णुता और हिंसा को बढ़ाने वाला एक अहम कारक है।

पूछा जा सकता है कि, इस प्रवृत्ति को और पनपने से रोकने का तरीका क्या है? तो, अब वक़्त आ गया लगता है कि स्कूलों में प्रशिक्षित काउंसलर और मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं को अनिवार्य किया जाए। बच्चों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और तनाव प्रबंधन के लिए भी प्रशिक्षित करना होगा। बाल संरक्षण समितियों और शिकायत पेटियों का गठन हिंसा की रोकथाम में प्रभावी हो सकता है। याद रहे कि परिवार बच्चों की प्रथम पाठशाला है। यों, माता-पिता को अपने बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने और उनके भावनात्मक विकास पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। सकारात्मक पेरेंटिंग तकनीकों पर कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। साथ ही, बेहद ज़रूरी है कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और संघर्ष समाधान जैसे विषयों को शामिल किया जाए। शिक्षकों को भी बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार के लिए प्रशिक्षित करना ज़रूरी है। बच्चों के खिलाफ शारीरिक-मानसिक दंड पर रोक का कड़ाई से पालन होना चाहिए। इसके अलावा, सोशल मीडिया और इंटरनेट के उपयोग पर नियंत्रण के लिए माता-पिता और स्कूलों को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। बच्चों को ऑनलाइन सामग्री के प्रभावों के बारे में शिक्षित करना चाहिए

अंततः, खोखरा जैसी तमाम घटनाएँ खुली चेतावनियाँ हैं कि हमें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर तत्काल ध्यान देना होगा। यह केवल स्कूलों या परिवारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। बच्चों में हिंसा और उनके मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। शिक्षा, परिवार और समाज के स्तर पर समन्वित प्रयासों से ही हम अपने बच्चों को हिंसा के रास्ते से हटाकर सकारात्मक और रचनात्मक भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

# भारत, रूस, चीन बनाम अमेरिका और यूरोपियन देश

अमेरिका में 60वें राष्ट्रपति चुनाव के बाद चुनाव से अमेरिका में 47 वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा 50 वें उपराष्ट्रपति जे डी वेन्स चुने गए। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के पूर्व घोषणा की थी कि उनके राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वे रूस यूक्रेन युद्ध और इसराइल हमास युद्ध को तत्काल रुकवाएंगे और वैश्विक आर्थिक तथा सामरिक शांति का प्रादुर्भाव करेंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां,राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है।

वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन के समझौते या युद्ध में मदद की बात को लेकर अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक,व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर अमेरिका से टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करते थे, पर राष्ट्रपति चुने के जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं के उलट ना तो वे रूस यूक्रेन युद्ध रुकवा पाए हैं बल्कि ईरान पर बड़े हवाई जहाज हमले से एक नया विवाद खड़ा कर दिया था ले देकर ईरान इजरायल युद्ध रुकवा पाए हैं। दूसरी तरफ नए आयात टैरिफ लगाकर पूरे वैश्विक देश में बेचैनी तथा खलबली मचा दी है। वैश्विक आर्थिक सलाहकार और विशेषज्ञ किस डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही बता रहे हैं। और उनके आयत टैरिफ को बहुत ही अपरिपक्व निर्णय की संज्ञा दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देश तथा अन्य पश्चिमी देशों में आयात शुल्क पर काफी दरियादिली दिखाई है और यही वजह है कि नाटो तथा अन्य यूरोपीय देश अमेरिका का अभी भी समर्थन कर रहे हैं। अमेरिका के चुनाव के नतीजे से भारत के रिश्तों में काफी परिवर्तन हुआ है, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व कार्यकाल में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप के संबंध निजी तौर पर काफी प्रगाढ़ रहे थेजो। डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में दी जाने वाली अमेरिकी सहायता के खिलाफ रहे पर अब पाकिस्तान पर उनकी मेहरबानियां काफी बढ़ गई है। उन्होंने पाकिस्तान सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच में बुलाकर पाकिस्तान के प्याले में तूफान लाकर खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान की निराश उम्मीद पर पंख लग गए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतकर चीन पर भी नियंत्रण रखने का प्रयास किया है । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन रूस यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल लिए जाने पर खासा नाराज हुए थे। भारत पर काफी दबाव भी डाला गया पर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि रूस भारत का परंपरागत मित्र होने की वजह से और 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध रूस ने भारत की एक तरफ़ा मदद भी की थी। ऐसे में भारत स्पष्ट रूप से रूस के साथ सामरिक-आर्थिक मामलों में खड़ा हुआ है।



आज की ताजा परिस्थिति का आंकलन करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती उनके चुनाव के परम सहयोगी टेस्ला के मालिक से पूरी तरह टूट चुकी है, दूसरी तरफ भारत तथा चीन ब्राज़ील व अन्य राज्यों पर भारी आयात शुल्क लगाने पर डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी नीति खुलकर सामने आ गई है अमेरिका ने पाकिस्तान जैसे महत्वहीन और फकीर देश को अपना नया शागिर्द बना लिया है। ट्रंप और पुतिन की रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता पूर्ण रूप से विफल रही, पुतिन ने अपनी शर्तें डोनाल्ड ट्रंप को साफ तौर पर बता कर कह दिया कि यूक्रेन को नाटो की किसी भी परिस्थिति में सदस्यता ना दी जाए। उधर यूक्रेन ने भी अमेरिका से बातचीत के बाद उसका रूस के साथ युद्ध विराम वाले आदेश को मानने से साफ इनकार कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस द्वारा भारत को कम कीमत पर कच्चे तेल निर्यात किए जाने से कुपित होकर भारत पर 25 से लेकर 50% तक आयात शुल्क लागू किया है। भारत ने इस अमेरिकी रुख पर अडिग होकर भारतीय व्यापार तथा नागरिकों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। और अमेरिका का वैकल्पिक बाजार तलाशने के तारतम्य में रूस के साथ दोस्ती को और मजबूत कर चीन के साथ भी दोस्ताना हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर और एनआईए प्रमुख अजीत डोभाल की चीन की यात्रा उसके तुरंत बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत की यात्रा की है, जिससे भारत चीन व्यापारिक तथा कूटनीतिक संबंधों तेजी और थोड़ी प्रगाढ़ता आई है। भारतीय प्रधानमंत्री भारत और चीन के नए संबंधों के समीकरणों को मजबूत करने के लिए चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले हैं। भारत और चीन के आपसी संबंध मधुर होते ही रूस ने इसका स्वागत किया है। अब भारत रूस चीन तथा ब्राजील एक नए धरातल पर खड़े नजर आ रहे हैं। भारत रूस चीन की त्रिकोणीय जोड़ी विश्व में अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरती दिखाई दे रही है। यह अलग अलग बात है कि चीन भी अमेरिका से कम धोखेबाज नहीं है भारत का चीन के साथ पुराने अनुभव बहुत मधुर नहीं रहै हैं। किंतु बदली हुई परिस्थितियों में डोनाल्ड ट्रंप के इस आर्थिक तथा टैरिफ युद्ध के कारण भारत और चीन काफी नजदीक आ गए हैं। चीन के राष्ट्रपति श्री जिनपिंग ने भारत की मित्रता के लिए अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का खुलकर विरोध भी किया है। इसके अलावा रूस ने डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में अपनी बातचीत के दौरान भारत का पक्ष लेकर डोनाल्ड ट्रंप को आडे हाथों में भी लिया था और यही वजह है कि भारत रूस और चीन अब एक प्लेटफार्म पर खड़े होकर डोनाल्ड ट्रंप तथा यूरोपीय देशों के लिए चुनौती बने के लिए अग्रसर है। इस नए घटनाक्रम के नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय देशों खासकर नाटो देश में काफी खलबली तथा बेचैनी नजर आ रही है। अब निश्चित तौर पर भविष्य ही तय करेगा की भारत की यह नई मित्रता डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध कितनी कारगर साबित होगी।

## खबरें फटाफट

### आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने शपथ लिया



कानपुर,स्वर्ण जयंती वर्षारम्भ अवसर पर आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन, कुली बाजार कानपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी व विधायकों की मौजूदगी में अध्यक्ष नवीन तुलसानी, महामंत्री विवेक कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष नरेश गुप्ता सहित सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संस्था के विकास का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने जीएसटी नियमों को सरल बनाने, इस्पात नगर में व्यापारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यापारी हितों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह व्यापारी एकता के संकल्प और धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

### यात्री जन कल्याण समिति द्वारा दो सौ लोगों की निःशुल्क जांच हुई

कानपुर,रविवार को यात्री जन कल्याण समिति द्वारा पूर्व



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पालीवाल डॉ लाल पैथोलॉजी की ओर से निःशुल्क शुगर कैस्ट्रॉल अन्य जांचों को शुभारंभ समिति के सांसद विकास अग्रवाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि समिति ऐसे निःशुल्क समाज सेवा के लिए हर सेवा बस्ती में कार्य करती है आज हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक सुड्डू मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्य से मन में शांति मिलती है कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव मंजू पांडे,संतोष पांडे, बृजेश मिश्रा,सुरेश चंद पांडे, गिरिराज,अनिकेश,रितेश गुप्ता सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के संबंध में जारी किया रोस्टर

कानपुर, शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में नवागंतुक जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा जनपद कानपुर देहात में थाना समाधान दिवस के आयोजन हेतु रोस्टर जारी किया गया है। इस रोस्टर के अनुसार जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित थानों पर उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की व्यवस्था करेंगे।समाधान दिवस के दिन संबंधित थाने में क्षेत्रीय राजस्व कर्मी एवं पुलिस कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, साथ ही नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय (नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत) के अधिकारी भी समाधान दिवस में उपस्थित होकर शिकायतों का संज्ञान लेंगे।




मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मिथुन : रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

सिंह : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

तुला : वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा।

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे।

धनु : बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

कुम्भ : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व

मीन : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

# कल्याणपुर में फंदे पर लटकी मिली दिशा ने अपनी जान नहीं दी, बल्कि मार कर लटकाया गया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कल्याणपुर में फंदे पर लटकी मिली दिशा ने अपनी जान नहीं दी, बल्कि मार कर लटकाया गया था। इस बात का खुलासा 38 सेकेंड के एक वीडियो फुटेज से हुआ। 22 अगस्त को दिशा की मौत से पहले पति, सास और देवर ने उसकी जमकर पिटाई की थी। पिटाई से बचने के लिए वह बालकनी में आकर छिप गई, जिसके बाद उसका देवर ऋषभ उसे घसीट कर ले गया और उसकी सास आशा पांडेय ने बालकनी का गेट बंद कर लिया। गेट बंद होते ही दिशा की चीखे घर के बाहर तक सुनाई दे रही थी और कुछ ही देर बाद उसकी चीखें सन्नाटे में तब्दील हो गईं। कल्याणपुर में 22 अगस्त को मसवानपुर शिवनगर निवासी राम प्रसाद तिवारी की बेटी दिशा तिवारी का शव फंदे पर लटका मिला था। राम प्रसाद ने बताया कि उनके दामाद स्पोर्ट्स टीचर हिमांशु पांडेय ने उन्हें दिशा के मोबाइल से वीडियो कॉल की और बोला कि तुम्हारी बेटी को मार कर लटका दिया है, बचा सकते हो तो बचा लोड्ड जिसके बाद बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्हें दिशा का बेड पर पड़ा मिला था। राम प्रसाद ने आरोप लगाया था कि 27 फरवरी 2024 को दिशा की शादी बारा सिरोही निवासी हिमांशु पांडेय के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सास आशा पांडेय, ससुर शिव मोहन, देवर ऋषभ समेत अन्य लोग दहेज में 3 तोले की चेन और 3 लाख कैश की डिमांड करने लगे थे। मांग पूरी न करने पर बेटी को आए दिन प्रताड़ति करते थे।

जिस पर उन्होंने 2 लाख रुपए का इंतजाम कर ससुरालीजनों को दिए, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ससुरालीजन बेटी को प्रताड़ति करते रहे थे। आरोप लगाया था कि ससुर और देवर बेटी पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाते थे।

बेटी ने शिकायत की, तो मामा पुत्तन अग्निहोत्री ने जबरन समझौता करा दिया था। शुक्रवार सुबह 9:20 दिशा ससुराल में मृत अवस्था में पड़ी मिली थी। दिशा की मौत से करीब एक घंटे पहले सास, पति व देवर ने उसकी जमकर पिटाई की थी, जिसका पड़ोसियों ने एक 38 सेकेंड का वीडियो बना लिया था। पड़ोसियों ने घटना से जुड़ा वीडियो मृतका के परिजनों को दिया था।

## एआई से लाइब्रेरी साइंस में नए अवसर खुलेंगे : प्रो. शरद सोनकर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




लखनऊ। लाइब्रेरी साइंस को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप ढालने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अहम भूमिका निभा सकता है। यह कहना है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी साइंस विभाग के प्रोफेसर शरद सोनकर का। वे इंडोनेशिया के योग्याकार्टा सथित यूआईएन सुनान कलिजगा विश्वविद्यालय में 20 से 22 अगस्त तक आयोजित "नए युग के ग्रंथालय और सूचना विज्ञान पेशेवरों की तैयारी" विषयक 9वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। प्रो. सोनकर ने कहा कि एआई के प्रयोग से न सिर्फ शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार सामग्री तुरंत उपलब्ध कराई जा सकती है, बल्कि ग्रंथालयों को भी अधिक उपयोगी और सुलभ बनाया जा सकता है। उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों में लाइब्रेरी साइंस पाठ्यक्रम में एआई आधारित अध्ययन को शामिल करने की सिफारिश की। सम्मेलन में 17 देशों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रो. सोनकर ने एक सत्र को विषय विशेषज्ञ के रूप में संचालित करते हुए अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समरेन्द्र प्रताप को दी नई जिम्मेदारी

कानपुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे समरेन्द्र प्रताप की संघ द्वारा विश्व हिन्दू परिषद् अवध प्रान्त में जिला संगठन मंत्री के दायित्व पर नवीन योजना की गई है, अब इनका केन्द्र लखनऊ रहेगा। समरेन्द्र प्रताप पूर्व में कानपुर और बिल्हौर जिले में नगर प्रचारक रहे हैं, उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जैसे विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, जिला संगठन मंत्री और विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी निर्वहन किया है। रविवार को हुई घोषणा के बाद सभी कार्यकर्त्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सभी ने उन्हें बधाई देते हुए मुँह मीठा कराया साथ ही बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जैसे पूर्व में निष्ठापूर्वक संगठन कार्य कर रहे थे अब नवीन ज़म्मिदारी के साथ संगठन कार्यों को और अधिक गति के साथ आगे बढ़ाएंगे।

## चालिहा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर, पूज्य सिन्धी पंचायत काकादेव द्वारा पाण्डु नगर सोसायटी में धूमधाम से चालिहा महोत्सव मनाया गया वही बहराणा साहब की स्थापना राजेश महाराज द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ की गयी तत्पश्चात अखण्ड ज्योति ट्रस्ट रामबाग की टीम द्वारा महाआरती की गयी ,उसके बाद समाज के बच्चों का फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया तत्पश्चात उभरती गायिका सौम्या पंजवानी के एंकरिंग में डोकला एवं छेज़ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को परिवार ज्वैलर्स के सौजन्य से चांदी के बिस्किट और समय शताब्दी के सौजन्य से पूरे भारत में कहीं भी रिटर्न बस टिकट एवं अन्य कई पुरस्कारों से उत्साह वर्धन किया गया इस अवसर पर मनोज आडवाणी,हंसराज बागवानी,डा० अशोक पाहुजा, राम थावानी,दिलीप बजाज,विजय आडवानी,जयकिशन मतलानी,मोहन नथानी,नरेन्द्र गोकलानी आदि उपस्थित रहे।

## किन्नरों के भरथरी नृत्य के साथ शुरू होगा तीजा महोत्सव

### सैकड़ों वर्षों से विद्यमान है परंपरा, जमीदारों ने शुरू की थी परंपरा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में सुमेरपुर कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला का आगाज सोमवार की शाम किन्नरों के भरथरी नृत्य से होगा। किन्नर नाचते गाते कस्बे के बड़े घरानों के दरवाजे पर पहुंच कर तीजा महोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देंगे। इसी के साथ तीन दिन के ऐतिहासिक तीजा मेला का आगाज होता है। भरथरी कार्यक्रम में जिले के अलावा महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, कानपुर आदि के किन्नर शिरकत करते हैं।

सुमेरपुर कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला कई परंपराओं को समेटे हुए हैं। इन्हीं परंपराओं में एक परंपरा किन्नरों के भरथरी नृत्य की है। बड़े घरानों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए एक दिन पूर्व आमंत्रण देने के शुरू किया था। इसकी शुरुआत कस्बे के स्वर्गीय मुन्ना सिंह के हाता से होती है। इस वर्ष यह परंपरा सोमवार की शाम को शुरू होगी। मुन्ना सिंह के हाता से शुरू होकर यह सर्वप्रथम श्री कृष्ण मंदिर पहुंचती है। यहां से यह लोग नाचते गाते कस्बे की छोटी बाजार,चांद थोक के बड़े घरानों के दरवाजे पहुंचते हैं और अगले दिन शुरू होने वाली शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देकर नेग मांगते हैं।

लोग हंसी-खुशी श्रद्धानुसार नेग देकर विदा करते हुए शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आश्वस्त करते हैं। इसके बाद देर रात तक यह कार्यक्रम वापस मुन्ना सिंह के दरवाजे होता है। अगली सुबह शोभायात्रा में शामिल होने के लिए यह किन्नर पुनः सजधज कर यहीं पर एकत्र होते हैं और गाते बजाते श्री कृष्ण मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल होते हैं। कस्बे के निवासी भोला सिंह, राजकुमार द्विवेदी, राधेश्याम तिवारी, अरुण प्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी आदि ने बताया कि इस परंपरा वह लोग बचपन से देखे चले आ रहे हैं। पूर्वज बताते थे कि यह परंपरा सैकड़ों वर्ष से होती चली आ रही है। इसका उद्देश्य महज एक दूसरे को तीजा मेला में आमंत्रित करना था। जिसका निर्वहन आज भी शिद्दत के साथ किया जा रहा है।

### यमुना नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के दृष्टिगत जनमानस को बाढ़ से सूरक्षा एवं बचाव हेतु निर्देश

कानपुर देहात सिंचाई विभाग, कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया है यमुना नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रहा है, जो लगभग 6 मी० बढ़ने के सम्भावना व्यक्त की गयी है जिसके दृष्टिगत जनमानस को बाढ़ से सूरक्षा एवं बचाव हेतु निम्न दिशा-निर्देश जारी किए जाते है। *स्क्या करें और क्या न करेंस्र* *क्या करें।* अफवाहो पर ध्यान न दें। बाढ़ की स्थिति में ऊचे स्थान पर चले जायें।अपने पशुओं की सुरक्षित स्थान पर नदी से दूर रखें।नदी के तेज बहाव से दूर रहें।ऐसे विद्युत पोल, तार, ट्रन्सफार्मर जो गांव के किनारे हो एवं पानी से भींगे हो उससे दूर रहें।नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत लाठी / डंडा अपने साथ रखें।

### चम्बल नदी के कैचमेण्ट एरिया में अत्यधिक वर्षा हाने के कारण

## जनपद कानपुर प्रवाहित होने वाली नदियों के जलस्तर में बढोत्तरी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में चम्बल नदी के कैचमेण्ट एरिया में अत्यधिक वर्षा हाने के कारण जनपद कानपुर देहात में प्रवाहित होने वाली नदियों के जलस्तर में निरन्तर बढोत्तरी हो रही है। सिंचाई विभाग कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया है कि यमुना नदी का जलस्तर 40 सेमी० प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है, जो आज दिनांकः 24.08.2025 को रात्रि तक यमुना नदी (कालपी में) अपने खतरे के निशान 108 मी0 तक पहुँचने की संभावना है।अतः उक्त स्थिति के दृष्टिगत आवश्यक है, कि समस्त बाढ़ चौकियों को पूर्व की भांति सक्रिय करते हुए तहसील स्तरीय कन्ट्रोल रूम को भी सक्रिय करें। बाढ़ चौकियों पर चरण-वार ड्यूटी लगाकर तत्काल अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें। समस्त राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार ग्रामों को निरन्तर भ्रमण करते रहें जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर किसी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना ना करना पड़े। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु समस्त स्टेक होल्डर्स उप जिलाधिकारी भोगनीपुर व सिकन्दरा / अधोहस्ताक्षरी से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें। जनपद स्तर पर स्थापित ई०ओ०सी०/ बाढ़ कंट्रोल रूम टोल फ्री नम्बर-1077 एवं मो० नम्बर- 9044070030, 9454416429 है।

## कानपुर के अखिलेश गिरोह में विषकन्याओं की भी बहुलता, चर्चा सीपी अखिल की अभूतपूर्व निडरता और विशुद्ध ईमानदारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। विषकन्याओं यानी कमसिन लड़कियों के माध्यम लोगों के खिलाफ बलात्कार और छेड़खानी आदि के फर्जी मुकदमे में दर्ज करा रंगदारी, ब्लैक मेलिंग और अवैध कब्जों में सफलता के बदले कई हजार करोड़ की नामी - बेनामी, चल - अचल संपत्ति अर्जित करने वाले जेल भेजे गए वकील अखिलेश दुबे के देशव्यापी कारनामों का खुलासा लगातार जारी है। कानपुर के साथ ही देश के और भी कई राज्यों में दर्जनों को शिकार बना चुका यह देश का एक मात्र पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय गिरोह है, जिसमें सर्वाधिक संख्या में विषकन्याएं यानी लड़कियां भी शामिल थी। यह देश का पहला ऐसा गिरोह है ,जिससे बड़ा प्रभावशाली, जिससे बड़ा ऊंची पहुंच और पकड़ वाला गिरोह आज तक पूरे देश में प्रकाश में नहीं आया , जिसकी असली वजह लाखों करोड़ों की चल नामी बेनामी संपत्ति के रूप में भारी लाभ भी उठाने वाले कानून व्यवस्था जैसे पद वाले के साथ कई आईपीएस ,आई ए एस, पीपीएस, पीसीएस समेत विभिन्न विभागों के भी कई अधिकारियों, पत्रकारों, नेताओं और वकीलों आदि द्वारा गिरोह को संरक्षण और सहयोग रहा। यही वजह है कि ऐसे प्रभावशाली और मजबूत पकड़ वाले अखिलेश दुबे जेल भेज कर गिरोह का भंडाफोड़ करना बिल्कुल असंभव ही था। लेकिन इस असंभव को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छत्रछाया में संभव कर दिखाया अब डीजी भी बन चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की विशुद्ध ईमानदारी ,कर्तव्य निष्ठा और निडरता ने। जिसने आतंक से मुक्ति के साथ केवल अखिलेश दुबे का समाज विरोधी असली अपराधी माफिया चेहरा ही बेनकाब नहीं किया, बल्कि ना जाने कितने लोगों को भविष्य में गिरोह शिकार होने से भी बचा लिया। जिससे यह भी प्रमाणित हो गया कि पुलिस कमिश्नर के रूप में अखिल कुमार जैसा अभूतपूर्व विशुद्ध ईमानदार, अखिल कुमार जैसा अभूतपूर्व निडर ,अखिल कुमार जैसा जुझारु, अखिल कुमार जैसा नेतृत्व कुशल ,अखिल कुमार जैसा कठोर परिश्रमी, और अखिल कुमार जैसा व्यवहार कुशल कानपुर को इसके पहले ना तो कभी मिला था और ना ही इसके बाद कभी मिलने की संभावना है। यही वजह है कि कानपुर उनके व्यक्तित्व और जनहित में उनके कृतित्व को कभी भूलेगा भी नहीं। यह भी सच है कि अगर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री और वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार कानपुर के पुलिस कमिश्नर नहीं होते तो भी अखिलेश दुबे या अवनीश दीक्षित जैसे गिरोह का भंडाफोड़ कभी भी और कदापि नहीं हो पाता।

# कानपुर में जेल भेजे गए अधिवक्ता अखिलेश दुबे की जांच कर रही एसआईटी ने अब चार पुलिस अफसरों दो केडीए के कर्मचारियों को पूछताछ के लिए नोटिस

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




यह सभी कानपुर में तैनात रहे हैं। अखिलेश दुबे से इनका आर्थिक लेनदेन और उनके अपराध में संलिप्तता के साक्ष्य मिले हैं। इन सभी के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी एडीसीपी राजेश पांडेय ने बताया-एसआईटी ने पूछताछ के लिए शुक्रवार को छह सरकारी कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। इसमें कानपुर में तैनात रहे सीओ संतोष सिंह (वर्तमान में हरदोई में तैनात), उन्नाव से हाल ही में मैनपुरी ट्रांसफर हुए एसीपी ऋषिकांत शुक्ला, लखनऊ में तैनात एसीपी विकास पांडेय, कानपुर में तैनात इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी, कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात रहे केडीए वीसी के पी ए महेंद्र कुमार सोलंकी (एम के सोलंकी) ये मौजूदा समय में बस्ती में तैनात हैं। इसके साथ ही केडीए वीसी के पीआरओ कश्यपकांत दुबे को एसआईटी ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है।

सूत्रों की मानें तो ये सभी सरकारी कर्मचारी होने के बाद भी अखिलेश दुबे के साथ मिलकर जमीनों के कारोबार कर रहे थे। इतना ही नहीं बकायदा कंपनी बनाकर अपने परिवारीजनों के सदस्यों के नाम पर कारोबार कर रहे थे। एक कंपनी सामने आई है, जिसमें सौ करोड़ से भी ज्यादा का टर्नओवर है। इसी आधार पर इन सभी को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दुबे के साथ मिलकर कंपनी बनाई, करोड़ों का ट्रांजेक्शन एसआईटी में शामिल एक सूत्र की मानें तो सीओ संतोष सिंह, विकास पांडेय और ऋषिकांत ने अखिलेश दुबे के साथ मिलकर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी खड़ी की है। इस कंपनी में ऋषिकांत की पत्नी प्रभा शुक्ला, सीओ पांडेय का भाई प्रदीप कुमार पांडेय, संतोष का रिश्तेदार अशोक कुमार सिंह ने अखिलेश दुबे के बेटे अखिल और भतीजे सात्विक के साथ मिलकर कंपनी खड़ी की है। कंपनी कंस्ट्रक्शन से जुड़ा काम करती है। इन सभी ने कानपुर में तैनाती के दौरान कानून को ताक पर रखकर दुबे के लिए कई गैरकानूनी काम भी किए हैं। इन सभी मामलों की जांच एसआईटी कर रही है। इस वजह से सभी को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया कमिश्नर का मुखबिर PRO भी फंसा कानपुर में डायल-112 में तैनात इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी भी दुबे के दरबार में सलामी ठोंकने वाला इंस्पेक्टर था।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त के बारे में विद्यार्थियों को किया जागरूक

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी




मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की सहयोगी संस्था AIILSG की IEC टीम और ITC टीम द्वारा स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से बनातुल क्वारेशी गर्ल्स इंटर कॉलेज,गोविंद वल्लभ उच्चतर और कन्या दान हाई स्कूल में विद्यार्थियों व शिक्षको को सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूक किया गया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश स्वच्छ वातावरण वार्ड प्रोत्साहन समिति की बैठक नगर निगम मुरादाबाद की AIILSG की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन ने किया। इन बैठकों में समिति के नए सदस्यों और स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर IEC टीम ने नागरिकों को जागरूक किया डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली की कार्यप्रणाली और उसमें नागरिकों की सहभागिता का महत्व गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण क्यों आवश्यक है,और इसे रोज़मर्रा की आदतों में कैसे शामिल किया जाए। होम कंपोस्टिंग के लाभ जैसे खाद निर्माण, कचरे में कमी और पर्यावरण संरक्षण तथा इसे अपनाने के सरल तरीक़े सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इसका पूर्ण बहिष्कार करने की अपील यह पहल नागरिक भागीदारी को मजबूत बनाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा।

# गुरुद्वारा निर्मल आश्रम गुलाबबाड़ी में धूमधाम से मनाया गया साहिब श्री गुरु ग्रंथ जी महाराज का प्रकाश पर्व

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। गुरुद्वारा निर्मल आश्रम गुलाबबाड़ी में साहिब श्री गुरु ग्रंथ जी महाराज का प्रकाश पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। महंत सरदार गुरबिन्दर सिंह ने बताया कि साहिब श्री गुरु ग्रंथ जी महाराज का जन्म भादों मास की 9वीं तिथि को सन् 1604 में हुआ था। आज संपूर्ण विश्व में उनका प्रकाश पर्व मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर मनीत कौर द्वारा प्रारंभ किए गए सहज पाठ का भोग महंत गुरबिन्दर सिंह द्वारा डाला गया।

गुरु ग्रंथ साहिब जी की आरती सर्वत्र साध संगत द्वारा निर्मल मर्यादा अनुसार धूप, दीप, पुष्प, शंख, घंटा घड़ियाल बजा कर की गई। अरदास रानी कौर ने की। इसके बाद श्री निर्मल आश्रम महिला कीर्तन जत्था इंदर कौर, रीता मिश्रा, पिंकी गुलाटी, जसमीत कौर, इंदू कौर, निर्मल कौर आदि द्वारा शबद कीर्तन किया गया। निशान साहब के चोले की सेवा तलविंदर सिंह के परिवार की ओर से की गई। अंत में गुरु का लंगर (भंडारा) अटूट वारताया गया। लंगर सेवा जसविंदर सिंह एवं मनीत कौर परिवार की ओर से की गई, लंगर तैयार करने और वरताने में वजीर सिंह, वरियाम सिंह, हरमीत सिंह लवली राजेंद्र सिंह, गुरप्रीत आनंद, परमजीत सिंह आदि ने की मुख्य भूमिका निभाई।

निर्मल आश्रम की ओर से साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी पर आधारित एक पुस्तक पूर्ण गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी जिज्ञासु संगत को निःशुल्क वितरित की गई जिससे लोग गुरु ग्रंथ साहब की शिक्षाओं को समझ सकें।

# महिलाओं को सशक्तिकरण करने लिए दी जानकारी, दिए पम्पलैट



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच में रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# प्रज्ञा पीठ पर हुआ पंच कुण्डीय यज्ञ व भंडारा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



ठाकुरद्वारा। गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को पंच कुंडीय हवन यज्ञ कर विश्व शांति और खुशहाली की कामना की गई । साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में भोजन ग्रहण किया। गायत्री शक्ति पीठ प्रज्ञा पीठ पर केशो देवी ने पंच कुंडीय हवन यज्ञ संपन्न कराया। हवन में आहुतियाँ देकर विश्व शांति और खुशहाली की कामना की गई। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए केशो देवी ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन के विकार शांत होते हैं। इस दौरान राजेंद्र सिंह, दीपक लखपत सिंह, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप वर्मा ,एडवोकेट राजेंद्र सिंह,डॉ मोनिका,गीता देवी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।इंसट : प्राचीन शिवमढ़ि मंदिर पर बूढ़े बाबा की दूज का मेला आज ठाकुरद्वारा। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के मुरादाबाद मार्ग स्थित प्राचीन शिवमढ़ि मंदिर पर बूढ़े बाबा की दूज के मेले का आयोजन (आज) सोमवार को किया जाएगा। इंसट :ठाकुरद्वारा में श्री गणेश महोत्सव 27 अगस्त से शुरू : तैयारियां जोरों पर ठाकुरद्वारा। विगत वर्षों की भर्ती इस वर्ष भी नगर के बड़ा बाजार स्थित श्रीखाकेश्वर मंदिर गणेश भवन और नगर के वार्ड नंबर 14 फ़तेहउल्ला गंज स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पर श्री गणेश महोत्सव 27 अगस्त से शुरू किया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी गई है।

# उधार के पैसे मांगने पर भाई ने बहन को पीटा

मुरादाबाद। महताब पत्नी शाहिद ग्राम लालुवाला थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद व वर्तमान में रामपुर दौराहा किराये के मकान में रह रही हूँ। थाना प्रभारी निरीक्षक भोजपुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मैने अपने भाई आस मौ0 को रुपये जरूरत पर उधार दिये थे। जब उसने समय पर मेरे पैसे वापस नही दिये तो शनिवार को रात लगभग आठ बजे अपने घर पर लालूवाला आई अपने भाई से पैसे मांगे तो आस मौ0 ने मुझे गन्दी गन्दी गाली गलौच करने लगा मैने मना किया तो उसने मेरे दाहिने पैर मे डन्डा मार दिया व जानसे मारने कि मुझे धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## खबरें फटाफट

### महिला छात्रावास की मरम्मत को शासन ने जारी किया 50 लाख का बजट

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर के लाइनपार में स्थित राजकीय केजीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला छात्रावास की मरम्मत के लिए शासन द्वारा 50 लख रुपए का बजट जारी किया गया है। छात्रावास की मरम्मत का कार्य सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ हो जाएगा।

राजकीय केजीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 500 से अधिक छात्राएं बीएचएमएस की पढ़ाई कर रहे हैं। कॉलेज परिसर में छात्राओं के लिए दो छात्रावास बने हुए हैं। 42 कमरों का बना एक छात्रावास जर्जर हो चुका हैं। छात्रावास की मरम्मत के लिए शासन ने 50 लाख रुपए का बजट जारी कर दिया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि शासन की ओर से छात्रावास की मरम्मत के लिए 50 लाख रुपए रिलीज कर दिए गए हैं। सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में छात्रावास के मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी मरम्मत का कार्य ग्रामीण सेवा अभियंता विभाग द्वारा कराया जाएगा।

### स्वास्थ्यकर्मी का मकान गिरा, बड़ा हादसा टला

मुरादाबाद। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय (जिला अस्पताल) परिसर में स्टाफ क्वार्टर कैंपस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामसिंह का मकान रविवार दोपहर में अचानक भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित निकल आए। घटना के बाद आवासीय भवनों में रह रहे अन्य कर्मचारी दहशत और सदमे में हैं। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और जर्जर भवनों को खंडहर घोषित कर खाली कर दिया जाएगा। जिला अस्पताल परिसर में स्टाफ क्वार्टर में रह रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से यह आवास जर्जर हालत में हैं और उनकी मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों को कई दफा अवगत कराया जा चुका है।

# मुरादाबाद नगर निगम ने पांच माह में वसूला 19 करोड़ रूपये



मुरादाबाद। मुरादाबाद नगर निगम ने बीते 5 माह में 19 करोड़ रुपए का बकाया टैक्स गृह कर व जलकर के रूप में वसूल किया है। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी योजना के सीईओ दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गृह कर एवं जल कर की वसूली के लिए प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में कैम्प लगाकर बिल वितरण व भुगतान की सुविधा दी जा रही है। नगर आयुक्त दिवांशु पटेल ने रविवार को बताया कि बीते अप्रैल माह से अगस्त माह तक नगर निगम द्वारा 19 करोड़ रुपए के बकाया गृह कर और जलकर के रूप में वसूल किया गया है। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ रुपए के टैक्स को वसूलने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे अवश्य पूरा कर लिया जाएगा।

# कोचिंग कोचिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बने परवेज खान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। कोचिंग एसोसिएशन द्वारा अपनी कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर उपाध्यक्ष के पद पर परवेज खान को निर्विरोध चुना गया। रविवार को संगठन के कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सक्सेना द्वारा परवेज खान को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस दौरान उनको फूल मालाएं पहना कर बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित सक्सेना ने कहा कि यह पद काफी समय से रिक्त चल रहा था और परवेज खान को इस पद पर नियुक्त होने के बाद यूनियन को एक नई ऊर्जा व शक्ति मिलेगी। इस अवसर पर मनोज अजहर, शकील खान, उमेश यादव, मोहम्मद शाहिद,संदीप गोला, अजीम खान ,अजय सिंह, शैलेंद्र गहलोत, प्रदीप चौहान आदि विभिन्न कोचिंग संचालक मौजूद रहे।

# सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को दी नियमों की जानकारी




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कोतवाली और यातायात पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। साथ ही ठाकुरद्वारा,मैनाठेर,डिलारी में भी बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मुख्य चौराहों पर पहुंचकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई तथा आम-जनमानस को यातायात प्रति जागरूक किया गया। मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से

## पुलिस द्वार को सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया

सुरक्षा के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा कोचिंग संस्थानों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वार को सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और वाहन चलाते समय हेलमेट आवश्यक पहने,सीटबेल्ट का उपयोग करें आदि नियमों की जानकारी दी।

# पुलिस द्वारा वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 21 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 11 वारंटी तथा 21 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया। विवरण वारंटी थाना कटघर कृष्णोतार वर्मा पुत्र नन्नूमल वर्मा निवासी सूरजनगर पीतलबस्ती निकट मेजर हाऊस के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,राजकपूर पुत्र फरकान यादव निवासी परमोई थाना अमोर जिला पुरनिया(बिहार) हाल निवासी श्याम नगर कालोनी चौकी पंडित नंगला के सामने मेफेयर स्कूल वाली गली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,थाना डिलारी विनोद कुमार पुत्र नन्हे सिहं निवासी ग्राम नाखूनका थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद, जगदीश पुत्र नन्हे सिंह निवासीगण ग्राम नाखूनका थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद ,विक्की पुत्र महराम निवासी ग्राम मासुमपुर थाना डिलारी मुरादाबाद,नौबत पुत्र नत्थु निवासी बजीदपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद,मौ0 राहिल पुत्र बन्दु नि0 सिहाली खद्दर थाना डिलारी मुरादाबाद ,नफीस पुत्र अनीस निवासीगण ग्राम तगाली थाना डिलारी जनपद,नईम पुत्र अनीस निवासीगण ग्राम तगाली थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद,महमूद पुत्र भोला निवासीगण ग्राम मुस्तापुर बढेरा थाना डिलारी मुरादाबाद,फुरकान पुत्र खान मौहम्मद निवासीगण ग्राम मुस्तापुर बढेरा थाना डिलारी मुरादाबाद शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरण थाना कटघर-02,थाना सिविल लाइन्स-01, थाना भगतपुर-07,थाना सोनकपुर-03, थाना कांठ-01,थाना बिलारी-07 आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अधिवक्तागण पहुंचे कोतवाली

ठाकुरद्वारा। अधिवक्ता की पुत्री की बरामद की और अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जताई तो पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल एक अभियुक्त को पकड़ कर कोतवाली ले आई। बच्ची की बरामदगी के लिए पुलिस सक्रिय हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी अधिवक्ता की 13 वर्षीय का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस में अधिवक्ता की सास देवर सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन 24 घंटे बाद भी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था और ना ही बच्ची को बरामद किया जा सका था। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष तकी सिद्दीकी एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कोतवाली पहुंचा और वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह का घेराव कर लिया।

# लड़कियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और उनसे देह व्यापार कराने के तीन और आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी






मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में गोशाला की आड़ में बालिग, नाबालिग लड़कियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और उनसे देह व्यापार कराने के तीन आरोपितों को थाना मझोला पुलिस बीती देर रात्रि मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों आरोपित पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें दो आरोपित बरेली जनपद के और एक आरोपित संभल जनपद का रहने वाला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जिला अस्पताल में आरोपितों से पूछताछ की। शुक्रवार की रात्रि भी दो आरोपित इसी मामले में मुठभेड़ के बाद गोली लगने से घायल हुए थे जिन्हें पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया था।

पांच दिन पूर्व 19 अगस्त की सुबह जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन में बेटिकट पकड़ी गई तीन लड़कियों से पूछताछ में सामने आया कि मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र स्थित कांशीराम नगर में देह व्यापार का रैकेट चल रहा है। तीनों लड़कियां गिरोह के चंगुल से निकल आई हैं। इसके बाद एक महिला समेत चार आरोपित पर केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार रात्रि 11 बजे पुलिस ने मझोला क्षेत्र में हर्बल पार्क के पास विजय ठाकुर और अवनीश यादव को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर पूछताछ की तो इन्होंने अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी बताई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि शनिवार देर रात्रि थाना मझोला पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सोनकपुर ओवरब्रिज स्थित हड्डी मिल के पास तीन संदिग्ध लोग एक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रूकने का इशारा किया तो आरोपितों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कार्रवाई की जिससे तीनों आरोपित के पैर में गोली लगने से घायल हो गए और वहीं गिर गए जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बरेली जनपद के थाना बिशारतगंज के ग्राम अतरछेडी निवासी सचिन ठाकुर पुत्र आलोक सिंह व हसीन पुत्र अफसर अली और जनपद संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र स्थित ग्राम रुस्तमगढ़ निवासी विकास चौहान पुत्र अमरदास के रूप में हुई। तीनों घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनके पास से 315 बोर के तीन अवैध देशी तमंचे, तीन जिन्दा कारतूस, तीन खोका कारतूस, तीन मोबाईल फोन व एक मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट की बरामद हुई।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि आरोपितों ने कबूला है कि वह रेलवे स्टेशन से लड़कियों को काम दिलाने के बहाने कांशीराम नगर में ले जाते थे और उनसे देह व्यापार कराते थे।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash- II New Delhi-110048
15/249 Civil Lines Kanpur 208001
Instagram
facebook

# अब उत्तर प्रदेश में हावी नहीं हो सकती माफिया प्रवृत्ति: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**गोरखपुर** (उप्र), (भाषा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आठ वर्ष पूर्व तक कोई सोच भी नहीं सकता था कि उत्तर प्रदेश दंगामुक्त और माफियामुक्त होगा, पर आज दंगामुक्त व माफियामुक्त उत्तर प्रदेश हकीकत है।



उन्होंने कहा कि अब उप्र में माफिया प्रवृत्ति हावी नहीं हो सकती क्योंकि इसे जड़ से उखाड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब गुंडे यहां बहन, बेटियों और व्यापारियों के लिए खतरा नहीं बन सकते।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ गोरखपुर में दो 'कल्याण मंडपम' (मानबेला व राप्तीनगर विस्तार योजना) का लोकार्पण करने के बाद मानबेला में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

दोनों कल्याण मंडपम का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा क्रमशः दो करोड़ 65 लाख तथा 85 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। एक बयान के मुताबिक, मानबेला में बने कल्याण मंडपम के लिए मुख्यमंत्री ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है।

कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव इसलिए आया है क्योंकि 2017 से जनता ने अच्छी सरकार चुनी और अच्छी सरकारें अच्छा करने के लिए सोचती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश, फोर लेन कनेक्टिविटी, बंद खाद कारखाने को दोबारा शुरू करने, नए उद्योग लगवाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था, पर आज देश में सबसे ज्यादा निवेश उप्र में हो रहा है तथा बड़े-बड़े उद्योग लग रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने मानबेला के जिस क्षेत्र में कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया, वह क्षेत्र 2017 तक 'इंसेफेलाइटिस' की चपेट वाला माना जाता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस सीजन में इस बीमारी (इंसेफेलाइटिस) से बहुत सारे बच्चे काल के गाल में समा जाते थे। पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में सरकार ने इंसेफेलाइटिस और उसके कारकों का इलाज तो किया ही, प्रदेश को बीमार हाल पर छोड़ देने वाली ''बीमार मानसिकता'' का भी इलाज किया।

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि राज्य सरकार एक साल में मुख्यमंत्री राहत कोष से 1100 करोड़ रुपये की मदद गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दे चुकी है।

## राधाष्टमी का पर्व उत्साह से मनाने की तैयारियां शुरू

मथुरा (उप्र), (भाषा) मथुरा में आठ दिन पहले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाए जाने के बाद राधाष्टमी का पर्व पूरे उत्साह से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं।

प्राचीन परम्परा के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि (तदनुसार 31 अगस्त) को राधारानी के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि इस संबंध में बरसाना में जिले के सभी संबंधित विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर अब तक की गईं तैयारियों की समीक्षा की है और बाकी तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बरसाना कस्बे को छह जोन व 16 सेक्टरों में बांटकर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सिंह ने बताया कि इस बार राधारानी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के हुजूम को एकल मार्ग से सुदामा चौक की सीढ़ियों से प्रवेश कराया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर संपर्क में आई लड़की को बुलाने की मांग को लेकर युवक टावर पर चढ़ा, पर आईडी फर्जी निकली

**भदोही** (उप्र) (भाषा) भदोही जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक अपनी कथित प्रेमिका को बुलाने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया और वहां से कूद कर जान देने की धमकी देने लगा। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, करीब पांच घंटे बाद एक महिला से फोन पर बात कराये जाने पर वह टावर से नीचे उतरा, लेकिन सच्चाई सामने आई तो पता चला कि जिस प्रेमिका की दीवानगी में वह जान देने पर आमादा था, हकीकत में उसका वजूद ही नहीं है।

पुलिस के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के मेनरोड पर पान की दुकान चलाने वाला पवन पांडेय (35) रविवार सुबह नौ बजे याकूबपुर के पास एक मोबाइल टावर पर चढ़कर अपनी प्रेमिका को बुलाने और उससे शादी कराने की मांग करने लगा और उसे न बुलाने पर कूद कर जान देने की धमकी देने लगा।

नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना पर कोतवाली पुलिस और दमकल की गाड़ी के साथ मजिस्ट्रेट पहुंचे और मोबाइल फोन के माध्यम से पवन पांडेय से संपर्क करने पर उसने अपनी प्रेमिका को बुलाने की शर्त रखी।

उन्होंने बताया कि पवन के माता-पिता मुंबई में रहते हैं, जबकि उसके रिश्तेदार कुछ भी बताने में असमर्थ थे।

सीओ ने कहा कि उसने जिस नाम की अपनी प्रेमिका का जिक्र किया उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

अधिकारी के मुताबिक, इसके बाद एक महिला कर्मचारी को उसकी प्रेमिका बनाकर पांडे से फोन पर बात कराई गई तो वह टावर से नीचे उतरा आया। करीब पांच घंटे तक टावर पर यह घटनाक्रम चला।

उन्होंने बताया कि पवन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि 'इंस्टाग्राम' पर एक कथित प्रेमिका दो वर्षों से उससे संदेशों का आदान-प्रदान कर रही थी। हालांकि खुशबू नाम की जिस लड़की की 'इंस्टाग्राम' आईडी उसने बताई, वह फर्जी निकली।

सीओ ने कहा कि दिलचस्प यह कि फर्जी लड़की को पवन बराबर पैसे भी भेजता था और उससे शादी करने की मंशा भी जाहिर करता, लेकिन वह मिल नहीं रही थी। इस बीच पवन को अंदेशा हो गया कि कुछ लोग उसे उससे दूर करने के प्रयास में लगे हैं।

सीओ ने कहा कि जांच पड़ताल में सारा मामला फर्जी पहचान का निकला और किसी ने लड़की की तस्वीर लगाकर उससे धन उगाही की। उन्होंने बताया कि पवन पांडेय के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज में पड़ा पैरासीटामाल का अकाल

# मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन आ रहे सर्दी व बुखार के मरीज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। बरसात के बाद संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।सर्दी, जुकाम व बुखार से हर घर में कोई न कोई पीड़ित है।सबसे अधिक समस्या बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है परन्तु मेडिकल कॉलेज में बच्चों के लिए पैरासीटामाल सीरप व खांसी की दवा एंब्रोक्सिल सीरप का अकाल पड़ा हुआ है।



बताते चलें कि प्रतिदिन लगभग 500 से अधिक खांसी व बुखार से पीड़ित मरीज जिला अस्पताल में पहुँच रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज में गत शनिवार को 1510 नए व पुराने मरीजों का उपचार हुआ जिनमें अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम व बुखार से पीड़ित रहे और दवा वितरण काउंटर पर मरीजों अथवा उनके तीमारदारों की भारी भीड़ रही परन्तु अस्पताल में पैरासीटामाल का सीरप व खांसी का सीरप खत्म होने के कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।पचरुखी मनोहरजोत से आई एक महिला ने बताया कि बच्चे को बुखार है जिसके लिए डाक्टर द्वारा पैरासीटामाल सीरप अन्य दवाएं लिखी गई हैं लेकिन अस्पताल में पैरासीटामाल सीरप नहीं मिला वहीं एक अन्य मरीज ने बताया कि सर्दी खांसी से पीड़ित हैं परन्तु अस्पताल में खांसी की दवा नहीं मिली।बाल रोग

विशेषज्ञ डॉक्टर आफताब आलम ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों के सेहत का विशेष ध्यान रखें।इस समय सांस की समस्या व बुखार से पीड़ित बच्चे आ रहे हैं और इसी प्रकार बुजुर्गों में भी सर्दी जुकाम व वायरल बुखार की समस्या बनी हुई है।

## स्कूल की पानी की टंकी से सुरक्षा गार्ड का शव मिला

मऊ (उप्र), (भाषा) मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के मैरासोफीपुर स्थित एक निजी स्कूल में पांच फुट गहरी पानी की टंकी से एक सुरक्षा गार्ड का शव मिला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, चंद्रा शंकर पब्लिक स्कूल में कार्यरत शैलेश शर्मा (26) का शव रविवार को टंकी से अर्धनग्न अवस्था में मिला। स्कूल प्रबंधक सचिंद्र कुमार यादव ने कहा, ₹शर्मा ने 22 तारीख को छुट्टी ली थी, पैसे मांगे थे, जो मैंने उसे दे दिए। उसके बाद वह घर चला गया, मुझे नहीं पता कि वह स्कूल कैसे आया।₹ अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार ने बताया, ₹स्कूल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी और प्रबंधन से पूछताछ की जाएगी। जांच जारी है।₹ शैलेश शर्मा के पिता दामोदर शर्मा का कहना है कि उनका बेटा शनिवार शाम छह बजे घर से निकला था और इसके बाद उसकी लाश स्कूल की टंकी में होने की जानकारी मिली।

# जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा कजरीतीज जलाभिषेक कार्यक्रम की तैयारी बैठक सम्पन्न





● साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, आपातकालीन सेवाएं एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश- जिलाधिकारी

गोण्डा। जिले में कजरीतीज जलाभिषेक के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन गोंडा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संयुक्त रूप से की।बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कजरीतीज के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक हेतु विभिन्न जल स्रोतों एवं मंदिरों में एकत्रित होते हैं। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, आपातकालीन सेवाएं एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरे से निगरानी, महिला सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी योजना बनाने का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करें। जलाभिषेक के प्रमुख स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, तथा यातायात डायवर्जन की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन की यह पहल श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी दी तथा यह आश्वासन दिया कि कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत एवं समस्त उपजिलाधिकारी जनपद गोंडा तथा समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी जनपद गोंडा सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 11 कन्याओं की शादी व पढ़ाई का खर्च उठाएगा युवा सोच संगठन

गोंडा। जिले के अग्रणी सामाजिक संस्था युवा सोच संगठन के अध्यक्ष अनिल सिंह भदौरिया ने कजरीतीज के अवसर पर घोषणा करते हुए कहा है कि वह इस पवित्र अवसर पर 11 कन्याओं को गोद लेंगे और इन कन्याओं की शिक्षा से लेकर विवाह तक का सारा खर्च वह स्वयं वहन करेंगे।



**कजरीतीज के अवसर पर समाजसेवी अनिल सिंह करेंगे गोद लेने की पहल**

बताते चलें कि अनिल सिंह पूर्व से ही युवा सोच संगठन के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय हैं।वे प्रतिदिन सायंकाल शहर के गुरुनानक चौराहा, अंबेडकर चौराहा,जयनारायण चौराहा सहित गोंडा रेलवे स्टेशन पर जरूरत मंदों को भोजन वितरित करते हैं तथा सर्दियों के मौसम में गरीबों को मुफ्त गरम कपड़े प्रदान करते हैं और त्योहारों के अवसर पर दर्जनों परिवारों को त्योहार मनाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराते हैं।अनिल सिंह ने बताया कि वह हर साल अपनी पुत्री के जन्मदिन पर तथा कजरीतीज पर कुछ विशेष करते हैं।उन्होंने कहा कि इस बार गोद ली गई कन्याओं को ऐसी शिक्षा दिलाएंगे कि वह भविष्य में अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें।श्री सिंह ने कहा कि विवाह के बाद भी यदि इन कन्याओं को कोई समस्या होगी तो वे उसका समाधान करेंगे।अनिल सिंह के अनुसार उनको समाज सेवा की प्रेरणा अपने पिता व पत्नी से मिली है और उनकी पत्नी समय समय पर उनका मार्गदर्शन करती रहती है। उनका मानना है कि इस तरह की सेवा से लाभार्थी जीवनपर्यंत कृतज्ञ रहते हैं।

श्री भदौरिया ने बताया कि जहां कहीं भी मुझे जानकारी मिलती है कि किसी गरीब की बेटी की शादी है वहां भी बढ़चढ़ कर उसकी मदद की जाती है तथा गरीब बच्चों के साथ हमेशा खड़ा रहता हूँ और अनाथ आश्रम जाकर बच्चों के साथ मेरे द्वारा अलग अलग तरीके से कार्यक्रम किया जाता है।

# धोखाधड़ी करके सीआईएसएफ में नौकरी पाये युवक को किया राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार

**मथुरा** (उप्र), (भाषा) राजस्थान पुलिस ने शनिवार को मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र निवासी ओमवीर सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जनरल ड्यूटी आरक्षी की परीक्षा में अपने स्थान पर किसी अन्य को बैठाकर नौकरी पाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ ले गयी।

मांट क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आशीष शर्मा ने रविवार को बताया कि सुरीर के सामोली गांव निवासी ओमवीर सिंह पर आरोप है कि उसने कर्मचारी चयन आयोग की वर्ष 2016 की लिखित परीक्षा में अपने स्थान पर किसी अन्य युवक को बैठाकर नौकरी हासिल की थी।

शर्मा ने बताया कि उसे चयन के तुरंत बाद प्रशिक्षण के लिये अलवर के बहरोड़ स्थित सीआईएसएफ प्रशिक्षण केंद्र भेज दिया गया था। वहां कुछ माह बाद निदेशक को एक शिकायती पत्र मिला था जिसमें बताया गया था कि सिंह ने किस तरह फर्जीवाड़ा कर यह नौकरी पाई थी।

उन्होंने बताया कि यह जानकारी मिलने के बाद प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक ने उसके विरुद्ध जांच करायी, जिसमें पाया गया कि आरोपी ओमवीर ने फर्जीवाड़े से नौकरी पाई है।

शर्मा ने बताया कि सीआईएसएफ प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक ने ओमवीर को बर्खास्त कर धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मगर अपने विरुद्ध कार्रवाई होने की भनक मिलते ही ओमवीर सीआईएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र से फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि ओमवीर ने बाद में मथुरा स्थित गांव के पंचायत कार्यालय में सहायक की नौकरी भी पा ली और वह पिछले तीन वर्ष से ग्राम पंचायत सहायक की नौकरी कर रहा था। शनिवार को राजस्थान पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद लेकर सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# तारक मेहता फेम दिलीप जोशी ने स्वामी नारायण मंदिर छपिया में किया दर्शन पूजन



**गोंडा**। छोटे पर्दे के ख्यातिलब्ध हास्य धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित छपिया पहुँच कर स्वामी नारायण मंदिर में दर्शन किया।यह मंदिर भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली के रूप में विख्यात है।दिलीप जोशी अपने परिवार के साथ मंदिर पहुँच कर जन्मस्थली स्मारक मंदिर,निज मंदिर और पवित्र नारायण सरोवर का दर्शन किया तथा इस दौरान उन्होंने मंदिर के संतों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।मंदिर के गुरु जगत प्रकाश स्वामी,महंत देव स्वामी और कोठारी विष्णु स्वामी ने दिलीप जोशी उर्फ जेठालाल को आशीर्वाद दिया तत्पश्चात महंत स्वामी ने दिलीप जोशी को भगवान घनश्याम महराज की प्रतिमा और प्रसाद भेंट किया।

# राजा भैया का पत्नी वाला ग्रह खराब- अक्षय प्रताप सिंह

गोंडा।अगर कुटुंब परिवार नहीं करेंगे तो शादी ब्याह कैसे होंगे,कुटुंब की बैठकें नहीं करेंगे तो क्या करेंगे।यह बात राष्ट्रीय जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वरिष्ठ नेता व विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी ने एक दिवसीय जनपद प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में बातचीत के दौरान कहा।उन्होंने कहा कि राजपूत हमेशा सर्वसमाज को लेकर चला है।



● कोई कुछ नहीं कर सकता यह हर घर की कहानी

बृजभूषण शरण सिंह ने सही कहा कि जब भगवान राम वनवास गए तो उनके साथ पूरा समाज गया।जितने भगवान पैदा हुए सब राजपूत के रूप में हुए।समाजवादी इसलिए बने क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण क्षत्रिय समाज में पैदा हुए और यादव कुल में पले बढ़े।

राजपूत समाज में कभी भेदभाव नहीं था।महाराणा सांगा ने जब युद्ध लड़ा तो सभी समाज के लोग उनके साथ थे।उन्होंने संत रविदास को गुरु माना और हम लोग हमेशा सबके साथ खड़े रहते हैं।अक्षय प्रताप सिंह ने राजा भैया और भानवी सिंह के मध्य चल रहे विवाद को लेकर कहा कि नव ग्रह होते हैं और यदि किसी एक ग्रह का समय खराब है तो यह कोई बड़ी बात नहीं है,यह हर घर की कहानी है और यदि पत्नी वाला ग्रह खराब हो गया है तो उसमें कुछ नहीं किया जा सकता है।बहुत लोगों का ग्रह खराब होता है और आपका भी हो सकता है,बस आप बचकर रहिये।

# आल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन की बैठक सम्पन्न, जिला इकाई का हुआ गठन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। आल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन की एक आवश्यक बैठक वन्दे मातरम् पब्लिक स्कूल जानकीनगर गोंडा में सम्पन्न हुई।



बैठक में मौजूद फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा आल इंडिया बैंक रिटायरीज फैडरेशन की जिला इकाई गोंडा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सुभाष चंद श्रीवास्तव अध्यक्ष, रमेश सरन श्रीवास्तव एवम विजय कुमार सिंह उपाध्यक्ष जगत पाल सिंह सचिव राजीव कुमार संगठन सचिव तथा ओम प्रकाश अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए।

सभा को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्ति सदस्यों की मांग उनके समाधान तथा लंबित मांगों के बारे में राधेश्याम तिवारी, ओम प्रसाद तिवारी, राम कृपाल पांडे, दुष्यंत कुमार सिंह, ईश्वर देव प्रसाद श्रीवास्तव अपने विचार रखें।सिंडीकेट बैंक रिटायरीज यूनियन के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश सरन श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में कहा कि सेवा निवृत्त बैंक कर्मचारियों का पेंशन अपडेशन 1995 से लम्बित है। इसके अतिरिक्त अनुग्रह राशि की समीक्षा, विशेष भत्ता को पेंशन अव्वय में जोड़ना एवं पेंशन कम्यूटेशन की वापसी अवधि 15 वर्ष से हटाने के लिए भारतीय बैंक संघ से अनवरत मांग की जा रही है जो शीघ्र पूर्ण होनी चाहिये।

बैंक रिटायरीज के केन्द्रीय संगठन एआईबीआरएफ को जल्द ही आईबीए से सीधे बातचीत के लिए अधिकृत करने के लिए भारत सरकार से अपील की गई है।

# सपा ने पार्टी से जान का खतरा होने के पूजा पाल के आरोपों की जांच की मांग की

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) ने पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल के सपा से जान का खतरा होने के आरोपों की केंद्रीय गृह मंत्रालय से रविवार को जांच करने का अनुरोध किया।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भेजे गये एक पत्र में पूजा पाल के आरोपों को ₹निराधार और अमर्यादित₹ बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पूजा पाल को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनको जान मारने की धमकी कौन दे रहा है।

कत्ल कर दिए गए बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल की विधवा पूजा पाल को 14 अगस्त को सपा ने ₹अनुशासनहीनता₹ के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पत्र में श्यामलाल ने कहा है, ₹किसी की भी सुरक्षा सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सरकार की होती है, फिर भी पाल ने मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से मुलाकात के बाद बिना किसी आधार के सपा को ज़िम्मेदार ठहराया है। आरोपों की गहन जांच होनी चाहिए।₹

श्यामलाल ने दावा किया कि निष्कासित विधायक की प्रेस और सोशल मीडिया पर हाल में की गई टिप्पणियां ₹सच्चाई से कोसों दूर₹ और ₹भाजपा से प्रेरित₹ हैं। उन्होंने इसे सपा को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा बताया।

श्यामलाल ने कहा, ₹सपा ने पूजा पाल को विधायक बनाया और उनके निजी संकटों में उनका साथ दिया, पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने हर संभव मदद की, लेकिन भाजपा के संपर्क में आने के बाद, वह अचानक अपनी जान को खतरा बता रही हैं।₹ उन्होंने भाजपा पर सपा और पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक गठबंधन को बदनाम करने के लिए पूजा पाल को ₹मोहरे₹ के रूप में इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। श्यामलाल ने दावा किया कि भाजपा पीडीए समीकरण को 2027 के उत्तर प्रदेश चुनावों से पहले खतरे के रूप में देखती है।



पिछले दिनों पूजा पाल ने 'एक्स' पर लिखा, "मेरे पति (विधायक राजू पाल) के हत्यारों को सजा मिल गई है। आपने (अखिलेश) मुझे जिस तरह से बीच रास्ते में अपमानित करके मरने के लिए छोड़ दिया है, उससे समाजवादी पार्टी के आपराधिक प्रवृत्ति के समर्थकों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। इसलिए संभव है कि मेरे पति की तरह मेरी भी हत्या कर दी जाए। यदि ऐसा होता है तो मेरी हत्या का वास्तविक दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए।"

# मुठभेड़ के बाद ईरानी गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**बांदा** (भाषा) बांदा जिले के मटौंध क्षेत्र में गोयरा मुगली गांव के नजदीक रविवार तड़के पुलिस से हुई मुठभेड़ में ईरानी गिरोह के दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने संवाददाताओं को बताया कि गोयरा मुगली गांव के नजदीक रविवार तड़के पुलिस और विशेष कार्य बल (एसओजी) की संयुक्त टीम के साथ कुछ बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। उनके मुताबिक, अपने बचाव में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दो बदमाशों के पैरों में लगी जिससे वे घायल हो गए। उन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।

शिवराज ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान ईरानी गिरोह के सक्रिय सदस्य सलमान अली ईरानी (32) और साहिल फिरोज ईरानी (40) के रूप में हुई। दोनों बदमाश मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।

## सूचना

राहुल शर्मा, मानदेय शिक्षक व्याकरण, पुत्र श्री शिव चरण शर्मा ग्राम कूबी पोस्ट रजबपुर, आप एक जुलाई से निरन्तर बिना किसी अवकाश और सूचना के अनुपस्थित हैं। इस संबंध में आपको तीन कारण बताओ नोटिस व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक से पूर्व में भेजे जा चुके हैं। परन्तु आपने कोई जबाव नहीं दिया। अब अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि तीन कार्य दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करे.अन्यथा आपकी सेवा समाप्त कर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा। दिनांक 21 .08 2025

**-प्रबन्धक, सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गजरौला अमरोहा, उत्तर प्रदेश।**

## संक्षिप्त समाचार

### श्री नगर रामलीला कमेटी पर चंदा घोटाले की आशंका, सार्वजनिक हिसाब की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। नगर में आयोजित होने वाली श्री नगर रामलीला कमेटी पर लाखों के चंदे में पारदर्शिता न होने को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हर वर्ष नई कमेटी गठित होती है, लेकिन अब तक किसी भी वर्ष का चंदे का आय-व्यय सार्वजनिक नहीं किया गया, जिससे नगर में चंदा घोटाले की आशंका जताई जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि हर साल कमेटी बदलने के बावजूद पुराने पदाधिकारी ही बारी-बारी से नए पदों पर आ जाते हैं। इस दौरान दुकानदारों और नगरवासियों से लाखों रुपये का चंदा लिया जाता है, लेकिन उसका लेखा-जोखा सार्वजनिक मंच पर नहीं रखा जाता। लोगों ने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में माँ शारदे सेवा समिति दुर्गा पूजा कमेटी ने नई कमेटी बनाने से पहले सार्वजनिक रूप से पुराना पूरा आय-व्यय प्रस्तुत किया था। रामलीला कमेटी को भी यही पारदर्शिता अपनानी चाहिए। नगरवासियों ने मांग की है कि नई कमेटी बनने से पहले पिछले वर्षों का पूरा हिसाब नगर के सामने पेश किया जाए। वहीं इस संबंध में रामलीला कमेटी के नवमनोनीत अध्यक्ष बबलू परमार ने कहा कि हर वर्ष नई कमेटी बनने पर आय-व्यय का लेखा-जोखा कमेटी को ही दिया जाता है, और हिसाब-किताब कमेटी के पास ही रहता है।

### जमीनी विवाद में बुजुर्ग को मारी गोली, हालत गंभीर



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर क्षेत्र के नगला टीका राम में जमीनी विवाद के चलते एक बुजुर्ग व्यक्ति को गोली मार दी गई। घायल की पहचान 60 वर्षीय चन्दन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात चन्दन सिंह शहर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें शिकोहाबाद संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल चन्दन सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में आरोपियों ने गोली चलाई। पीड़ित ने नामजद लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार गोलीकांड की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने आपसी सुलह कराकर लौटाई सात परिवारों में खुशियाँ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजेक्ट टीम ने सात बिखरते परिवारों को जोड़कर खुशियाँ लौटा दीं। रविवार को आयोजित सुलह प्रक्रिया के दौरान दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। सभी सात घरेलू विवाद आपसी संवाद से निपटाए गए और पक्षकारों को सकुशल घर भेजा गया। सुलह के बाद परिवारजनों ने फिरोजाबाद पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। सिरसागंज। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा लेकर घूम रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल दे दिया है। पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी थाना क्षेत्र सिरसागंज के सूरजपुर दुगमई की तरफ जाने वाले रास्ते पर सिरसा नदी से 50 मीटर पहले चौकिंग के दौरान अभियुक्त आमोद पुत्र रामबहादुर निवासी सेवापुर थाना सिरसागंज फि रोजाबाद को अवैध तमन्चा देशी 315 वोर , 1 जिन्दा कारतूस 315 वोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। विविध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमोद को जेल भेजा है।

### फिरोजाबाद प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी समिति चयनित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबादः शहर के प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी समिति का गठन संपन्न हुआ है। इस बार कुल 31 पदाधिकारियों को चयनित किया गया है, जो क्लब के विभिन्न कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। संरक्षक मंडल में विनय चतुवेर्दी , सुनील वाशिष्ठ , अरविंद शर्मा , राजीव सक्सेना और अमित उपाध्याय शामिल हैं । कार्यकारिणी का नेतृत्व जीतेंद्र शर्मा अध्यक्ष के रूप में करेंगे, जबकि राहुल चौहान महासचिव एवं कृष्णा पोरवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र सिंह चौहान, लवकुश शर्मा , मोहम्मद शाहिद, सौरभ शर्मा और नरेंद्र शर्मा (सोनू) का चयन किया गया है। सह सचिव के रूप में सचिन यादव , सह कोषाध्यक्ष के पद पर दुष्यंत यादव , संगठन मंत्री के रूप में डी.के सिंह तथा सह संगठन मंत्री के रूप में वरुण दीक्षित चुने गए हैं। मीडिया प्रभारी के दायित्व साहिल खान को सौंपे गए हैं, जबकि मंजेश यादव सह मीडिया प्रभारी होंगे। आय-व्यय निरीक्षक के रूप में सूरज वर्मा होंगे तथा कई सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी शामिल किया गया ।

### बीज विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण, साथी पोर्टल से होगी बीज बिक्री

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाया है। आगामी रबी सीजन से सभी प्रकार के बीजों की बिक्री भारत सरकार द्वारा विकसित ह्यसाथी पोर्टलह्न के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा 26 अगस्त 2025 को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके तहत फिरोजाबाद जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को कलेक्ट्री फार्म दबरई स्थित किसान कल्याण केंद्र के सभागार में प्रातः 10:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने से बीज वितरण की नई प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने सभी बीज विक्रेताओं से अपील की कि वे समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करें।

# पुलिस ने अपहरण कर हत्या मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। थाना फरिहा पुलिस टीम ने अपहरण कर हत्या के गंभीर मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी विजय पुत्र जगदीश प्रसाद उर्फ जागन सिंह को पहले ही दिनांक 22 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका था।

जानकारी के अनुसार, घटना दिनांक 17 अगस्त 2025 को ग्राम बरथरा, अम्बेडकर पार्क के सामने हुई। 22 वर्षीय स्वागेश पुत्र भँवरपाल जाटव को विजय ने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर कहीं ले गया। जब स्वागेश घर वापस नहीं लौटा, तब उसकी माता अनीता देवी की तहरीर पर



थाना फरिहा में मुकदमा संख्या 141/25 के तहत कार्रवाई की गई।

एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। इस कार्रवाई के तहत 24 अगस्त 2025 को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कचोरा रोड पर बनी बम्बा की पुलिया के पास आरोपी आशुतोष उर्फ अकिंत पुत्र मनोज माथुर, चिन्टू पुत्र लटूरी माथुर और गौरव माथुर पुत्र राजपाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मुख्य आरोपी विजय ने बताया कि उसने स्वागेश को शराब पार्टी के बहाने बुलाया और अपने साथियों के सहयोग से शराब पीने के बाद नशे की हालत में बंथल-कुतुबपुर रोड पर नहर की पटरी पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को हजारा नहर में फेंककर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मुकदमे में धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस0 की बढ़ोतरी की है और सभी आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### टूंडला के बाघई ग्राम प्रधान तेलंगाना एक्सपोजर विजिट के लिए चयनित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि ग्राम पंचायत बाघई के प्रधान अनिल कुमार को तेलंगाना राज्य में होने वाले पंचायतीराज एक्सपोजर विजिट के लिए चयनित किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र की उन पंचायतों के प्रधानों एवं सचिवों को यह अवसर दिया जा रहा है, जिन्होंने अपनी पंचायतों में बेहतर कार्य किया है। निदेशक पंचायतीराज अमित कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि प्रदेश से कुल 30 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें अनिल कुमार का भी नाम शामिल है। यह टीम 8 से 12 सितंबर तक तेलंगाना के विभिन्न प्रमुख स्थानों का भ्रमण करेगी। इस पांच दिवसीय विजिट के दौरान चयनित प्रतिनिधियों को वहां की उत्कृष्ट पंचायतों के कार्यों को नजदीक से देखने का अवसर मिलेगा। साथ ही नई तकनीक, प्रथाओं और सफल मॉडलों का अनुभव प्राप्त होगा, जिससे वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकेंगे।

## ईमानदारी की जीत : आदेश सिंह सागर को क्लीनचिट, शासन ने किया एसडीएम महोबा पद पर स्थानांतरण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फि रोजाबाद।निष्पक्ष जांच में सभी आरोप निराधार सिद्ध होने के बाद प्रशासनिक सेवा में अपनी ईमानदार एवं निष्ठावान छवि के लिए पहचाने जाने वाले अधिकारी आदेश सिंह सागर को शासन ने पूर्ण क्लीनचिट प्रदान कर पुनः बहाल कर दिया है। गत वर्ष लगाए गए आरोपों की जांच कमिश्नर आगरा, शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि लगाए गए सभी आरोप पूर्णतः असत्य थे। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शासन ने आदेश सिंह सागर को 31 जुलाई



2025 को पुनः पदभार ग्रहण कराया। उनकी पारदर्शी कार्यशैली और ईमानदार प्रशासनिक दृष्टिकोण को देखते हुए शासन ने उन्हें उपजिलाधिकारी (एसडीएम), महोबा पद पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। आदेश सिंह सागर ने कहा-निष्पक्ष जांच ने सिद्ध कर दिया कि सत्य की विजय अवश्यंभावी है। मैं सदैव की भांति आने वाले समय में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता एवं शासन-प्रशासन की सेवा करता रहूँगा। स्थानीय नागरिकों और सहकर्मियों ने उनके पुनः पदस्थापन और महोबा स्थानांतरण का स्वागत करते हुए इसे सच्चाई और ईमानदारी की जीत करार दिया है।

## चरी के खेत में मिला महिला का शव, गले में फंदा, हत्या की आशंका

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र के लखी जंगल गांव में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 40 वर्षीय रामलली का शव रविवार को चरी के खेत में मिला। महिला शनिवार शाम से लापता थी। जानकारी के अनुसार, रामलली शनिवार शाम बकरियां चराने के लिए गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह पति ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। इसी बीच ग्रामीणों ने चरी के खेत में महिला का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर राजीव राघव ने बताया कि महिला के गले में फंदा कसा हुआ



था और गले पर चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतका के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। रामलली दो बेटों और दो बेटियों की मां थी और उसका पति खेती करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एटीएम से कैश चोरी करने वाला शातिर चोर शिकोहाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने एटीएम से कैश चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ, मैनपुरी चौराहा शिकोहाबाद से सूरज प्रकाश पुत्र शौकीलाल निवासी चौरंगाहार थाना बाह, जिला आगरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक एटीएम कार्ड, एक काले रंग की प्लास्टिक प्लेट और ?11,000 नगद बरामद किए गए। इस संबंध में थाना शिकोहाबाद पर मुकदमा संख्या 569/2025 धारा 318(4)/303(2)/317(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

गिरफ्तार सूरज प्रकाश ने पूछताछ में बताया कि उसका साथी अखिलेश, जो थाना रामगढ़ क्षेत्र में किराये के मकान में रहता है, उसे फोन कर बुलाता था। दोनों मिलकर एटीएम में काले रंग की प्लास्टिक प्लेट लगाते थे, जिससे पैसे बाहर नहीं निकलते थे। आज भी उन्होंने यही तरीका अपनाया। जैसे ही एक ग्राहक ने पैसे निकाले और बाहर आया, सूरज एटीएम के अंदर जाकर अटके हुए पैसे निकालने लगा, लेकिन उसी समय ग्राहक ने उसे पकड़ लिया। मौके का फायदा उठाकर उसका साथी अखिलेश फरार हो गया। पुलिस अब फरार अभियुक्त की तलाश में जुटी है।

## शहर में लगाया जा रहा है धड़ल्ले से सट्टा, पर्ची लिखते का वीडियो वायरल

- सूत्रों के अनुसार नगर के कई इलाकों में सट्टा कारोबार का फिर से शुरू हुआ

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।**

शिकोहाबाद । सट्टा का अवैध कारोबार शिकोहाबाद नगर में खूब दिखाई देने लगा है । सट्टे की पर्ची लिखने का एक वीडियो कुछ दिनो से सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इधर प्रशासनिक ढिलाई के चलते सट्टे के कारोबार में लिप्त सटोरिए इसका फायदा उठाकर अपने इस अवैध कारोबार में चार चांद लगा रहे हैं । दिल्ली के सट्टे का काम फिर से जोर पकड़ने लगा है । कई बस्तियों में ये अवैध कार्य खुलेआम चल रहा है । वायरल हो रही वीडियो नगर के मोहल्ला गढ़ैया स्थित एक घर की बताई जा रही है, जिसमें साफ दिख रहा है कि कारोबार से जुड़े लोग कितने बेखौफ हैं । कुछ वर्ष पहले नगर के



सट्टाकिंग कहे जाने वाले शकील मास्टर पर कार्यवाही कर कुछ समय के लिए सट्टे का कारोबार पर लगाम लगी थी, लेकिन एक बार फिर से नगर में ये अवैध कारोबार फलने -फूलने लगा है। मोहल्ला रूकनपुर, गढ़ैया के अलावा कटरा बाजार, विभिन्न चौराहों आदि इलाकों में सट्टा लगाने की बात कही जा रही है। इधर एक व्यक्ति ने सट्टा लगने का वीडियो बना लिया तथा कुछ दिन पहले इसे वायरल कर दिया। पिछले सप्ताह बनाए गए इस वीडियो में सट्टेबाज के घर में खुलेआम काम चल रहा है। जिसमें नाम व नंबर लिखकर पर्ची दे रहे हैं। इनके हाथ में बाकायदा डायरी व पेन आदि है। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं देखा जाए तो पुलिस छोटे-मोटे सट्टा लगाने वालों को पकड़कर इतिश्री कर लेती है। पुलिस को इस समय सट्टे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए तथा मुखबिरों के जरिए इन लोगों की गिरफ्तारी करनी चाहिए। धन के लालच में एक मध्यम तथा निम्न वर्गीय व्यक्ति सट्टा लगाने जाता है तथा कमाई का काफी धन इसी में बरवाद कर देता है ।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण और राधा के मनमोहक स्वरूप सजाए गए। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी ठाकुर अमर सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। निर्णायक मंडल में डॉ. नीरज, बबली वर्मा और शेफाली गुप्ता शामिल रहीं। विद्यालय के व्यवस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, सह व्यवस्थापक वृंदावनलाल गुप्ता और कोषाध्यक्ष सुशील कुमार पौनिया ने बच्चों के स्वरूपों की आरती उतारी। करीब 30 से 35 बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में प्रतिभाग किया। कृष्ण स्वरूप में भैयादेव ने प्रथम स्थान, सीमांत कुशवाह ने द्वितीय और सुशांत ने तृतीय



स्थान प्राप्त किया। वहीं राधा स्वरूप में सानवी शर्मा प्रथम, इफरा द्वितीय और दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम, काव्या शर्मा द्वितीय और चाहत तृतीय स्थान पर रहीं। मंचासीन अतिथियों ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। अन्य बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा दीक्षित ने किया और संयोजन नूतन कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता की प्रमुख मंजू सक्सैना रहीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक पवन कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश पर ग्राम विकास अधिकारी सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील रिपोर्टर**

फिरोजाबाद। गांव लौहरई थाना नगला खंगर के एक युवक ने ग्राम विकास अधिकारी के साथ मिलकर एक महिला ने अनुचित लाभ पाने के उद्देश्य से फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल न्यायालय में दाखिल कर दी है। जिससे पीड़ित को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर थाना नगला खंगर में दो सचिव ग्राम विकास अधिकारी समेत एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ऋषिकांत पुत्र ओमप्रकाश निवासी लौहरई थाना नगला खंगर ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ कुछ दिनों पूर्व सरला देवी निवासी 258/12 शंभू नगर शिकोहाबाद हाल निवासी मैन रोड माता वाली गली सिरसागंज ने एक वाद परिवार न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जोकि विचाराधीन है। आरोप है कि सरला देवी ने दो परिवार रजिस्टर की नकल दाखिल की है।

एक नकल ग्राम पंचायत लोहरई के तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत विकास अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने तथा दूसरी नकल ग्राम पंचायत लोहरई के वर्तमान सचिव ग्राम विकास अधिकारी विवेक कुमार के द्वारा तैयार की गई है। दोनों ही नकल महिला ने दोनों ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ सांठगांठ करके तैयार कराई है। दोनों नकल में काफी भिन्नता है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर नगला खंगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एका पुलिस ने शातिर महिला चोर को चोरी के माल सहित पकड़ा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना एका पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर महिला चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त 2025 को थाना एका पर मुकदमा संख्या 220/25 धारा 305 बीएनएस अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज हुआ था। वादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से 5200 रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कानों के कुण्डल, एक जोड़ी चांदी के लच्छे और एक जोड़ी चांदी की पायल चोरी हो गई है । पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर 24 अगस्त 2025 को महिला चोर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का पूरा माल बरामद किया गया, जिसमें 5200 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं। गिरफ्तार महिला को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के




समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है।

## सर्विस रोड पर गिट्टी-बालू के ढेर बने हादसों का कारण

- सड़क से गिट्टी-बालू के ढेर की ग्रामीणों ने हटवाने की उठाई मांग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। आगरा हाईवे की सर्विस रोड पर दुकानदार द्वारा गिट्टी और बालू का मैटेरियल डालने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी बढ़ गई है। इस कारण लोगों को सर्विस रोड छोड़कर हाईवे पर चलना पड़ रहा है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पास इंडियन पेट्रोल पंप के निकट गिट्टी-बालू विक्रेता ने अपनी दुकान के सामने सर्विस रोड पर गिट्टी और बालू के बड़े-बड़े ढेर लगा दिए



हैं। इससे मार्ग बाधित हो गया है और पैदल यात्री एवं बाइक सवारों को मजबूरी में हाईवे का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने एनएचएआई से सर्विस रोड पर पड़ा मैटेरियल तुरंत हटवाने की मांग की है। मांग करने वालों में मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, बृजपाल सिंह, राजाराम, दिनेश कुमार, हरपाल सिंह, अनुज कुमार, लाखन सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते मैटेरियल नहीं हटाया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

अमेरिकी सहायता बंद होने के बाद पैदा हुई गंभीर स्थिति

# दक्षिण अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग

**जोहानिसबर्ग, (एपी)** अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है।



छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर-लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है।देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वादा किया है कि वह अमेरिका के सहायता वापस लेने से अपने एचआईवी कार्यक्रम को ध्वस्त नहीं होने देगी।

यौनकर्मी दक्षिण अफ्रीका के सबसे असुरक्षित वर्ग के लोग माने जाते हैं क्योंकि उनका काम अवैध है। ट्रांसजेंडर लोगों ने परिवारों या समुदायों के डर के कारण नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। उन्होंने एचआईवी के खतरे का सामना करने वाले लोगों के लिए एचआईवी दवा या निवारक दवा प्राप्त करने में होने वाली परेशानियां बयां कीं।

## नाइजीरिया में सेना के हवाई हमलों में 35 इस्लामी चरमपंथी ढेर

अबुजा, (एपी) नाइजीरिया की सेना ने देश के उत्तर-पूर्वी इलाके में हवाई हमलों में कम से कम 35 संदिग्ध चरमपंथियों को ढेर कर दिया। नाइजीरिया इस समय चरमपंथ और फिर से सक्रिय हो रहे आतंकवादी संगठन बोको हराम के खतरे का सामना कर रहा है।

नाइजीरिया की वायुसेना के प्रवक्ता एहिमेन एजोडामे के अनुसार, ये हवाई हमले कैमरून की सीमा से सटे बोर्नो प्रांत के कुम्शे क्षेत्र में चार ठिकानों पर किए गए। एजोडामे ने कहा कि इलाके में तैनात सैनिकों पर हमले की कोशिशों के बाद चरमपंथी कुम्शे क्षेत्र में इकट्ठा हो गए थे। उन्होंने कहा, ''इस अभियान के बाद सैनिकों से संपर्क फिर से स्थापित किया गया और उन्होंने बताया कि वहां हालात अब स्थिर हैं।''

# निक्की हेली ने रूसी तेल पर ट्रंप के विचारों को भारत से गंभीरता से लेने को कहा

**न्यूयॉर्क, (भाषा)** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल पर ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही हेली ने कहा कि भारत को समाधान खोजने के लिए व्हाइट हाउस के साथ काम करना चाहिए। हेली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, '' व्यापार संबंधी मतभेदों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने के लिए कठोर बातचीत की आवश्यकता है।'' उन्होंने 'एक्स' पर उस लेख का एक अंश पोस्ट किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह न्यूजवीक के लिए लिखा था। यह लेख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आए तनाव पर था।



हेली को दोनों देशों के बीच शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत का पक्ष लेने के लिए अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अपने लेख में हेली ने कहा, '' भारत रूस से भारी तेल खरीद रहा है, जिसे लेकर ट्रंप निशाना साध रहे हैं, जो सही है। इससे व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए धन जुटाने में मदद मिल रही है।''

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ एक '' अहम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे विरोधी की तरह।'' हेली ने विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका के बीच दशकों पुरानी 'मित्रता और सद्भावना' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''यह मौजूदा उथल-पुथल से आगे बढ़ने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है। हेली ने कहा कि अमेरिका और भारत को ''सबसे महत्वपूर्ण बात, यानी हमारे साझा लक्ष्यों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। चीन का सामना करने के लिए अमेरिका के पास भारत के रूप में एक मित्र होना चाहिए।'' हेली ने अपने लेख में कहा, '' भारत अकेले ही चीन जैसे पैमाने पर उन उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता रखता है, जिनका यहां शीघ्रता से या कुशलतापूर्वक उत्पादन नहीं किया जा सकता।''

## यूक्रेन ने परमाणु संयंत्र पर हमला किया : रूस



**मॉस्को, (एपी)** रूस ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कई ड्रोन हमले किए, जिसकी वजह से उसके पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में स्थित एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आग लग गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।

रूस के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात किए गए हमलों में कई ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया। अधिकारियों ने सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर बताया कि यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आग लग गई, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, उन्होंने बताया कि हमले में एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन विकिरण का स्तर सामान्य सीमा के भीतर रहा। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि उसे मीडिया में आई उन खबरों की जानकारी है कि ''सैन्य कार्रवाई के कारण'' संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, लेकिन वह इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है। यूक्रेन ने कथित हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने शनिवार देर रात रूसी क्षेत्र को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन की ओर से भेजे गए 95 ड्रोन विमानों को निष्क्रिय कर दिया। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए रविवार सुबह कीव पहुंचे। वहीं, नॉर्वे ने रविवार को यूक्रेन के लिए नयी सैन्य सहायता की घोषणा की, जिसके तहत वायु रक्षा प्रणालियों के वास्ते लगभग सौ अरब क्रोनर देने का वादा किया गया है।

प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा कि नॉर्वे और जर्मनी संयुक्त रूप से मिसाइलों सहित दो पैट्रियट प्रणालियों का वित्तपोषण कर रहे हैं।

## उत्तर कोरिया ने किया दो मिसाइलों का परीक्षण

**सियोल, (एपी)** दक्षिण कोरिया और अमेरिका के वार्षिक सैन्य अभ्यास के बीच, उत्तर कोरिया ने देश की सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए हवाई हमलों को रोकने में सक्षम दो नयी मिसाइल का परीक्षण किया। देश के नेता किम जोंग उन इस परीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि शनिवार को किए गए परीक्षण ने दर्शाया कि ये मिसाइल ड्रोन और क्रूज़ मिसाइल के हमलों से निपटने में सक्षम हैं। खबर में कहा गया कि किम जोंग उन ने अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले एक प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले रक्षा वैज्ञानिकों को कुछ ''महत्वपूर्ण'' कार्य भी सौंपे हैं। खबर में हालांकि यह जानकारी नहीं दी गई कि ये मिसाइल किस प्रकार की थीं या ये परीक्षण कहां किया गया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यूंग शिखर सम्मेलन के लिए तोक्यो की यात्रा पर हैं। इस बैठक में उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ द्विपक्षीय सहयोग और अमेरिका के साथ त्रिपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## भारत नीत 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' में आधिकारिक तौर पर शामिल हुआ नेपाल



**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल बड़ी बिल्लियों की सात प्रजातियों के संरक्षण के लिए भारत के नेतृत्व वाली वैश्विक पहल 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) का आधिकारिक तौर पर सदस्य बन गया है। आईबीसीए ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईबीसीए बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों के संरक्षण में रुचि रखने वाले 90 देशों का गठबंधन है। आईबीसीए ने शनिवार को कहा, ''नेपाल ने मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इसके साथ ही वह 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) में औपचारिक रूप से शामिल हो गया है।'' आईबीसीए ने कहा, ''नेपाल में हिम तेंदुए, बाघ और सामान्य तेंदुए पाए जाते हैं और इसके आईबीसीए में शामिल होने से इस प्रजाति के अन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में वैश्विक सहयोग मजबूत होगा।'' आईबीसीए ने ''साझा पारिस्थितिकी सुरक्षा की दिशा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम के लिए नेपाल सरकार को बधाई दी है।'' नेपाल में (अब तक की नवीनतम गणना के अनुसार) 2022 तक बाघ की संख्या लगभग तीन गुना बढ़कर 355 हो गई जो 2009 में मात्र 121 थी।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से बांग्लादेश पहुंचे

**ढाका, (भाषा)** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को ढाका पहुंचे, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश के साथ संबंधों को फिर से मजबूत करना है। वह ऐसे समय में पड़ोसी देश की यात्रा पर आये हैं जब पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया था।

वह एक विशेष उड़ान के जरिए डार ढाका पहुंचे और वह वर्ष 2012 के बाद बांग्लादेश का दौरा करने वाले सबसे वरिष्ठ पाकिस्तानी नेता हैं। पाकिस्तान ने इसे द्विपक्षीय संबंधों में एक ''महत्वपूर्ण उपलब्धि'' करार दिया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डार का स्वागत किया। हिना रब्बानी खार नवंबर 2012 में ढाका जाने वाली पाकिस्तान की आखिरी विदेश मंत्री थीं। प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्लामाबाद में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के बताया कि पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं।

# विपक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी की निंदा की

**कोलंबो, (भाषा)** श्रीलंका के विभिन्न विपक्षी दल पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी की निंदा करने के लिए रविवार को यहां एकत्र हुए और इसे 'अलोकतांत्रिक' और 'राजनीतिक प्रतिशोध की तुच्छ कार्रवाई' बताया।

सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी धन के कथित दुरुपयोग को लेकर विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी के विरोध में कोलंबो में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया। जनवरी 2015 से नवंबर 2019 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे मैत्रीपाला सिरिसेना ने कहा, ''हमारा देश बहुत ही खुले लोकतांत्रिक तौर-तरीकों का आदी है। लेकिन इस तरह की कार्रवाई उन बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ है।''



श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट (एसएलपीपी) के महासचिव सागर करियावासम ने कहा कि उनकी पार्टी विक्रमसिंघे की नीतियों से असहमत है, लेकिन सरकार द्वारा डरा-धमकाकर विपक्ष को चुप कराने के इस प्रयास का विरोध करना होगा।

इस बीच, कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल ने रविवार सुबह बताया कि 76 वर्षीय विक्रमसिंघे अब भी गहन चिकित्सा इकाई में हैं। अस्पताल की निदेशक डॉ. रुखशान बेलाना ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब भी निर्जलीकरण की स्थिति के कारण निगरानी में हैं।

जेल के प्रवक्ता जगत वीरसिंघे ने बताया कि विक्रमसिंघे के रक्त शर्करा और रक्तचाप के उच्च स्तर के कारण उन्हें जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोपहर तक उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और जेल के चिकित्सकों ने उन्हें कोलंबो स्थित राष्ट्रीय अस्पताल में स्थानांतरित करने की सलाह दी।

विक्रमसिंघे को पहले आपातकालीन देखभाल इकाई में रखा गया, लेकिन बाद में उन्हें कोलंबो राष्ट्रीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया।



## संक्षिप्त खबरें



### गांगुली एसए 20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच नियुक्त

**सेंचुरियन, (भाषा)** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को रविवार को 2026 सत्र से पहले एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।''यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे। 2018 और 2019 के बीच गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक थे। बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है जो दिल्ली कैपिटल्स का सह-मालिक है। गांगुली को पिछले साल जेएसडब्ल्यू का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया था। ट्रॉट को एसए20 के 2025 सत्र से पहले मुख्य कोच नियुक्त किया गया था लेकिन फ्रेंचाइजी 10 ग्रुप मैचों में से केवल दो जीत के साथ नॉक-आउट में पहुंचने में विफल रही और छह टीमों की टी20 लीग तालिका में पांचवें स्थान पर रही।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में सेन और सिंधू के सामने कड़ी चुनौती

**पेरिस, (भाषा)** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पी वी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं। अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है।

चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का मिलेगा फायदा

# मीराबाई की वापसी, भारोत्तोलकों की नजरें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पदक जुटाने पर

**अहमदाबाद, (भाषा)** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है।



हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। इकतीस वर्षीय मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की तैयारी में जुटी चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं झोंकेंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है।

उन्होंने शनिवार को कहा, ''मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।'' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है।

जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।



## भारतीय क्रिकेट जगत ने पुजारा के धैर्य और जज्बे की सराहना की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय क्रिकेट जगत ने रविवार को खेल के सभी प्रारूप से संन्यास लेने वाले स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ भाव से खेलने के लिए जमकर सराहना की। पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले और 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा, ''जब तूफान आया तो वह डटे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रही थीं तब उन्होंने अपना जुझारूपन दिखाया। पुज्जी को बधाई।''पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने राष्ट्रीय टीम के प्रति पुजारा की प्रतिबद्धता की सराहना की।

युवराज ने लिखा, ''ऐसा व्यक्ति जिसने हमेशा अपना मन, शरीर और आत्मा देश के लिए लगा दी। शानदार करियर के लिए बहुत-बहुत बधाई पूजी। फिर मिलेंगे।''भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, ''उनका साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प स्पष्ट दिखाई दिया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट में उन्हें जो चोटें लगीं, वे मेरे लिए पुजारा के उस क्रिकेटर का प्रतीक हैं जो अपने देश के लिए अपना सब कुछ झोंक देता है। शाबाश और आपको दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं।''पुजारा के करियर के दौरान भारत के कोच रहे अनिल कुंबले ने कहा, ''शानदार करियर के लिए बधाई ! आप इस अद्भुत खेल के एक महान दूत रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर आपकी सभी उपलब्धियों पर हम सभी को गर्व है।'' कुंबले ने लिखा, ''आपने टीम के लिए अपना सबकुछ झोंक दिया। आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात थी और आप अपनी दूसरी पारी में भी इसी तरह चमकते रहें।

### गुकेश का सामना फ़िरोज़ा और प्रज्ञाननंदा का डूडा से

**सेंट लुई (भाषा)** विश्व चैम्पियन डी गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।

चयन समिति ने हाल में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए टीम चुनी

# पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक और एक दशक से अधिक समय तक टेस्ट क्रिकेट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे उनके शानदार टेस्ट करियर का अंत हो गया। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी में सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।



पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था। पुजारा ने कहा, ''राजकोट के छोटे से शहर से एक छोटे लड़के के रूप में मैंने अपने माता-पिता के साथ सितारों में शामिल होने का लक्ष्य बनाया और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा। मुझे तब पता नहीं था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा। इस खेल ने मुझे अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया।''

पुजारा ने भावुक होते हुए कहा, ''भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना - इसका वास्तविक अर्थ शब्दों में बयां करना असंभव है। लेकिन जैसा कि सभी चीजों का अंत होता है और मैंने भी भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है।''

टेस्ट क्रिकेट के विशेषज्ञ बल्लेबाज पुजारा का संन्यास लेने का फैसला पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं था, क्योंकि टीम के दो अन्य दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, जबकि उनके एक अन्य साथी आर अश्विन ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास ले लिया था। पुजारा ने अपने टेस्ट करियर में 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए। वह भारत के सर्वकालिक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में आठवें स्थान पर हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 21301 रन भी बनाए हैं। उम्मीद की जा रही थी कि पुजारा आगामी घरेलू सत्र में सौराष्ट्र की तरफ से खेलेंगे लेकिन इस स्टार बल्लेबाज ने सोचा कि यह क्रिकेट को अलविदा कहने का सही समय है।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने पीटीआई से कहा, ''हमें उम्मीद थी कि वह आगामी सत्र में खेलेंगे, लेकिन हम उनके फ़ैसले का सम्मान करते हैं। सौराष्ट्र और भारतीय क्रिकेट के लिए वह एक महान खिलाड़ी रहे हैं।

नई दिल्ली, सोमवार 25 अगस्त 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



किसी विकास परियोजना में कोई खामी मिली, गुणवत्ता से समझौता किया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय है। हर परियोजना के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बलिया पर आए हुए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुना व उचित कार्रवाई सुनिश्चित किया।




# हर प्रोजेक्ट के लिए तय होगी अफसरों की जवाबदेही: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में की विकास परियोजनाओं की समीक्षा

(अशोक लोहिया)

**गोरखपुर,** ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि हर विकास परियोजना को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। हर परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी बनाया जाए जो कार्य की नियमित निगरानी करें। यदि किसी परियोजना में ठेकेदार की लापरवाही मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। किसी विकास परियोजना में कोई खामी मिली, गुणवत्ता से समझौता किया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय है। हर परियोजना के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री, रविवार को दोपहर बाद गोरखपुर के एनेक्सी भवन में जिले में जारी विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। गोरखपुर में चल रही विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास कार्यों से गोरखपुर के प्रति पूरे देश में मजबूत सकारात्मक धारणा बनी है। विकास कार्यों में किसी भी तरह का व्यवधान नहीं आना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वह हर विकास परियोजना की प्रगति की जानकारी उस प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी से खुद लेते रहें। सीएम ने पीएसी महिला बटालियन, खजांची बाजार, पादरी बाजार, बरगदवा, गोरखनाथ, पैडलेगंज-



नौसढ़ फ्लाईओवर, भोपा बाजार ओवरब्रिज सहित सभी बड़ी विकास परियोजनाओं में तेजी लाते हुए निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बीमारियों से बचाव को चलाएं जागरूकता अभियानसमीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूर्वांचल के लिए अभिशाप रहे इंसेफेलाइटिस (जेई और एईएस)को नियंत्रित कर लिया गया है। पर, सतत सावधानी की जरूरत है। इसी तरह डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जनता को जागरूक करते रहना होगा। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता और स्वच्छता से जुड़े अभियान चलाए जाएं। जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार को बढ़ाया जाए। यह कार्य सभी नगर निकायों में हो। पनपने न दें मेडिकल माफिया मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में माफियाराज को ध्वस्त कर दिया गया है। मेडिकल पेशे में कभी-कभी एम्बुलेंस माफिया या मरीजों को भर्ती कराने में बिचौलियों के खेल की शिकायतें आती हैं। इस पर सतत सख्ती जरूरी है। ऐसी कार्रवाई की जाए जिससे मेडिकल फील्ड में कोई माफिया पनपने न पाए। न लगने पाए जाम, स्ट्रीट वेंडर्स का करें व्यवस्थित पुनर्वाससीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर की प्रतिस्पर्धा बड़े स्मार्ट शहरों से हो रही है। ऐसे में सुगम यातायात अपरिहार्य है। यातायात पुलिस और नगर निगम मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे शहर में कहीं जाम न लगने पाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सड़क पर ठेले-खोमचे न लगें। इसके लिए स्ट्रीट वेंडर्स का व्यवस्थित पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। यूनिफॉर्म में ही आएं सरकारी स्कूलों के बच्चेमुख्यमंत्री ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों

- किसी परियोजना में खामी मिली तो संबंधित लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्रीविकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें नोडल अधिकारी : मुख्यमंत्री

के यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा आदि के लिए सरकार उनके अभिभावकों के बैंक खातों में धनराशि भेजती है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाए कि यह धनराशि इसी के लिए खर्च हो। विद्यालयों की जांच कर यह व्यवस्था बनाई जाए कि बच्चे यूनिफॉर्म में ही स्कूल आएं। इससे बच्चों के बीच समन्वय और सकारात्मक, अनुशासित माहौल बनेगा।

जनप्रतिनिधियों को कराएं बाल वाटिका का भ्रमणमुख्यमंत्री ने जिले में बच्चों के लिए प्री स्कूलिंग से पहले खोले गए बाल वाटिका की जानकारी ली। बताया कि यह एक शानदार पहल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों को भी बाल वाटिका का भ्रमण कराएं और जरूरत पड़ने पर बाल वाटिका के लिए उनका सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए संचालित प्रोजेक्ट अलंकार की भी समीक्षा की और कहा कि इसके तहत हो रहे निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट में तेजी से हो कामसीएम योगी ने शहर में जलजमाव दूर करने के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गोड़धोइया नाला की भी समीक्षा की। कहा कि इसके निर्माण में और तेजी लाने की आवश्यकता है। बरसात से अगर काम प्रभावित हो रहा हो तो वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर काम को सुचारू तरीके से आगे बढ़ाया जाए। एसटीपी बनाने वाली फर्म ही करे दस साल अनुरक्षणमुख्यमंत्री ने शहर में अमृत योजना के तहत एसटीपी निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण के बाद मेंटीनेंस भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि निर्माण कराने वाली फर्म से अगले दस साल के अनुरक्षण के लिए भी एग्रीमेंट होना चाहिए।

कहीं पेड़ काटना पड़े तो नया पौधा लगाना भी सुनिश्चित करेंमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी विकास परियोजना को आगे बढ़ाने में यदि कहीं पेड़ काटना पड़े तो उसके एवज में नया पौधा लगाना भी सुनिश्चित किया जाए। पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी जरूर लगाया जाए। समीक्षा बैठक में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सीपी चंद और प्रशासन व विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नव श्री धार्मिक लीला कमेटी द्वारा भूमि पूजन समारोह का भव्य आयोजन



**नई दिल्ली,** नव श्री धार्मिक लीला कमेटी (पंजी.), गांधी मैदान रामलीला द्वारा आज लाल किला ग्राउंड, 15 अगस्त पार्क, दिल्ली में भूमि पूजन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति की 68 वर्षों की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसने दिल्ली की सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को सहेजते हुए समाज में नई ऊर्जा का संचार किया।कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्यजनों की उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन और भी गरिमामयी बन गया।इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई:

श्री अनिल गुप्ता (चेयरमैन) , श्री हरीचंद अग्रवाल (प्रधान), श्री जगमोहन गोयल (महामंत्री), श्री प्रकाश चंद बराठी (मंत्री), श्री प्रेम सिंघानिया (कोषाध्यक्ष) , श्री अशोक मित्तल (निर्माण मंत्री, श्री ओ. पी. तायल (लीला मंत्री), श्री रघुवंश सिंगल (उपाध्यक्ष)श्री मनोज कुमार जैन, निगम पार्षद (मनोनित) ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में धार्मिक एकता एवं सांस्कृतिक जागरूकता को भी सुदृढ़ करने वाला है।

## ग्रेटर नोएडा में श्री धार्मिक रामलीला का भूमि पूजन संपन्न

# राजस्थान के कलाकारों संग एलईडी डिस्प्ले पर होगा भगवान राम की लीलाओं का भव्य मंचन

मौहम्मद इल्यास- ₹दनकौरी₹



**ग्रेटर नोएडा** परम पूज्य श्रद्धेय गोस्वामी सुशील जी महाराज के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा इस बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लीलाओं का ऐतिहासिक मंचन करने जा रही है।

इस श्रृंखला का प्रथम चरण भूमि पूजन आज भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेवर के माननीय विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह तथा विशेष अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों द्वारा किया जाएगा। मंचन को आधुनिक तकनीकों और एलईडी डिस्प्ले बैकग्राउंड से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रभु की लीलाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता तेजा गुर्जर, विजेंद्र भाटी, सतीश भाटी, के पी कसाना, समाजसेवी सविन्द्र भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी, महाप्रबंधक आर के भारती, वीरेंद्र डाढ़ा, राजे कसाना, दीपक नागर (पुत्र विधायक दादरी तेजपाल), देवेंद्र टाइगर, दीपक भाटी, सतपाल नागर, वी. पी. नमानी, सुनील भाटी, अर्पित तिवारी, मनोज भाटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

रामलीला कमेटी के संस्थापक गोस्वामी सुशील जी महाराज, राजकुमार नागर, पं. प्रदीप शर्मा, शेर सिंह भाटी, हरवीर मावी, मुख्य संरक्षक नरेश गुप्ता, सुशील नागर, धीरेंद्र भाटी, मनोज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पवन नागर, बाल किशन सफीपुर तथा पदाधिकारी — अध्यक्ष आनंद भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा बदौली, सुभाष भाटी, उमेश गौतम, योगेंद्र भाटी, मनीष डाबर, रौशनी सिंह, चैनपाल प्रधान, मीडिया प्रभारी अतुल आनंद, उपाध्यक्ष जितेंद्र भाटी, सत्यवीर मुखिया, फिरे प्रधान, पी. पी. शर्मा, रकम सिंह, सुनील बंसल, सचिव विमलेश रावल, ज्योति सिंह, वीरपाल मावी, जयदीप सिंह, गीता सागर, यशपाल नागर सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# असम में तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, सात करोड़ रुपये मूल्य की मॉर्फिन जब्त

गुवाहाटी, (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में अलग-अलग अभियान के दौरान मादक पदार्थ के तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से सात करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मॉर्फिन और याबा टैबलेट सहित प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है।

शर्मा ने बताया कि श्रीभूमि जिले में दो और कार्बी आंगलोंग में शनिवार को एक अभियान चलाया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, ''नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। श्रीभूमि पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों में कल रात तीन करोड़ रुपये से ज़्यादा कीमत की 20,000 याबा टैबलेट बरामद की गईं।'' मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। याबा टैबलेट भारत में अवैध है, क्योंकि इसमें मेथामफेटामीन होता है, जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची-2 पदार्थ है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आर्थिक प्रगति की बुनियाद को मजबूत करने का कार्य करेगा






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश पर प्रदेशों में लगातार विभिन्न निर्वाचनों लोकसभा, विधानसभा, जिला पंचायत, नगर निकाय, सहकारिता, विभिन्न प्रकार के विधान परिषद के कारण सरकारी और प्रशासनिक अमला , मशीनरी की लगातार चुनावी व्यस्तता एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकारों के माननीय प्रधानमंत्री , माननीय मुख्यमंत्री गण एवं मंत्रीगण ,सांसद, विधायकों आदि के अपने दलगत चुनाव प्रचार में व्यस्तता के एवं आचार संहिता लगने के कारण विकास के कार्य लगभग ठप्प जाते हैं, जिसका नुकसान आम जनता को होता है, आवश्यक जन सुविधाओं और अनेक प्रतिबंधों के कारण उद्योग, व्यापार सर्वाधिक प्रभावित होता है, व्यापारिक लेनदेन एवं माल की आवाजाहि ट्रांसपोर्टेशन भी बंद हो जाता है,आकलन किया गया है कि एक देश से एक चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जाने पर देश पर करीब 4:50 लाख करोड़ का व्यय भार कम होगा, जिससे विकास के कार्यों को और तेज गति मिलेगी।

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सभागार में देश के सभी उद्यमी व्यापारी संगठनों द्वारा आयोजित उद्यमी व्यापारी नेतृत्व सम्मेलन के अवसर पर देश के शीर्ष उद्यमी, व्यापारी संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने उपरोक्त विचार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दिए गए सुझावों का पूर्ण समर्थन किया है तथा संपूर्ण देश के 10 करोड़ उद्यमी, व्यापारी, व्यवसायियों, कारोबारीयों, एमएसएमई , स्टार्टअप, युवा, महिला उद्यमियों को आवाहन किया है कि देश हित व्यापारिक उन्नति और प्रगति के हित में देश को विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाएं, विदेशी भगाएं के साथ-साथ एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प व्यक्त करने को अपनी क्षमता और सामर्थ का उपयोग करें,कार्यक्रम में देश के कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं देश के वाणिज्य एवं विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ मंत्री श्री पीयूष गोयल जी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील बंसल जी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं संयोजक श्री ओमप्रकाश धनगर जी, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुनील संघी जी एवं अनेक सांसदों, विधायकों, मंत्रियों के विचारों का समर्थन करते हुए उन विचारों पर अमल देश क्षेत्र में आवश्यक बताया है।

# छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





नई दिल्ली। आज छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति एवं .फ्रीडम ब्लड़ सेंटर के तत्वावधान में मुख्य चौक शाहदरा पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

संस्था संस्थापक, वरिष्ठ भाजपा नेता, अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट श्री जय भगवान गोयल ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि यह किसी भी ज़रूरतमंद को जीवनदान देने के बराबर है। इस अवसर पर समिति ने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में नियमित अंतराल पर ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्हांने कहा कि सन् 1998 से अब तक संस्था समय-समय पर रक्त दान शिविर का आयोजन करती रहती है।

शिविर में उपस्थित डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने लोगों को रक्तदान के महत्व और उससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जागरूक किया। साथ ही समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और सम्मान पत्र भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय सचिव श्री मनदीप गोयल ने कहा "रक्तदान कर हम न केवल एक जीवन बचाते हैं बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और परोपकार की भावना को भी आगे बढ़ाते हैं।"इस अवसर पर सर्वश्री धर्मेन्द्र बेदी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, यूएचएफ), अवध कुमार (संगठन महामंत्री, दिल्ली प्रदेश यूएचएफ), सौरभ मित्तल, अभिषेक जैन, करन सिंह, अंजू, अल्का भदौरिया आदि अन्य संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 484 सड़कें बंद

**शिमला,** (भाषा) हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत कुल 484 सड़कों को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंडी में 245 और कुल्लू में 102 सड़कें बंद कर दी गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 154ए (चंबा-पठानकोट रोड) और एनएच 305 (औट-सैंज रोड) भी बंद हैं। अधिकारियों के मुताबिक, कांगड़ा जिले के नूरपुर इलाके में भारी बारिश के कारण पठानकोट से मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग को जाने वाली सड़क पर कंडवाल से जाछ के बीच भीषण जाम लग गया, जिससे यातायात घंटों ठप रहा।

# एशियन स्कूल के अन्तर्राष्ट्रीय बॉक्सर यश कापड़ी का आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पूणे (महाराष्ट्र) के लिए हुआ चयन





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तराखण्ड खेल भूमि / देवभूमि से यश कापड़ी, एशियन स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी का आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पूणे हेतु चयन होने पर एशियन स्कूल में खुशी की लहर है।पहली बार पिथौरागढ़ से आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में चयन होने पर सभी खेलप्रेमी एवं शिक्षाविदों ने यश कापड़ी को बधाई दी और उत्तराखण्ड व भारत के लिए खेलने व देश का नाम रोशन करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी।विद्यालय के संस्थापक श्री श्री 1008 डॉ० वीरेन्द्रानंद, महामंडलेश्वर ने बताया कि यश कापड़ी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी हैं। इससे पहले भी यश जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में दो बार अन्तर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म पर खेल चुके हैं। उन्होंने आर्मी स्पोर्ट्स इंडिया में चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य में यश, खेल की दुनियां में देश का गौरव बनेगा।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।